# देशबन्धु

वर्ष – 36 । अंक –89 । भोपाल, मंगलवार, 1 अप्रैल 2025 । पृष्ठ–8 । मूल्य – 2.00 रुपए



एक-एक आवेदन धर्मग्रंथ की तरह पूजें,जल्द करें निराकरण : सिंधिया पृष्ठ 2

▸ पत्रकारिता में पहुंच बनाती 'कृत्रिम बुद्धिमत्ता'
▸ तकनीक के तनाव : मोबाइल पर जुआ? पृष्ठ 4

▸ मानव श्रृंखला बनाकर दिया जल संरक्षण का संदेश पृष्ठ 6

सुदूर क्षेत्रों में आसान होगा आवागमन पृष्ठ 8


पंजाब के कई जिलों में हुए विरोध प्रदर्शन

# किसानों ने मंत्रियों-विधायकों के घरों का घेराव किया



**अमृतसर, एजेंसी।** पंजाब में किसान मजदूर मोर्चा और संयुक्त किसान मोर्चा (गैर-राजनीतिक) के नेतृत्व में किसानों ने राज्य के 17 जिलों में 35 स्थानों पर विरोध प्रदर्शन किया। पंजाब सरकार के मंत्रियों और विधायकों के घरों के बाहर यह घेराव दोपहर 12 बजे से शाम 4 बजे तक चला। किसान नेता सरवन सिंह पंधेर ने जानकारी दी कि यह प्रदर्शन चार घंटे तक जारी रहा।

किसानों ने अमृतसर के जगदेव कलां गांव में कैबिनेट मंत्री कुलदीप सिंह धालीवाल के घर के बाहर धरना दिया। इस मौके पर किसान नेताओं ने सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की और अपनी मांगें दोहराईं। किसान नेता सरवन सिंह पंधेर ने कहा कि हम विभिन्न जगहों पर सरकार के खिलाफ प्रदर्शन कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि पंजाब सरकार ने खनौरी और शंभू बॉर्डर पर किसानों पर जुल्म किया। हमारे किसान नेताओं को पीटा गया और इस पर कोई कार्रवाई नहीं हुई। इस वजह से हम विरोध प्रदर्शन कर रहे हैं। उन्होंने पंजाब सरकार के साथ-साथ केंद्र सरकार पर भी निशाना साधा।

सीएम भगवंत मान पर निशाना साधते हुए पंधेर ने कहा कि पहले आप कहते थे कि मोदी सरकार ने रास्ते बंद कर रखे हैं, लेकिन अब वह कह रहे हैं कि रास्ते बंद होने से पंजाब में व्यवसाय को नुकसान हो रहा है। उन्होंने राज्य सरकार से सवाल किया कि बॉर्डर खुल जाने से कितना फायदा हुआ? इसका जवाब दें।

उन्होंने आरोप लगाया कि 20 मार्च को शंभू मोर्चे पर किसान नेता बलवंत सिंह बेहरामके पर लाठीचार्ज करने वाले एसएचओ हरप्रीत सिंह को अब तक बर्खास्त नहीं किया गया है। किसान संगठनों ने इस अधिकारी को तत्काल नौकरी से हटाने की मांग की। किसान नेता सरवन सिंह पंधेर ने कहा कि अमृतसर के जंडियाला विधानसभा क्षेत्र में कैबिनेट मंत्री हरभजन सिंह ईटीओ के घर के बाहर भी विरोध प्रदर्शन किया गया। उन्होंने साफ किया कि जब तक सरकार उनकी सभी मांगों को स्वीकार नहीं कर लेती, तब तक यह विरोध प्रदर्शन जारी रहेगा।

किसान नेताओं ने कहा कि केंद्र सरकार से उनकी 12 मांगें हैं, जो एमएसपी गारंटी कानून, कर्ज माफी, और अन्य किसान हितैषी नीतियों से जुड़ी हुई हैं। किसान नेताओं ने पंजाब सरकार से शंभू और खनौरी सीमाओं पर लगाए गए बैरिकेड्स को हटाने और वहां पुलिस कार्रवाई के दौरान किसानों से छीने गए सामान की भरपाई करने की मांग की।

वक्फ बिल पारित कराने की तैयारी में सरकार, रिजिजू बोले-

# मुसलमानों को गुमराह किया जा रहा



**नई दिल्ली, एजेंसी।** केंद्र सरकार संसद में वक्फ संशोधन विधेयक लाने की तैयारी में है। वक्फ संशोधन बिल को 2 अप्रैल को संसद में पेश किया जा सकता है। सरकार पहले लोकसभा में बिल पेश करेगी। सत्र 4 अप्रैल तक चलेगा। संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने कहा कि हम संसद में वक्फ संशोधन विधेयक पेश करने की तैयारी कर रहे हैं। बिल पर संसद के बाहर खूब विचार-विमर्श हुए हैं। हमें सदन में बहस और चर्चा में भी जरूर भाग लेना चाहिए। रिजिजू ने कहा कि बिल पर बनी जेपीसी ने लोकतांत्रिक भारत के इतिहास में अब तक की सबसे ज्यादा परामर्श प्रक्रिया का रिकॉर्ड बनाया है। सभी राजनीतिक दलों से अनुरोध है कि लोगों को गुमराह न करें।

उन्होंने कहा कि भोले-भाले मुसलमानों को यह कहकर गुमराह किया जा रहा है कि सरकार मुसलमानों की संपत्ति और अधिकार छीनने जा रही है। इससे पहले गृह मंत्री अमित शाह ने भी एक बातचीत में इसी सत्र में वक्फ बिल संसद में पेश करने की बात कही थी। शाह ने कहा था कि इस बिल से किसी को भी डरने की जरूरत नहीं है। उन्होंने साफ किया कि आलोचना करना सबका अधिकार है, लेकिन उसका कुछ आधार भी होना चाहिए। बकौल रिजिजू, धार्मिक प्रतिबद्धताओं और मान्यताओं से परे जाकर कई संगठन विधेयक का समर्थन कर रहे हैं।

### वक्फ संशोधन विधेयक संविधान पर हमला



वक्फ संशोधन विधेयक पर कांग्रेस सांसद जयराम रमेश ने कहा कि वक्फ (संशोधन) विधेयक संविधान पर सीधा हमला है और इसकी बुनियाद के खिलाफ है। उन्होंने कहा कि हर विपक्षी दल इसका विरोध कर रहा है, लेकिन सवाल यह है कि धर्मनिरपेक्ष पार्टियों जेडी (यू) और टीडीपी का क्या कहना है? उन्होंने कहा कि यह पहली बार था कि समिति में खंड-दर-खंड चर्चा की गई। अगर वे इसे लागू करते हैं, तो हम लोकतांत्रिक तरीके से इसका विरोध करेंगे।

### विरोध में काली पट्टी बांधकर नमाज पढ़ी

ईद के दिन देश में कई जगह नमाज अदा करने के लिए मुस्लिम समाज के लोग वक्फ बिल के विरोध में काली पट्टिया बांधकर पहुंचे। रमजान का आखिरी जुमा के दिन 28 मार्च को ऑल इंडिया मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड ने देशभर के मुसलमानों से काली पट्टी बांधकर नमाज पढ़ने जाने को कहा था।

नई आबकारी नीति लागू

# प्रदेश के 19 धार्मिक क्षेत्रों में शराब दुकानें बंद

### आधी रात से बंद हुईं 47 दुकानें



**भोपाल, देशबन्धु।** मध्य प्रदेश में 1अप्रैल से नई आबकारी नीति-2025 लागू हो जाएगी। इस नीति के तहत मोहन सरकार ने 19 धार्मिक क्षेत्रों में शराब दुकानें बंद करने का निर्णय लिया था, जिसके अनुसार 31 मार्च की आधी रात से इन क्षेत्रों की 47 दुकानें बंद कर दी गई हैं।

यहां पर बार और शराब बैठकर पिलाने की व्यवस्था भी बंद होगी। इन इलाकों में शराब और वाइन आउटलेट्स के लिए नए लाइसेंस जारी नहीं किए जाएंगे और न ही इनका संचालन की अनुमति होगी। पिछले दिनों मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की पहल पर राज्य मंत्रिपरिषद ने प्रदेश के पवित्र क्षेत्रों में शराब की ब्रिकी पर रोक लगाने का निर्णय लिया था, जिनमें राज्य के एक नगर निगम, 6 नगर पालिका, 6 नगर परिषद और 6 ग्राम पंचायतें हैं।

### इन नगरों में शराब बिक्री पर रोक

नई आबकारी नीति के तहत उज्जैन नगर निगम, ओंकारेश्वर नगर पंचायत, महेश्वर नगर पंचायत, मंडलेश्वर नगर पंचायत, ओरछा नगर पंचायत, मैहर नगर पालिका, चित्रकूट नगर पंचायत, दतिया नगर पालिका, पन्ना नगर पालिका, मंडला नगर पालिका, मुलताई नगर पालिका, मंदसौर नगर पालिका, अमरकंटक नगर पंचायत, सलकनपुर ग्राम पंचायत, बरमान कला ग्राम पंचायत, लिंगा ग्राम पंचायत, बरमान खुर्द ग्राम पंचायत, कुंडलपुर ग्राम पंचायत और बांदकपुर ग्राम पंचायत में शराब बिक्री पर रोक लगा दी गई है।

### उज्जैन भैरव मंदिर स्थित दुकान भी होगी बंद

प्रदेश के आबकारी आयुक्त अभिजीत अग्रवाल ने कहा कि प्रदेश की 19 धार्मिक क्षेत्रों की 47दुकानें 1 अप्रैल से बंद हो जाएगी। इसके साथ ही इन क्षेत्रों में संचालित बार भी बंद होंगे। उज्जैन के भैरव मंदिर परिसर में भी शराब की दुकान है, वह भी बंद होगी। भैरव मंदिर में प्राचीन समय से बाबा के दर्शन में मदिरा का भोग लगाने की परंपरा है। लेकिन अब भक्तों को बाहर से शराब लोकर भोग लगाना होगा।

## राहुल ने आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं की समस्याओं को लेकर लिखा अन्नपूर्णा देवी को पत्र



**नई दिल्ली, एजेंसी।** कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष और लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने महिला एवं बाल विकास मंत्री अन्नपूर्णा देवी को पत्र लिख कर आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं की समस्याओं का समाधान करने का उनसे आग्रह किया है। श्रीमती अन्नपूर्णा देवी को लिखे पत्र में श्री गांधी ने आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं की समस्याओं पर उनका ध्यान आकर्षित करते हुए कहा 'आंगनवाड़ी बहनों का भुखमरी, कुपोषण और कोविड के खिलाफ लड़ाई में अहम योगदान है इसलिए, सरकार से तीन कदम उठाने का अनुरोध किया है।' उन्होंने कहा 'आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं के मानदेय के केंद्रीय योगदान में बढ़त हो और सेवानिवृत्त श्रमिकों और सहायकों को ग्रेच्युटी मिले तथा उनकी कार्य स्थितियों और सामाजिक सुरक्षा में सुधार हो।'




## सार समाचार

### मांझी-केवट समाज 3 अप्रैल को मनाएगा निषाद राज जयंती

**गुना, देशबन्धु।** मांझी-केवट समाज 3 अप्रैल को निषाद राज जयंती मनाएगा। इस मौके पर शहर के हनुमान चौराहा स्थित सत्संग भवन में कई कार्यक्रमों का आयोजन होगा। जिसमें गुना के अलावा आसपास के क्षेत्र से भी समाज जन शिरकत करेंगे। आयोजन समिति के मुताबिक कार्यक्रम के बाद समाज के वरिष्ठ पदाधिकारी शाम 4 बजे नगरपालिका पहुंचेगें, जहां सीएमओ को आवेदन देकर शहर में निषाद राज चौराहा बनाने की मांग की जाएगी। मांझी-केवट समाज समिति ने जिलेभर के समाजजनों से कार्यक्रम में शामिल होने की अपील की है।

### सनातन सर्व ब्राह्मण समाज की बैठक 8 अप्रैल को

**गुना, देशबन्धु।** सनातन सर्व ब्राह्मण समाज की बैठक 8 अप्रैल को बजरंगगढ़ बाईपास स्थित त्रिमूर्ति भवन पर रखी गई है। समाज के जिला अध्यक्ष पं. रजनीश शर्मा (पिंकू) ने बताया कि बैठक में प्रमुख रूप से 30 अप्रैल को भगवान परशुराम का प्राकट्योत्सव मनाने संबंधी चर्चा की जाएगी। बैठक में तहसील मंडल के पदाधिकारी और स्थानीय विप्रजनों से उपस्थित रहने की अपील की गई है। शर्मा के मुताबिक आयोजन को लेकर समाजजनों से सुझाव भी मांगे गए है।

### सीसीटीवी निगरानी में लग रहा निहाल देवी का मेला



**गुना, देशबन्धु।** चैत्र नवरात्रि के दौरान जिलेभर के देवी मंदिरों में भक्तों के पहुंचने का सिलसिला शुरु हो गया है। जिला मुख्यालय से करीब 55 किलोमीटर दूर स्थित मां निहाल देवी दरबार में भी पहले दिन से ही भक्तों की भीड़ उमड़ रही है। श्रद्धालुओं की सुविधा को देखते हुए स्थानीय प्रशासन और पुलिस सतर्क है और जरूरी इंतजाम किए गए हैं। गौरतलब है कि मां निहाल देवी का दरबार जिले के सिरसी क्षेत्र में स्थित घने जंगलों के बीच विराजमान है। इसके बावजूद नवरात्रि में माता रानी के दर्शन और भक्ति के लिए गुना सहित कई राज्यों के श्रद्धालु यहां पहुंचते हैं और अर्जी लगाते हैं। भक्तों की भारी तादाद को देखते हुए स्थानीय पुलिस द्वारा इस बार दुकानदारों के सहयोग से मेला परिसर में सीसीटीवी कैमरे लगवाए गए है, ताकि मेला की सभी गतिविधियों पर नजर रखी जा सके। पुलिस अधिकारी 24 घंटे मेला परिसर में श्रद्धालुओं और दुकानदारों की सुरक्षा के लिए तैनात नजर आ रहे हैं। थाना प्रभारी अभिषेक तिवारी ने सुरक्षा को पुख्ता बनाने के लिए दुकानदारों को सीसीटीवी लगवाने का सुझाव दिया था, जिसे दुकानदारों ने सहर्ष स्वीकार कर लिया। इसके बाद मंदिर की ओर जाने वाली सीढियों के साथ ही मेला परिसर में जगह-जगह सीसीटीवी कैमरे भी श्रद्धालुओं की सुरक्षा में तैनात हो गए है। आपको बता दें कि मां निहाल देवी मंदिर पर आने वाले श्रद्धालुओं की संख्या में प्रतिवर्ष इजाफा हो रहा है, जबकि सिरसी थाना पुलिस के पास अभी भी पर्याप्त अमला उपलब्ध है। ऐसे में पुलिस की तत्परता से लगवाए गए सीसीटीवी कैमरे मेले की व्यवस्था और सुरक्षा पर नजर रखने में बेहद कारगर साबित होंगे।

### केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य ने बमौरी जनपद पंचायत में की जनसुनवाई

# एक-एक आवेदन धर्मग्रंथ की तरह पूजें, जल्द करें निराकरण-सिंधिया









**बमौरी में 700 आवेदकों ने बताई समस्याएं, 118 का तुरंत समाधान**

**गुना, देशबन्धु।** केंद्रीय संचार एवं पूर्वोत्तर विकास मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने सोमवार को अपने संसदीय क्षेत्र गुना की बमौरी विधानसभा मुख्यालय पर जनसुनवाई शिविर लगाया। इस शिविर में 700 से ज्यादा लोगों ने सिंधिया को आवेदन दिए, जिनमें से 118 शिकायतों का सिंधिया की मौजूदगी में अधिकारियों ने तुरंत निराकरण कर दिया।

बमौरी जनपद पंचायत परिसर में आयोजित जनसुनवाई शिविर में आई शिकायतों के आवेदनों को एक थैले में एकत्रित कर सिंधिया ने गुना कलेक्टर किशोर कुमार कन्याल को सौंपते हुए कहाकि उन्हें मिला एक-एक आवेदन केवल कागज का टुकड़ा नहीं है, बल्कि यह सोने के समान है।

सिंधिया ने कलेक्टर से कहा कि वे एक-एक आवेदन को धर्मग्रंथ की तरह पूजें और इनका जल्द से जल्द निराकरण करें। जनपद पंचायत बमौरी में आयोजित शिविर के दौरान गुना कलेक्टर किशोर कुमार कन्याल के अलावा एसपी संजीव कुमार सिन्हा, एसडीएम शिवानी पाठक, जनपद पंचायत सीईओ पुष्पेंद्र व्यास, तहसीलदार देवदत्त गोलिया सहित कई अधिकारी मौजूद रहे। इस दौरान ज्यादातर आवेदन राजस्व विभाग की समस्याओं से संबंधित आए। अधिकांश लोगों ने पीएम आवास, किसान सम्मान निधि, दिव्यांग पेंशन, ट्यूबवेल खनन अनुमति दिलाने के लिए सिंधिया के सामने गुहार लगाई। ग्राम शेखपुर से आए चिंटूलाल को बटांकन का आदेश सौंपते हुए सिंधिया ने अपने चिर-परिचित अंदाज में उनसे चर्चा की। सिंधिया की बातचीत शैली को देखकर मौके पर मौजूद अधिकारियों और आवेदकों ने जमकर ठहाके लगाए। इस कार्यक्रम के बाद केंद्रीय मंत्री सिंधिया ग्राम डिगडोली रवाना हो गए, जहां उन्होंने होली मिलन समारोह में शिरकत की।

**6 विधानसभा में अब तक 6 हजार आवेदन :** बमौरी में हुई जनसुनवाई के बाद सिंधिया ने बताया कि उन्होंने जनवरी महीने से जनसुनवाई का सिलसिला शुरु किया था। गुना-शिवपुरी लोकसभा क्षेत्र की 6 विधानसभा में सिंधिया शिविर आयोजित कर चुके हैं। इस दौरान 6 हजार 10 आवेदकों ने अपनी समस्याओं को लेकर आवेदन दिए हैं। सिंधिया ने दावा किया कि उन्हें प्राप्त हुए आवेदनों में से 1 हजार 995 आवेदन स्वीकृत हो चुके हैं।

1 हजार 810 आदेश भी संबंधित जिला प्रशासन ने जारी किए हैं। इनमें से 1 हजार 263 आवेदनों को सिंधिया ने अपने पत्र के साथ आवेदकों को प्रतिलिपि पहुंचा दी है। सिंधिया ने बताया कि कुछ आवेदनों में प्रशासन द्वारा गलत आदेश पारित किया है, जिसकी समीक्षा उनके द्वारा की जा रही है। सिंधिया के मुताबिक हर आवेदन को डिजिटलाइज किया जाता है। हर दिन फीडबैक लिया जा रहा है। एक्सल सीट में प्रतीक्षा समीक्षा दर्ज की जा रही है।

**विकास में कसर नहीं छोड़ेगी ट्रिपल इंजन की सरकार :** ज्योतिरादित्य सिंधिया ने बमौरी में कहाकि मध्यप्रदेश में ट्रिपल इंजन की सरकार है, जो विकास में कोई कसर नहीं छोड़ रही है। केंद्रीय मंत्री ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रति आशा-अभिलाषा और मुख्यमंत्री की क्रियान्वयन क्षमता से लोगों की समस्याओं का निराकरण हो रहा है। गुना लोकसभा क्षेत्र में भी निरंतर विकास के आयाम तय किए जा रहे हैं। उन्होंने मध्य प्रदेश में लागू किए गए पीपीपी मॉडल को बेहतरीन बताया। सिंधिया ने कहाकि केंद्र और मध्यप्रदेश सरकारें जनता की सेवा के लिए नतमस्तक है। इसी को ध्यान में रखते हुए जनसुनवाई की जा रही है।

**क्रांति से कम नहीं है अशोकनगर का कॉल सेंटर :** गुना सांसद ज्योतिरादित्य सिंधिया ने एक दिन पहले अशोकनगर जिला मुख्यालय पर विधि महाविद्यालय में स्थापित किए गए कॉल सेंटर के लोकार्पण की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि 4 टेलीकॉम कम्पनियों द्वारा स्थापित यह कॉल सेंटर रोजगार के क्षेत्र में किसी क्रांति से कम नहीं है। फिलहाल इस सेंटर में 250 युवाओं को रोजगार मिला है। जिनका मेहनताना 20 हजार रुपए तक है। भविष्य में इस केंद्र में 500 से 2 हजार युवाओं को रोजगार मिलेगा।

## लोधा-लोधी महासभा ने मनाया वीरांगना अवंती बाई का बलिदान दिवस



**गुना, देशबन्धु।** अखिल भारतीय लोधा लोधी महासभा संगठन ने कुशमौदा स्थित समाज की धर्मशाला पर वीरांगना अवंती बाई लोधी का बलिदान दिवस मनाते हुए उनका स्मरण किया। इस मौके पर समाज की नवीन कार्यकारिणी का भी गठन किया गया, जिसमें 200 सदस्यों को जगह दी गई है।

कार्यक्रम की शुरुआत वीरांगना अवंतीबाई लोधी के चित्र पर पुष्प अर्पित कर माल्यार्पण करने के साथ हुई। समाज जनों ने अपने वक्तव्य में वीरांगना के शौर्य, पराक्रम की जानकारी दी और उनसे प्रेरणा लेने का आह्वान किया। समाजजनों ने कहा कि अवंती बाई लोधी ऐसी योद्धा थी, जिन्होंने बचपन से ही तलवार, घुड़सवारी करना सीखा था । जब अंग्रेजों ने हमला किया तो वीरांगना ने उन्हें मुंह तोड़ जवाब दिया था। अंग्रेजों से लोहा लेते समय अवंती बाई लोधी वीरगति को प्राप्त हो गई। उद्बोधन के बाद समाज की कार्यकारिणी गठित की गई। जिसमें अध्यक्ष गंगाराम मोड़की, युवा अध्यक्ष जशवंत कल्याण सिंह, कार्यवाहक अध्यक्ष बहादुर सिंह, जिला सचिव लल्लू सिंह लोधा, युवा सचिव की जिम्मेदारी मदनलाल को सौंपी गई। कार्यकारिणी में 30 संरक्षक, 5 महामंत्री, 10 उपाध्यक्ष, 20 मंत्री, 10 संगठन मंत्री, 15 प्रचार मंत्री नियुक्त किए गए है। वरिष्ठ पदाधिकारियों ने समाजजनों से एकजुट रहने और मुश्किल परिस्थिति में एक-दूसरे के साथ डटकर खड़े रहने का आह्वान किया। मंच का संचालन लालाराम लोधा ने किया। कार्यक्रम में जिलेभर से बड़ी संख्या में लोधा-लोधी समाज के सदस्य मौजूद रहे।

## अमन-चैन की दुआ के साथ मनाई गई ईद-उल-फितर

**युवाओं ने काली पट्टी बांधकर जताया वक्फ बिल का विरोध**



**गुना, देशबन्धु।** रविवार को चांद का दीदार होने के बाद सोमवार को ईद-उल-फितर का त्यौहार जिलेभर में उत्साह के साथ मनाया गया। गुना जिला मुख्यालय सहित सभी ग्रामीण क्षेत्रों में स्थित ईदगाह स्थलों पर मुस्लिम समाज द्वारा नमाज अदा की गई।

गुना में ईद की विशेष नमाज सुबह 9 बजकर 45 मिनट पर अदा की गई। इस दौरान ईदगाह पर लोगों का जोश और उत्साह देखते ही बन रहा था। शहर काजी ने पूरे एहतमाम के साथ नमाज अदा कराई, जिसमें मुस्लिम समाज की ओर से हमेशा की तरह अमन-चैन और भाईचारे की दुआ मांगी गई। नमाज के बाद समाज के वरिष्ठ पदाधिकारियों ने भी भाईचारा बरकरार रखने की अपील की। साथ ही उत्साह के साथ ईद मनाने का आह्वान किया। इसके बाद एक-दूसरे को मुबारकबाद देने का सिलसिला शुरु हो गया। ईदगाह स्थल पर जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों ने भी मुस्लिम समाज के वरिष्ठ पदाधिकारियों से गले मिलकर ईद की मुबारकबाद दी। दिनभर दावतों का सिलसिला भी जारी रहा। युवाओं में खासा उत्साह नजर आया। हालांकि इस बार प्रस्तावित वक्फ बोर्ड विधेयक को लेकर मुस्लिम समाज में केंद्र सरकार के प्रति नाराजगी देखी गई। विरोध जताने के लिए नमाज पढ़ने आए अधिकांश युवाओं ने अपने हाथ में काली पट्टी बांधी और केंद्र सरकार से वक्फ बिल को वापस लेने की मांग की। समाज की ओर से नमाज और ईद के जश्न में सहयोग करने के लिए जिला प्रशासन और पुलिस का आभार जताया गया।

**बमौरी में भी एक साथ पढ़ी गई नमाज :** बमौरी में ईद की शुरुआत सामूहिक रूप से नमाज अदा करने के साथ हुई। समाज के लोग सुबह 9 बजे बड़ी संख्या में ईदगाह पहुंचे, जहां इमाम मोहम्मद बिलाल ने नमाज अदा करते हुए अमन, चैन की दुआ करवाई और सभी को ईद की मुबारकबाद पेश की। ईद-उल-फितर पर नमाज अदा करने के बाद लोगों ने सेवाइयों की दावत दी। सभी धर्मों के लोगों ने ईद पर एक-दूसरे को बधाई देते हुए बमौरी के भाईचारे को बरकरार रखने की बात कही। इस दौरान दोपहर से ही दावत का सिलसिला शुरु हो गया जो देर रात तक जारी रहा।

### दिनदहाड़े 2 आपराधिक वारदातों से दहला शहर, पुलिस की कार्यशैली पर उठे सवाल

## 2 युवकों पर जानलेवा हमला, आरोपी दबोचे



**छतरपुर, देशबन्धु।** सोमवार को दिनदहाड़े शहर में दो अलग अलग स्थानों पर दो सनसीनखेज आपराधिक वारदातों से शहर के लोग दहल गए। रामनवमी की प्रभात फेरी में पुलिस की मौजूदगी के बावजूद दुस्साहसिक तरीके से तीन युवकों ने छुरा और बका से जानलेवा हमला करके दो युवकों को बुरी तरह से घायल कर दिया। वही एक मकान के विवाद में पन्ना रोड पर तलवार लहराते हुए दो युवकों ने कट्टे से फायरिंग करके दहशत फैलाई है।

श्रीराम सेवा समिति के द्वारा सोमवार को सुबह रोज की तरह शहर में प्रभात फेरी निकाली जा रही थी। सीताराम कॉलोनी की बर्फ फैक्ट्री के पास आदतन अपराधी अभय वर्मा उर्फ बक्कल दादा, डीपी ठाकुर सहित एक अन्य युवक ने प्रभात फेरी में घुसकर साथ चल रहे संजू मिश्रा उर्फ संजू भूरा निवासी छतरपुर पर धारदार छुरा और बका से जानलेवा हमला कर दिया।

अचानक हुए इस हमले वहां भगदड के हालात बन गए। ये नजारा देखकर भाजपा नेता सुरेन्द्र साहू संजू मिश्रा को बचाने के लिए पहुंचे, तभी उन पर भी बका से जानलेवा हमला कर दिया गया। इस हमले में दौनों लोग बुंरी तरह से घायल हो गए। बताते हैं कि बीचबचाव के दौरान एक उपनिरीक्षक प्रदीप शर्मा को भी चोटें आई हैं। मौके पर मौजूद लोगों ने तत्परता से दो आरोपियों को पकडकर पुलिस के सुपुर्द कर दिया, जबकि तीसरा आरोपी भाग गया। जिसे शाम तक कोतवाली पुलिस ने पकड़ लिया है। घायलों को जिला अस्पताल लाया गया, यहां से सुरेन्द्र साहू की हालत नाजुक होने से उसे मेडीकल कालेज ग्वालियर रेफर कर दिया गया है।

### *भवन पर कब्जा करने पहुंचे युवकों ने की फायरिंग*

*छतरपुर शहर में ही सिविल लाइन थाने के अंतर्गत पन्ना रोड पर रेडियो कालोनी के पास सोमवार की दोपहर एक भवन पर कब्जे को लेकर दो पक्षों में विवाद हो गया, जिसके बाद एक पक्ष के लोगों तलवार लहराते हुए देसी कटटे से फायरिंग करके दहशत फैला दी। घटना की जानकारी मिलते ही सिविल लाइन थाना पुलिस ने मौके पर जाकर एक युवक को पकड़ लिया है। उससे पूछताछ की जा रही है। जानकारी के मुताबिक रेडियो कॉलोनी के पास स्थित संजू यादव का योगा कुलम भवन उसके परिवार के लोगों द्वारा उसकी सहमति के बिना ही पुष्पेन्द्र पटेल को बेच दिया था। इसके बाद संजू यादव ने न्यायालय की शरण ली, जहां ये मामला विचाराधनी है।*

## शीतला माता मंदिर के सामने नाले में मिले मवेशियों के अवशेष



**बदबू से परेशान स्थानीय लोगों ने कोतवाली में की शिकायत**

**गुना, देशबन्धु।** निचला बाजार के नजदीक स्थित शीतला माता मंदिर के सामने से गुजर रहे नाले में मृत जानवरों के अवशेष पाए गए है। नाले से बदबू आने पर स्थानीय लोगों को परेशानी हुई तो उन्होंने शहर कोतवाली पुलिस को सूचना दे दी। इसके बाद नगरपालिका की जेसीबी मौके पर भेजी गई, जिसकी मदद से नाले की सफाई तो करा दी गई है पर, अभी भी लोगों को पर्याप्त राहत नहीं मिल सकी है।

शीतला माता मंदिर क्षेत्र के सामने से बहने वाले नाले की लम्बे समय से सफाई नहीं हुई है। इसी मंदिर के आसपास मछली विक्रेता अपने स्टॉल लगा देते हैं। वहीं सोमवार को नाले के नजदीक रहने वाले लोगों को भयंकर बदबू का सामना करना पड़ा तो उन्होंने अपने स्तर पर तस्दीक की। इस दौरान पता चला कि मृत मवेशियों के अवशेष नाले में सड़ रहे हैं, जिसकी बदबू से परेशानी हो रही है।

नवरात्रि का दूसरा दिन होने की वजह से श्रद्धालु भी सोमवार को बड़ी संख्या में पहुंचे थे, जिन्होंने बदबू की शिकायत की और स्थानीय लोग सक्रिय होकर कोतवाली पहुंच गए। पुलिस यह तस्दीक करने के लिए पहुंची थी कि जिन मवेशियों के अवशेष मिले हैं उन्हें फेंका गया है फिर नाले के आसपास ही उनकी मौत हो गई है। पुलिस इस मामले की फिलहाल जांच में जुटी हुई है। लेकिन इससे पहले लोगों को तुरंत राहत दिलाने के उद्देश्य से नगरपालिका को सूचित किया गया। जहां से मौके पर जेसीबी भेजी गई। नगरपालिका ने नाले से मृत मवेशियों के अवशेष निकालकर दफना दिए हैं, जबकि नाले में ही भारी मात्रा में बहने वाले कचरे को निकालकर फिकवा दिया गया है। लोगों ने बताया कि उन्हें थोड़ी राहत को मिल गई है, लेकिन जब तक नाले की पूरी तरह सफाई नहीं हो जाती है तब तक परेशानी बरकरार रहेगी। स्थानीय नागरिकों ने नगरपालिका ने अभियान चलाकर नाले की सफाई कराने की मांग की है।

### भगवान बिरसा मुंडा के वंशजों को किया सलाम

## आदिवासी नृत्य पर थिरके केंद्रीय मंत्री सिंधिया, जमकर बजाया ढोल



**गुना, देशबन्धु।** केंद्रीय मंत्री और क्षेत्रीय सांसद ज्योतिरादित्य सिंधिया बमौरी क्षेत्र के डिगडोली गांव में आदिवासी नृत्य पर जमकर नृत्य करते नजर आए। सिंधिया यहां आदिवासी, सहरिया, भील समाज द्वारा आयोजित होली मिलन समारोह में शिरकत करने पहुंचे थे।

डिगडोली में आयोजित होली मिलन समारोह के दौरान आदिवासी और भील समाज ने अपना उत्साह प्रदर्शित करते हुए पारम्परिक नृत्य करना शुरु कर दिया। इस दौरान सिंधिया ने आदिवासी समुदाय का प्रतिनिधित्व करने वाला जैकेट पहना और समुदाय की महिलाओं के बीच नृत्य करने पहुंच गए। धीरे-धीरे युवाओं की टोली ने सिंधिया को घेर लिया तो केंद्रीय मंत्री पूरी तरह आदिवासी रंग में रंगे हुए नजर आए। उन्होंने कार्यक्रम में संगीत उपलब्ध कराने की भूमिका निभा रहे एक व्यक्ति से ढोल मांगा और उसे आदिवासी परम्परा के अनुसार ही बजाने लगे। यह देखकर आदिवासी समाज आनंदित हो गया कि उसने सिंधिया के साथ सुध-बुध खोकर नृत्य करना शुरु कर दिया।

सिंधिया ने परम्परागत नृत्य की तमाम विधाओं में नृत्य किया, इसे देखकर पूरा समाज सिंधिया के जयकारे लगाता नजर आया। सिंधिया का यह वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। वहीं कार्यक्रम को संबोधित करते हुए केंद्रीय मंत्री ने शायरना अंदाज में कहाकि- जो आज भारत वर्ष का नाम है, उस पर ताज मेरा आदिवासी समाज है। सिंधिया ने भगवान बिरसा मुंडा के वंशजों (आदिवासी-भील समाज) को सलाम किया है।

## दो दिन में आधा दर्जन से अधिक आईपीएल सटोरियों को पकड़ा

**छतरपुर, देशबन्धु।** क्रिकेट महाकुंभ कही जाने वाली इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के मुकाबलों को लेकर सक्रिय आधा दर्जन सटोरियों पर पुलिस ने कार्यवाही की है।

लाइन थाना प्रभारी निरीक्षक वाल्मीकि चौबे ने बताया पिछले दो दिनों में तीन स्थानों पर कार्रवाई की है। पहली कार्रवाई पन्ना रोड के वेयरहाउस के पास चाय की टपरी पर की है, जहां आईपीएल के मुकाबलों पर सट्टा लगाया जा रहा था। यहां से आरोपी अनिकेश पुत्र रघुराज अहिरवार निवासी पूजा ढाबा के पास पन्ना रोड छतरपुर को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से मोबाइल फोन और नगद राशि बरामद की गई। दूसरी कार्रवाई में शहर के देरी रोड पर विनेश कुमार पुत्र बद्री प्रसाद बाजपेई को पकड़ा है, जो सट्टा खिला रहा था। उसके कब्जे से दो मोबाइल फोन जप्त किए गए, साथ ही उसके द्वारा दी गई लिंक पर सट्टा खेलने वाले राजा ठाकुर को भी पकड़ा गया है।

## ईद का उल्लास : सामूहिक नमाज के साथ अमन चैन के लिए मांगी दुआ



**छतरपुर, देशबन्धु।** सोमवार को सुबह शहर के मुस्लिम समुदाय के लोग बड़ी ईदगाह में सामूहिक नमाज में शामिल हुए। सभी ने एक साथ देश में अमनोचैन के लिए दुआ मांगी। इस दौरान पूरे शहर सहित जिले में पुलिस ने कड़ी सुरक्षा व्यवस्था की गई थी।

दीनी पोशाक में नमाज के बाद लोगों ने एक-दूसरे को गले लगाकर ईद की मुबारकबाद दी। ईदगाह में कलेक्टर पार्थ जायसवाल, एसपी अगम जैन, एएसपी विदिता डागर, सीएसपी अमन मिश्रा सहित कई नेता और समाजसेवी मौजूद थे, जिन्होंने मुस्लिम समाज के लोगों को ईद की मुबारकबाद दी। पूरे दिन शहर में ईद का उल्लास छाया रहा। शहर में गंगा जमनी संस्कृति की अनूठी झलक देखने को मिली। दोपहर से देर रात तक घरों में मीठी सिंवई और अन्य पारंपरिक पकवानों की दावत का क्रम चलता रहा है। कलेक्टर श्री जायसवाल ने बताया पूरे जिले सहित छतरपुर शहर में माहौल शांतिपूर्ण है। हर गली, चौराहे पर पुलिस बल तैनात है। प्रशासनिक अधिकारी भी हर स्थिति पर नजर रखे हुए हैं। एसपी श्री जैन ने बताया जिले के अलग-अलग स्थानों पर इबादत की गई। शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए पूरे जिले में पुलिस बल तैनात किया गया है। सोशल मीडिया पर सायबर सेल की टीम निगाह रखे हुए है।

# गले मिलकर कहा-ईद मुबारक



**भोपाल,देशबन्धु।** मुस्लिम समुदाय का सबसे बड़ा पर्व ईद आज राजधानी भोपाल में हर्षोल्लास से मनाया गया। इस अवसर पर मुस्लिम समुदाय के लोगों ने जहां ईद की विशेष नमाज अता की। वहीं एक- दूसरे से गले मिलकर पर्व की मुबारकबाद दी।

राजधानी भोपाल में आज ईद की नमाज सबसे पहले ईदगाह में हुई। इसमें शामिल होने के लिए मुस्लिम धर्माबलंबियों का सुबह से ही ईदगाह की ओर रवाना होना शुरु हो गए थे। यहां निर्धारित समय पर नमाज अता करने के बाद अमनो-अमन की दुआ की गई। तत्पश्चात लोगों ने एक दूसरे को पर्व की बधाई दी। ईदगाह के अलावा ताजुल मस्जिद, जामा मस्जिद, आरिफ नगर मस्जिद, मोती मस्जिद, सहित कई अन्य मस्जिदों में भी ईद की विशेष नमाज पढ़ी गई। ईद की नमाज के बाद मुस्लिम समुदाय के लोगों ने घर पर आने वाले लोगों को सिवैंया खिलाकर मुंह मीठा कराया।

**सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम:** ईद पर्व के मद्देनजर आज शहर में सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए थे। ईदगाह सहित उन सभी मस्जिदों, जहां ईद की नमाज होनी थी, के अलावा सभी प्रमुख चौराहों और संवेदनशील क्षेत्रों में अतिरिक्त सुरक्षा बल तैनात किया गया था। वहीं ईदगाह पर नमाज के दौरान आम यातायात भी परिवर्तित किया गया था।

## वक्फ बिल के विरोध में काली पट्टी बांधकर पढ़ी नमाज

**भोपाल,देशबन्धु।** भोपाल में ईद पर वक्फ संशोधन बिल के विरोध में कई लोगों ने अपनी बांह पर काली पट्टी बांध कर नमाज पढ़ी। ईदगाह के बाहर कुछ युवा फिलिस्तीन के समर्थन में बैनर लेकर खड़े नजर आए। मोती मस्जिद में यमन और फिलिस्तीन के साथ वक्फ बोर्ड की जायदाद की हिफाजत के लिए भी दुआ पढ़ी गई।



### सारंग ने कहा- बिना पढ़े विरोध गलत

ईद पर हुए इस घटना क्रम पर भाजपा नेताओं ने तीखी प्रतिक्रियाएं दी हैं। मंत्री विश्वास सारंग ने कहा, बिना बिल पढ़े उसका विरोध करना गलत है। सारंग ने कहा, जब पाकिस्तान आतंकवादी हमला करता है, बांग्लादेश में हिंदुओं पर अत्याचार होते हैं और कश्मीर में पंडितों पर जुल्म होता है, तब काली पट्टी क्यों नहीं बांधी जाती? उन्होंने यह भी कहा कि वक्फ संपत्तियों से गरीब मुसलमानों को कोई लाभ नहीं मिला है। इसका फायदा केवल अमीर मुस्लिम नेताओं और बेजा कब्जा करने वालों ने उठाया है। फिलीस्तीन के समर्थन वाले बैनर पर सारंग ने कहा कि देश में फिरकापरस्ती और उन्माद फैलाने की कोशिश बर्दाश्त नहीं की जाएगी। सांसद आलोक शर्मा ने कहा कि ईदगाह पर जिन्होंने काली पट्टी बांधकर नमाज पढ़ी है, वो मुसलमान नहीं हो सकते। यह कांग्रेस के इशारे पर कर रहे हैं। मैं कड़े शब्दों में इसकी निंदा करता हूं।

# आग लगने पर भी नहीं पहुंची दमकल, सारंग ने ननि आयुक्त को लगाई फटकार

## कहा-आप फोन नहीं उठाते, कैसे कमिश्नर हो



**भोपाल,देशबन्धु।** भोपाल के वार्ड-76 स्थित उड़िया बस्ती के एक मकान में सोमवार दोपहर आग लग गई। आग की लपटें आसपास की झुग्गियों को भी चपेट में ले रही थी। तभी रहवासी दौड़े और आग बुझाई। 2 घंटे में आग काबू में आ पाई। आगजनी की सूचना मिलते ही खेल मंत्री विश्वास सारंग मौके पर पहुंचे। लेकिन भाजपा के पार्षद लकी राय और रहवासियों ने नगर निगम आयुक्त हरेंद्र नारायण की शिकायत कर दी।

पार्षद लकी राय ने मंत्री सारंग को बताया कि निगम आयुक्त हरेंद्र नारायण को 3-3 बार मोबाइल पर फोन किया, पर नहीं उठाया। फायर स्टेशन पर भी फोन लगाए, लेकिन कुछ नहीं हुआ। इधर, बस्ती में आग फैल रही थी। यदि रहवासी खुद आग नहीं बुझाते तो बड़ा हादसा हो सकता था। यह सुनकर मंत्री श्री सारंग की नाराजगी भी बढ़ गई। उन्होंने मौके से ही निगम आयुक्त को मोबाइल पर फोन किया और फटकार लगा दी। श्री सारंग ने कहा कि आप निगम आयुक्त हो, पर आप फोन नहीं उठा रहे हो। मेरे फोन लगाने पर फायर बिग्रेड की गाड़ी आई, जिसमें न तो हूटर है और न ही पानी। यदि बस्ती वाले खुद आग नहीं बुझाते तो आगजनी में कई जानें चली जाती। मजाक हो गया। क्या नगर निगम कमिश्नर हो भई। लोग किससे बोले, बताओ।

उल्लेखनीय है कि इससे पहले शुक्रवार को भोपाल में जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति (दिशा) की बैठक में भी नगर निगम आयुक्त हरेंद्र नारायण के नहीं आने से नाराज सांसद आलोक शर्मा बैठक छोड़कर चले गए थे। इतना ही नहीं निगम आयुक्त ने उनका फोन तक नहीं उठाया था। सांसद ने नगर निगम आयुक्त के रवैये पर सख्त एतराज जताते हुए इसे भोपाल की जनता और जनप्रतिनिधियों का अपमान बताया था।

# एम्स में हुआ 8वां किडनी प्रत्यारोपण

## डेढ़ साल से डायलिसिस पर था मरीज

## बड़े भाई ने दान की किडनी



**भोपाल,देशबन्धु।** एम्स भोपाल ने आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना के तहत आठवां सफल किडनी प्रत्यारोपण कर एक और बड़ी उपलब्धि हासिल की है। इस ऑपरेशन में मरीज के 31 वर्षीय बड़े भाई ने अपनी एक किडनी दान कर भाई को जीवनदान दिया।

25 वर्षीय मरीज पिछले तीन वर्षों से किडनी रोग से ग्रसित था और डेढ़ साल से डायलिसिस पर था। यह प्रत्यारोपण आयुष्मान भारत योजना के तहत मुफ्त किया गया, जिससे मरीज को आर्थिक बोझ उठाने की जरूरत नहीं पड़ी। इस प्रत्यारोपण सर्जरी को एम्स भोपाल के नेफ्रोलॉजी विभाग के डॉ. महेंद्र अटलानी और यूरोलॉजी विभाग के डॉ. देवाशीष कौशल, डॉ. कुमार माधवन, डॉ. केतन मेहरा और डॉ. निकिता श्रीवास्तव की टीम ने अंजाम दिया। एनेस्थीसिया टीम में डॉ. वैशाली वैंदेकर, डॉ. सुनैना तेजपाल कर्ण और डॉ. शिखा जैन ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। ऑपरेशन में उन्नत लैप्रोस्कोपिक तकनीक का उपयोग किया गया, जिससे डोनर को न्यूनतम दर्द हुआ और उनकी रिकवरी भी तेज रही। अगले ही दिन वे चलने-फिरने में सक्षम हो गए। एम्स भोपाल के कार्यपालक निदेशक प्रो. (डॉ.) अजय सिंह ने इस उपलब्धि पर खुशी जताते हुए कहा कि यह हमारे चिकित्सा विशेषज्ञों की मेहनत और टीम वर्क का परिणाम है। यह दिखाता है कि हम अपने मरीजों को सर्वश्रेष्ठ चिकित्सा सुविधा प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध हैं।

# झूठे मामले में फंसाने की धमकी देकर मांगे रुपए, महिला एसआई और हवलदार पर दर्ज हुआ प्रकरण

**भोपाल,देशबन्धु।** सूखी सेवनिया थाने में तैनात महिला उप निरीक्षक (एसआई )स्वाती दुबे और हवलदार मुकेश कटारिया पर लोकायुक्त पुलिस ने भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के तहत अपराध दर्ज किया है। दोनों पुलिसकर्मी एक ईंट भट्ठा मालिक को झूठे मामले में फंसाने का डर दिखाकर 50 हजार रुपये मांग रहे थे।

लोकायुक्त की निरीक्षक उमा कुशवाह ने बताया कि सूखी सेवनिया में ईंटों का भट्ठा चलाने वाले मोहम्मद फारुख के यहां नन्नी बाई नाम की महिला काम करती है। पिछले दिनों उसका 14 वर्षीय नाती लापता हो गया, तो उसकी गुमशुदगी सूखीसेवनिया थाने में दर्ज कराई गई। बाद में वह बच्चा छतरपुर जिले में सकुशल मिल गया। उसी केस के नाम पर दोनों पुलिस वाले भट्ठा मालिक को परेशान करने लगे थे। मोहम्मद फारूक ने इसकी शिकायत लोकायुक्त को की थी। उसमें बताया गया कि सूखी सेवनिया थाने की एसआई स्वाती दुबे और प्रधान आरक्षक उसे बच्चे के बरामद होने के बाद लगातार फोन कर उससे 50 हजार रुपये मांग रहे थे। उनका कहना था कि रुपये नहीं दिए तो उनके खिलाफ ही अपराध दर्ज किया जाएगा। इस शिकायत को गंभीरता से लेते हुए लोकायुक्त पुलिस ने उनको टेप उपलब्ध कराया। इसकी मदद से दोनों पुलिस कर्मियों की बातचीत भी रिकार्ड होती रही। बाद में 10 हजार रुपये में सौदा तय हो गया था। 28 मार्च को लोकायुक्त पुलिस ने दोनों पुलिस कर्मियों को रिश्वत लेते रंगे हाथों पकड़ने के लिए जाल बिछाया था। उनको एक तय स्थान पर बुलाया गया, वे आए लेकिन वहां लोकायुक्त कार्रवाई का संदेह होने पर वे भाग निकले। बाद में लोकायुक्त पुलिस ने उनके खिलाफ मिले साक्ष्यों के आधार पर एसआई स्वाती दुबे और प्रधान आरक्षक मुकेश कटारिया पर भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम की विभिन्न धाराओं में प्रकरण दर्ज किया है।

### टीआई का भी नाम ले रहा है हवलदार

सूत्रों का कहना है कि लोकायुक्त पुलिस को बातचीत का जो रिकॉर्ड हाथ लगा है, उसमें हवलदार मुकेश, सूखी सेवनिया के थाना प्रभारी (टीआई) रामबाबू चौधरी का भी नाम लेते सुनाई दे रहा है। वह रुपये टीआई को देने की बात कह रहा है, इस पर प्रकरण में उनके नाम का भी जिक्र किया गया हैं।

## हास्य योग से रोग मुक्त रहा जा सकता है : डॉ भागवत

**भोपाल,देशबन्धु।** भोपाल मैनेजमेंट एसोसिएशन द्वारा आयोजित मासिक व्यख्यानमाला के अंतर्गत हास्य योग द्वारा शरीर को स्वस्थ कैसे रखे, पर डॉ पी के भागवत ने विस्तार से व्याख्यान दिया । उन्होंने कहा कि हास्य योग से शरीर को स्वस्थ रखा जा सकता है।

डॉ भागवत ने विभिन्न तरीके के अभ्यास कराकर प्रत्येक व्यायाम का महत्व बताया। उन्होंने सांस लेना, बोलना, देखना और आपसी व्यवहार में हास्य योग से शरीर को कैसे नियंत्रित करे, इसकी क्रिया भी कराई। उपस्थित सदस्यों ने हास्य विद्या में अभ्यास कर मनोरंजन भी किया। कार्यक्रम के प्रारंभ में एसोसिएशन अध्यक्ष सुनील भार्गव ने अपने सत्र के अंतिम भाषण में सभी बीएमए सदस्यों को वर्षभर सक्रिय भागीदारी करने पर धन्यवाद दिया और सदस्यों के लिए फिल्मी गानों पर आधारित एक मनोरंजक कार्यक्रम भी श्रीमती रागनी भार्गव ने प्रस्तुत किया, जिसमे सदस्यों ने उत्साह पूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम का संचालन महेंद्र जोशी तथा डॉ दीपा अयाची ने और आभार प्रदर्शन आरजी दिवेदी ने किया।

# फूलों की होली खेलकर, ढोल मंजीरे की थाप पर गाए फाग

**भोपाल/मंडीदीप.देशबन्धु।** प्रांतीय भूमिहार ब्राह्मण सेवा समिति की मंडीदीप उपसमिति द्वारा होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत समुदाय के वरिष्ठजनों को माला पहनाकर, श्रीफल भेंट कर उनका आशीर्वाद लेकर की गई। इस मौके पर वरिष्ठजनों को गुलाल लगाकर, पुष्प वर्षा कर होली खेली गई। समाज के लोगों ने एक दूसरे को गुलाल लगाकर फूलों की होली खेली। गायक मंडलियों ने ढोल मंजीरे की थाप पर पारंपरिक फाग और चैता गीतों की प्रस्तुति दी। मीडिया प्रभारी संतोष कुंवर ने बताया कि आपसी सहयोग और भाईचारे की भावना से ओत-प्रोत इस समारोह में भोपाल समिति से अध्यक्ष अखिलेश्वर राय, संस्थापक रामायण सिंह, महासचिव मुकेश पाण्डेय, सचिव टिंकेश राज, अमरनाथ राय, रामेश्वर पाण्डेय, शिव शंकर सिंह, एसपी सिंह, धनंजय शर्मा, मनोज सिन्हा, रामनरेश सिंह,राजेश पाण्डेय, अजय सिंह, शैलेन्द्र सिंह, सरिता सिंह सहित मंडीदीप और आसपास क्षेत्रों से समाज के से लगभग 200 लोग शामिल हुए।



# वाजपेई नगर में लगा स्वास्थ्य परीक्षण शिविर, अधिकांश महिलाएं, बच्चे कुपोषित और बीमार मिले

**भोपाल,देशबन्धु।** जेंडर समानता के लिए काम करने वाली संस्था सरोकार द्वारा लक्ष्य अस्पताल के चिकित्सकों के सहयोग से कैंसर हॉस्पिटल के पास वाजपेई नगर में स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का आयोजन किया गया। इस नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर में परीक्षण के दौरान चिकित्सकों ने बस्ती के अधिकांश बच्चों और महिलाओं को रक्त अल्पता, कुपोषण का शिकार पाया, जबकि बड़ी संख्या में पुरुष हृदय रोग व शुगर के रोगी पाए गए।

संस्था की सचिव कुमुद सिंह ने बताया कि वाजपेई नगर में वंचित समुदाय के विभिन्न वर्गों के मजदूर वर्ग के लोग रहते हैं। शिविर में लगभग 100 स्त्री-पुरुषों, किशोरी बालिकाओं, महिलाओं और बच्चों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। लक्ष्य अस्पताल की निदेशक डॉ. पूनम चंदानी ने बताया कि कार्य की अधिकता तथा खान-पान और साफ-सफाई का ध्यान न रखने के कारण बड़ी संख्या में महिलाएं और बच्चे रक्त अल्पता और कुपोषण के शिकार हैं। महिलाओं में माहवारी संबंधी परेशानियां, हाथ-पैरों में दर्द सूजन आम शिकायत है, जबकि परीक्षण के दौरान पुरुष वर्ग में बड़ी संख्या में लोग हृदय संबंधी रोग और शुगर रोग से परेशान हैं। शिविर में मरीजों को निशुल्क दवा वितरण के साथ नियमित इलाज की सलाह दी है। लक्ष्य अस्पताल के सहयोगी स्टाफ में डॉ. कार्तिक, नर्सिंग स्टाफ से निकिता शामिल थीं। इस पूरे आयोजन और प्रबंधन की जिम्मेदारी सरोकार की संत हिरदाराम महाविद्यालय की इंटर्न छात्राओं ने संभाली थी। साक्षी यादव, शैल सेन, गार्गी राठौर, लक्ष्मी विश्वकर्मा, महक राठौर, महक राव, पूजा तिवारी, पायल महावर पलक पाटीदार, महक पाटीदार, पूजा तिवारी शिविर की व्यवस्थाओं को संभालने के साथ अतिथि चिकित्सकों और समाजसेवी श्री रामचरन का स्वागत किया। कार्यक्रम में आभार प्रदर्शन सरोकार संस्था की सचिव कुमुद सिंह ने किया।



# 25 प्रकरणों में 3 लाख 65 हजार जुर्माना लगाया

**भोपाल,देशबन्धु।** कलेक्टर कौशलेंद्र विक्रम सिंह के निर्देशन में खाद्य सुरक्षा प्रशासन द्वारा प्रस्तुत किये गये प्रकरणों में 25 प्रकरणों में न्याय-निर्णायक अधिकारी एवं अतिरिक्त जिला दण्डाधिकारी, सिद्धार्थ जैन द्वारा कुल 3 लाख 65 हजार जुर्माना अधिरोपित किया गया है।

न्याय निर्णायक अधिकारी, भोपाल द्वारा पारित आदेशों में मंगलवारा,स्थित महेन्द्र मावा भण्डार के मालिक अनिरूद्ध राजपूत के विरूद्ध अवमानक मावा के विक्रय के आरोप में पचास हजार रूपये , मंगलवारा स्थित आनंद मावा भण्डार के मालिक सुशील कुमार गुप्ता के विरूद्ध अवमानक पनीर के विक्रय के आरोप में 25 हजार रूपये , हनुमानगंज स्थित अशोक कुमार कुंदनदास के मालिक अनिल कुमार चेतवानी के विरूद्ध अवमानक राई के विक्रय के आरोप में 20 हजार रूपये , हनुमानगंज स्थित मेसर्स दर्शनलाल एण्ड सन्स के मालिक भावेश बाधवानी विरूद्ध अवमानक तरबूज दाना के विक्रय के आरोप में 25 हजार रूपये , हनुमानगंज स्थित मोतीराम कुन्दनदास ग्रेन मर्चेन्ट के मालिक रवि वाधवानी के विरूद्ध बिना अनुज्ञप्ति खाद्य कारोबार करने के आरोप में 25 हजार रूपये , निर्माता फर्म पापुलर रिच ब्रेड के विक्रेता तथा स्वामियों के विरूद्ध मिथ्याछाप ब्रेड के विक्रय के आरोप में 25 हजार जुर्माना रूपये शामिल है। एक माह की समय सीमा में जुर्माना अदा नहीं किये जाने की स्थिति में प्रतिष्ठान की खाद्य अनुज्ञप्ति निलंबित की जायेगी।

# डकैती की योजना बनाते 7 गिरफ्तार

## मोदी ज्वैलर्स को निशाना बनाने की फिराक में थे, हथियार भी बरामद

**भोपाल,देशबन्धु।** टीटी नगर पुलिस ने पंचशील नगर स्थित मोदी ज्वैलर्स पर डकैती डालने की योजना बना रहे 7 बदमाशों को गिरफ्तार किया है। आरोपी बड़ी मात्रा में सोने-चांदी के जेवरात और नकदी लूटकर फरार होने की फिराक में थे। पुलिस ने बदमाशों के पास से लोहे की रॉड, पाइप, छुरे, तलवार और डंडे सहित कई हथियार भी बरामद किए।

पुलिस अधिकारियों द्वारा ईद और नवरात्रि के मद्देनजर सुरक्षा व्यवस्था को चाक-चौबंद करने के लिए शहर में गश्त चलाई जा रही थी। 30 मार्च को टीटी नगर थाना प्रभारी सुधीर अरजरिया की टीम को सूचना मिली कि प्लेटिनम प्लाजा के पीछे पानी की टंकी के पास कुछ लोग हथियारों के साथ डकैती की योजना बना रहे हैं। पुलिस ने तुरंत घेराबंदी कर उन्हें पकड़ने की कार्रवाई शुरू कर दी। आरोपियों ने पुलिस को देखकर भागने का प्रयास किया। लेकिन उनमें से कई गिरने से घायल हो गए। सभी को गिरफ्तार कर लिया गया। गिरफ्तार आरोपियों में संतोष उर्फ कालू लोधे, उमेश चौहान, आदित्य चौहान, आनंद चौहान, मोनू चौहान और सावन ठाकुर शामिल हैं। पुलिस ने मौके से लोहे की रॉड, पाइप, छुरे, तलवार, डंडा और एक मोटरसाइकिल भी जब्त की। गिरफ्तार आरोपियों में से कुछ पहले से ही हत्या के प्रयास और चोरी के मामलों में फरार थे। उन्होंने पुलिस से बचने और जमानत का इंतजाम करने के लिए बड़ी डकैती की साजिश रची थी। आरोपियों ने मोदी ज्वैलर्स को निशाना बनाने की प्लानिंग की थी, क्योंकि त्योहारी सीजन में वहां ज्यादा सोना-चांदी और नकदी होने की उम्मीद थी।



# अवधपुरी में शराब दुकान खुलने का विरोध, रामायण का पाठ किया




**भोपाल,देशबन्धु।** भोपाल में शराब दुकानों की शिफ्टिंग का मामला तूल पकड़ रहा है। अब अवधपुरी में ऋषिपुरम तिराहे पर शराब दुकान खुलने का विरोध शुरू हो गया है। रविवार रात में लोगों ने रैली-धरना देकर प्रदर्शन किया, जबकि सोमवार को सद्बुद्धि के लिए रामायण का पाठ भी किया।

शराब दुकान के विरोध में सोमवार सुबह कई लोग प्रदर्शन में शामिल होने के लिए ऋषिपुरम तिराहे पर पहुंचे। प्रदर्शन में महिलाएं और बच्चे भी शामिल हैं। रहवासियों का कहना है, जिस जगह दुकान खुल रही है, उससे 50 मीटर के दायरे में ही मंदिर, स्कूल, अस्पताल और बस स्टॉप भी है। बावजूद यहां शराब दुकान खोली जा रही है। इसे लेकर प्रदर्शन कर रहे हैं। रात में धरना प्रदर्शन करने के बाद सोमवार को मंत्री कृष्णा गौर से भी मिलने पहुंचे। प्रदर्शन कर रहे रमण तिवारी ने बताया, अब रामायण का पाठ किया। ताकि, दुकान खोलने वालों को सद्बुद्धि मिले और वह दुकान को अन्य कहीं शिफ्ट कर लें।

## सार्वजनिक सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि, मेरे पक्षकार एलआईसी हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड शाखा गुना (म.प्र.) द्वारा, **राजेश शर्मा** के हित में ऋण प्रदाय किये जाने हेतु दस्तावेज एकत्र कर रहा है, उक्त प्रक्रिया में दस्तावेज जो विक्रेता 1- प्रमोद कुमार जैन 2- विनोद कुमार जैन पुत्रगण श्री मिन्टूलाल, निवासीगण ग्राम पिपरई गांव जिला गुना (म.प्र.) द्वारा, **विक्रीत की भूमि**/ भूखण्ड - छावनी गुना, पटवारी हल्का नं. 76, नगर पालिका गुना की वार्ड सीमा के अन्तर्गत मोहल्ला न्यू सिटी कॉलोनी गुना में स्थित सर्वे क्रमांक 2 व 3 की भूमि में से विक्रेता के स्वामित्व व कब्जे में ब्लाक नं. 417 जो पूर्व से पश्चिम तक 40 फीट लम्बा व चौड़ा तथा उत्तर से दक्षिण तक 30 फीट लम्बा व चौड़ा है जिसका कुल क्षेत्रफल 1200 वर्ग फीट का विक्रय किया था, जो **राजेश शर्मा पुत्र श्री लालबहादुर शर्मा निवासी राधा कॉलोनी गुना तहसील व जिला गुना (म.प्र.)** द्वारा क्रय किया गया था, जिसका पंजीयन क्रमांक 2250 दिनांक **13.01.2004** है।

उक्त भूमि/ भूखण्ड /मकान का लिंक विक्रय विलेख पत्र को दिनांक 02.06.1999 पंजीयन क्रमांक 1002 **विक्रेता** मे.माधयम ग्रुप गुना भागीदार- अनिल जैन पुत्र श्री रमेशचन्द जी जैन निवासी पण्डा जी का चौराहा गुना (म.प्र.) से 1- प्रमोद कुमार जैन 2- विनोद कुमार जैन पुत्रगण श्री मिन्टूलाल, निवासीगण ग्राम पिपरई गांव जिला गुना (म.प्र.) ने क्रय कर आधिपत्य प्राप्त किया है। उक्त दस्तावेज ( लिंक रजिस्ट्री) कहीं गुम हो गया हैं। यदि किसी व्यक्ति को मिली हो तो कृपया मुझे प्रदान करें अथवा मुझसे संपर्क करें। उक्त दस्तावेज का इस्तेमाल कोई करे या खरीदे तो इसके लिए इस्तेमाल कराने वाला व खरीददार स्वयं जिम्मेंदार होगा।

उल्लेखित सम्पत्ति के स्वत्व स्वामित्व एवं आधिपत्य के सम्बन्ध में यदि किसी भी व्यक्ति अथवा संस्था आदि को कोई आपत्ति हो तो आज से 15 दिवस के भीतर दस्तावेज सहित मुझ से सम्पर्क करें। समय सीमा पश्चात कोई आपत्ति मान्य नहीं होगी।

विनीत-**देवेन्द्रसिंह रघुवंशी** एडवोकेट
हाउसिंग बोर्ड ऑफिस के पीछ, विद्यार्थी नगर,
गुना- **मो.नं.9425760813, 9340118962**

**दिनांक** 31.03.2025

भोपाल, मंगलवार 1 अप्रैल 2025
संस्थापक-संपादक : स्व. मायाराम सुरजन

## सोनिया के उठाये मुद्दों पर ध्यान दे सरकार!

क्रांग्रेस की पूर्व अध्यक्ष और राज्यसभा की सदस्य सोनिया गांधी ने एक लेख में केन्द्र सरकार की उसकी शिक्षा नीति को लेकर जमकर घेराबन्दी की है। उनका आरोप है कि भारतीय जनता पार्टी की सरकार बिना पर्याप्त विचार-विमर्श के और अपने राजनीतिक उद्देश्यों को पूरा करने के मकसद से राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 जनता पर थोप रही है। अंग्रेजी अखबार द हिंदू में प्रकाशित होने के बाद जमकर चर्चा में आये इस लेख में सोनिया गांधी ने इस बात की आलोचना की है कि भाजपा सरकार ने 'सी 3' (केंद्रीकरण- सेंट्रलाइज़ेशन, व्यावसायीकरण- कमर्शिलाइज़ेशन और सांप्रदायिकता- कम्युनलिज़्म) के अपने एजेंडे को आगे बढ़ाने का साधन नई शिक्षा नीति (एनईपी) को बनाया है। इस लेख में वैसे तो कांग्रेस नेत्री ने अनेक महत्वपूर्ण मुद्दे उठाये हैं परन्तु इसका मुख्य फोकस शिक्षा प्रणाली के वे आयाम हैं जो देश के लिये विनाशकारी साबित होंगे। उन्होंने एनईपी में अनेक खामियां गिनाते हुए कहा कि यह राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के विचारों को पूरा करने के लिये बनाई गई है।

शिक्षा किसी भी समाज के विकास की बुनियाद होती है। सोनियाजी के इस लेख में एनईपी से उत्पन्न होने वाले खतरे तथा उनकी चिंताएं साफ झलकती हैं जो इस बात का भी आभास कराती हैं कि इस शिक्षा प्रणाली की राह पर चलकर बनने वाला समाज व देश कैसा होगा। इस लेख में सरकार की शिक्षा के प्रति बरती जाने वाली उदासीनता तथा नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में पिछले 11 वर्षों से चल रही सरकार की सायास फैलाई जा रही बदइंतज़ामी के चलते बड़ी तादाद में बन्द होते स्कूल, सरकार के विचारों का समर्थन न करने वाले शिक्षाविदों तथा शिक्षकों के साथ होता भेदभावपूर्ण व्यवहार आदि की ओर तो ध्यान दिलाया ही गया है, सोनिया गांधी ने विस्तार से स्पष्ट किया है कि '3 सी' का एजेंडा मोदी सरकार किस प्रकार से लागू कर रही है और उसके दुष्परिणाम क्या हो रहे हैं। यही एक तरह से उनकी शिक्षा व्यवस्था की समीक्षा का निष्कर्ष है जो हर उस नागरिक को परेशान करने के लिये काफी होना चाहिये जो मुल्क की बेहतरी की सोचता हो। नई शिक्षा प्रणाली के नाम पर बच्चों को जिस प्रकार से ढाला जायेगा और उनके जो हालात होंगे, उसकी ओर साफ इशारा सोनिया गांधी के लेख में है।

मुख्यत: जिस '3 सी' का उन्होंने अपने लेख में ज़िक्र किया है, उसके पहले 'सी' यानी केन्द्रीकरण के बारे में बात की जाये तो यह तो साफ है कि यह सरकार समाज के हर संसाधन व अवसरों पर एकाधिकार कर रही है। इनमें शिक्षा व्यवस्था भी है। लेख में कहा गया है कि वैसे तो शिक्षा समवर्ती सूची में शामिल है, यानी वह केन्द्र व राज्य दोनों का ही विषय है, लेकिन इस महत्वपूर्ण मसले पर केन्द्र सरकार न तो राज्यों से चर्चा करती है और न ही वह विशेषज्ञों से सलाह-मशविरा लेती है। वह इस मामले में अपनी मर्जी तो थोपती है बल्कि उसका रवैया 'धमकी भरा' भी होता है। उन्होंने इस मामले में तमिलनाडु के साथ केन्द्र द्वारा राज्यों पर हिन्दी को थोपने की कोशिशों की ओर भी ध्यान दिलाया है।

दूसरे 'सी' यानी व्यवसायीकरण की बात करें तो यह पहले ही साफ दिख रहा है कि मोदी सरकार शिक्षा को इतनी महंगी कर देने पर आमादा है कि वह सामान्य लोगों की पहुंच से बाहर हो जाये। इसके कारण देश में वर्गभेद और भी बढ़ेगा। थोड़े से लोग ही इस शिक्षा को पाने का खर्च वहन कर सकेंगे जबकि अधिसंख्य जनता स्कूल-कॉलेजों का खर्च वहन नहीं कर सकेगी। शासकीय व सस्ती शिक्षा की बजाय निजी व महंगी शिक्षा के प्रति सरकार का रुझान साफ दिखाई देता है। सोनिया गांधी द्वारा उल्लेखित तीसरा 'सी' इस फार्मूले का सबसे खतरनाक पक्ष है- शिक्षा का साम्प्रदायिकरण। इस शिक्षा पद्धति में आधुनिकता का अभाव है। उन्होंने ध्यान दिलाया है कि पाठ्यक्रम से महात्मा गांधी और मुगलकालीन इतिहास को हटाया जा रहा है जो कि बहुत गम्भीर है। इतिहास में हुई घटनाएं किसी को पसंद आयें या न आयें, वे हो चुकी हैं; लेकिन भाजपा अपनी सरकार के जरिये उन्हें इसलिये मिटाना चाहती है ताकि उसका हिंदुत्व का एजेंडा पूरा हो। यह बच्चों में आधुनिक, तटस्थ व वैज्ञानिक पद्धति पर आधारित शिक्षा की जगह पर पिछड़ी सोच तथा पूर्वाग्रहों वाली प्रणाली लागू करने का प्रयास है। इसका मकसद अल्पसंख्यकों के खिलाफ नफ़रत तथा हिंसा को बढ़ावा देना है जो कि भाजपा का अगले कई वर्षों तक का वोट बैंक बनायेगा। राजनीतिक स्तर पर किया गया ध्रुवीकरण, जिसके बल पर भाजपा ने सत्ता हासिल की है- उसे बनाये रखना भी इसी प्रणाली के जरिये होगा।

दरअसल भाजपा सरकार देश को उसी मध्य युग में ले जाना चाहती है जहां समाज का आधार मनुवादी व्यवस्था हो। इसमें शिक्षा उन थोड़े से लोगों के लिये उपलब्ध होगी जो विशेषाधिकार प्राप्त हों। देश की बहुसंख्य आबादी निरक्षर या अल्प शिक्षित रहे जिसे अपने अधिकारों के प्रति न तो जानकारी हो, न ही वह अपने विकास की बात करे। संघ का पूंजीवाद में विश्वास है। कुछ लोगों के हाथों में सारी आर्थिक ताकत सिमट जाने पर उनके लिये सस्ता मानव श्रम जुटाने की जिम्मेदारी इसी शिक्षा प्रणाली की होगी। इतना ही नहीं, इसी शिक्षा प्रणाली में ऐसे नागरिकों की पौध तैयार हो रही है जो भाजपा के निर्देश पर समाज में हिंसा व घृणा फैलाने का काम अगले कई बरसों तक करती रहेगी। इसलिये इसका विरोध ज़रूरी है। सोनियाजी ने बहुत महत्वपूर्ण विषय पर नागरिकों का ध्यान आकृष्ट किया है। हठधर्मिता छोड़कर सरकार इस ओर ध्यान दे।

# पत्रकारिता में पहुंच बनाती 'कृत्रिम बुद्धिमत्ता'

■ डॉ. संतोष पाटीदार

कृत्रिम बुद्धिमत्ता' (एआई) दुनिया भर की दशा और दिशा बदल रही है। इसे लेकर एक अलग दुनिया के दावे किए जा रहे हैं। 'एआई' के चौंकाने वाले आविष्कारों की जानकारी और उनके उपयोग के साथ इसके खतरों के कहानी-किस्से भी मीडिया के माध्यम से दुनिया को सुनने मिल रहे हैं। ऐसे में पत्रकारिता इससे कैसे दूर रह सकती है? 'एआई' का चमत्कार और पराक्रम देखकर लगता है कि यह प्रौद्योगिकी हौले-हौले पत्रकारिता को भी बदल देगी। क्या वास्तव में पत्रकारिता के साथ ऐसा होगा? इसे लेकर जितने प्रयोग, चिंतन, बहस और चर्चा दुनिया के उत्तरी गोलार्ध के विकसित कहे जाने वाले देशों में है, उतने दक्षिण की आधी दुनिया के विकासशील देशों में शायद नहीं है।

'ग्लोबल साउथ' के पत्रकारों में 'एआई' को लेकर असमंजस है। प्रौद्योगिकी के प्रयोग से जुड़े जोखिम और दायित्व, मीडिया प्रबंधन में नीतिगत उदासीनता, महंगे उपकरण, प्रशिक्षण का अभाव जैसे कारण 'एआई' पत्रकारिता की राह में बाधक है। तकनीकी विकास के इस दौर में यह देखना दिलचस्प होगा कि आने वाले वर्षों में 'एआई' की दिशा बदलती है या नहीं और क्या 'ग्लोबल साउथ' या विकासशील देशों के पत्रकार भविष्य में अपने काम के लिए 'एआई' को एक संसाधन के रूप में अपनाएंगे या उससे जुड़े संभावित दायित्व और जोखिम के रूप में देखेंगे।

इस तकनीक को लेकर दुनिया भर में उत्सुकता तो बहुत है, लेकिन इसके प्रभाव के बारे में अधिकांश बहस या बातचीत विकसित देशों तक ही केंद्रित रही है। इस आधी दुनिया के दृष्टिकोण के आधार पर दुनिया भर में मान्यताएं बन रही हैं। इसके प्रयोग में वहां की पत्रकारिता भी प्रमुख रूप से आगे है। दुनिया में 'ग्लोबल साउथ' के देश कमजोर या बढ़ती हुई अर्थव्यवस्था के साथ विकसित हो रहे हैं। ऐसे देशों में 'एआई' को लेकर मीडिया के दृष्टिकोण पर एक अध्ययन किया गया है। 'ग्लोबल साउथ' में अफ्रीका, लैटिन अमेरिका, एशिया आदि महाद्वीपों के देश शामिल हैं।

'थॉमसन रॉयटर्स फाउंडेशन' (टीआरएफ) की एक रिपोर्ट, जो दुनिया के 70 से अधिक देशों के 200 से अधिक पत्रकारों के सर्वेक्षण के निष्कर्षों पर आधारित है, सामने आई है। इस रिपोर्ट के आधार पर अध्ययनकर्ता डमियन रेडक्लिप विस्तार से बताते हैं कि इस अध्ययन का उद्देश्य 'आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस' की जानकारी और आशंका पर प्रकाश डालना है। रिपोर्ट में बताया गया है कि 'एआई' का उपयोग किस तरह किया जा रहा है, न्यूज़रूम के सामने क्या-क्या अनोखी चुनौतियां हैं और पत्रकारों, न्यूज़रूम के लीडरों, वित्तपोषकों और नीति-निर्माताओं के लिए इसके क्या निहितार्थ हैं?

**'एआई' अपनाने में बाधाएं : प्रशिक्षण और नीतिगत समस्याओं के कारण 'एआई' की इस नई प्रौद्योगिकी या टेक्नालॉजी तक पहुंच आसान नहीं होती, फिर भी, 'एआई' को लेकर सभी में उत्साह है। सर्वेक्षण में करीब 13फीसदी पत्रकारों ने बताया कि उनके न्यूज़रूम में 'एआई' नीति है, हालांकि इसे अपनाने में अन्य बाधाओं का भी सामना करना पड़ता है। कई पत्रकारों ने 'एआई' उपकरणों तक सीमित पहुंच, उच्च लागत और प्रशिक्षण की कमी के साथ-साथ मार्गदर्शन की कमी जैसी बाधाओं की बात कही।**

इस रिपोर्ट के कुछ निष्कर्ष हैं: 'एआई' को अपनाना व्यापक, लेकिन असमान है। सर्वेक्षण में 'एआई' प्रौद्योगिकी के लिए 'सतर्क 'आशावाद' पाया गया, एक ऐसी भावना जो शायद इस तथ्य को झुठलाती है कि वैश्विक-दक्षिण में 'एआई' को अपनाना महत्वपूर्ण है। 10 में से आठ से अधिक (81.7फीसदी) पत्रकार अपने काम में 'एआई' उपकरणों का उपयोग करते हैं। 81फीसदी उत्तरदाताओं ने कहा कि वे पहले से ही अपने काम में 'एआई' टूल का उपयोग करते हैं। इनमें से लगभग आधे (49.4फीसदी) लोग प्रतिदिन 'एआई' का उपयोग करते हैं, जो दर्शाता है कि कितनी जल्दी यह उनकी कार्य-संस्कृति का हिस्सा बन गया है।

पत्रकार मुख्य रूप से कंटेंट का प्रारूप तैयार करने और संपादन, ट्रांसक्रिप्शन, तथ्यों की जांच और शोध के लिए 'जनरेटिव एआई' का उपयोग कर रहे हैं। 'चैटजीपीटी,' 'ग्रामरली,' 'ओटर' और 'कैनवा' जैसे उपकरण कई पत्रकारों के लिए आवश्यक हो गए हैं, क्योंकि वे समय बचाने और दक्षता बढ़ाने की क्षमता रखते हैं, साथ ही उनके विचारों का दायरा और रचनात्मकता को बढ़ाते हैं। जैसा कि घाना के एक पत्रकार ने बताया, 'एआई ने मेरी पत्रकारिता को काफी हद तक बेहतर बनाया है। इसने मेरे शोध को सुव्यवस्थित किया है और मुझे जटिल डेटा का त्वरित और सटीक विश्लेषण करने में सक्षम बनाया है, विशेष रूप से 'एचआईवी' शोध और पर्यावरण रिपोर्टिंग जैसे क्षेत्रों में।'

'एआई' अपनाने में बाधाएं : प्रशिक्षण और नीतिगत समस्याओं के कारण 'एआई' की इस नई प्रौद्योगिकी या टेक्नालॉजी तक पहुंच आसान नहीं होती, फिर भी, 'एआई' को लेकर सभी में उत्साह है। सर्वेक्षण में करीब 13फीसदी पत्रकारों ने बताया कि उनके न्यूज़रूम में 'एआई' नीति है, हालांकि इसे अपनाने में अन्य बाधाओं का भी सामना करना पड़ता है। कई पत्रकारों ने 'एआई' उपकरणों तक सीमित पहुंच, उच्च लागत और प्रशिक्षण की कमी के साथ-साथ मार्गदर्शन की कमी जैसी बाधाओं की बात कही। कुछ लोगों के लिए, विशेष रूप से कम संसाधन वाले न्यूज़रूम में, 'एआई' को अपनाना चुनौतीपूर्ण बना हुआ है। अक्सर ऐसा वित्तीय और तकनीकी बाधाओं के कारण होता है।

सर्वेक्षण में सबसे चौंकाने वाला तथ्य यह था कि लगभग 58फीसदी 'एआई' उपयोगकर्ता स्वयं-शिक्षित हैं, यानी खुद के प्रयास से इस विधा को सीख रहे हैं, उनके नियोक्ताओं से उन्हें कोई औपचारिक प्रशिक्षण नहीं मिला है। यह निवेशकों के लिए एक अवसर प्रदान करता है। कई पत्रकारों ने 'एआई'-केंद्रित कार्यशालाओं, नैतिक दिशा-निर्देशों और न्यूज़रूम नीतियों की जरूरत की इच्छा जताई, जो उन्हें 'एआई' की क्षमता को जिम्मेदारी से प्रयोग करने में मदद कर सकती हैं। जैसा कि 'संयुक्त-अरब-अमीरात' के एक न्यूज़रूम मैनेजर ने बताया कि दर्शकों के विश्वास को बनाए रखने के लिए नीतियां आवश्यक हैं, विशेष रूप से 'एआई'-जनरेटेड सामग्री के मामले में। न्यूज़रूम में 'एआई' के उपयोग के लिए स्पष्ट नैतिक ढांचे, नियामक दिशा-निर्देश और पारदर्शिता जरुरी है। एशिया के पत्रकार मानते हैं कि 'एआई' पत्रकारिता के लिए बेहतर प्रौद्योगिकी है, लेकिन इसका उपयोग बहुत जिम्मेदारी से करना होगा।

भविष्य की ओर देखते हुए, विकासशील देशों के पत्रकार 'एआई' को एक ऐसे उपकरण के रूप में देखते हैं जो उनके काम को बेहतर बना सकता है - बशर्ते इसका उपयोग जिम्मेदारी से किया जाए। इस विरोधाभास को स्पष्ट करते हुए, भारत के एक पत्रकार ने कहा कि 'एआई' की गति, डेटा-विश्लेषण और दक्षता पत्रकारिता की पहुंच को बढ़ा सकते हैं, लेकिन यह गलत सूचना और पत्रकारिता की अखंडता के लिए जोखिम भरी चुनौतियां भी पेश करता है। विकासशील देशों में पत्रकारिता को लाभ पहुंचाने के लिए पत्रकारों, वित्तपोषकों, मीडिया विकास संगठनों और नीति निर्माताओं को संयुक्त रूप से 'एआई' प्रौद्योगिकी को अपनाने की दिशा में आगे बढ़ना होगा।


पत्रकारिता की विविध आवश्यकताओं के लिहाज से उपयुक्त 'एआई' उपकरण बनाने के लिए मीडिया संगठनों, डेवलपर्स और निवेशकों के बीच साझेदारी को प्रोत्साहित किया जाना चाहिए। पत्रकारिता में इस प्रौद्योगिकी की पहुंच समान रूप से होना चाहिए। यह सुनिश्चित करना कि 'एआई' के लाभ बड़े, संसाधनों वाले न्यूज़रूम तक सीमित न हों। जैसे-जैसे 'एआई' को अपनाने की प्रक्रिया तेज होती जा रही है, पत्रकारों, न्यूज़रूम और नीति निर्माताओं को यह सुनिश्चित करने के लिए मिलकर काम करना होगा कि प्रौद्योगिकी पत्रकारिता के मूल सिद्धांतों को कमजोर करने की बजाय मजबूत बनाए।

**( वरिष्ठ पत्रकार व लेखक हैं।)**

# तकनीक के तनाव : मोबाइल पर जुआ?

डिजिटल इंडिया फाऊंडेशन' की एक हाल की रिपार्ट के अनुसार भारत में 'आनलाईन गैंबलिंग' या जुआ बहुत तेजी से बढ़ रहे हैं। ऐसे डिजिटल प्लेटफार्म पर तीन महीनों में 160 करोड़ विजिट दर्ज किए गए हैं। सरकार द्वारा इसे रोकने या नियंत्रित करने के तमाम प्रयासों के बावजूद अनेक अवैध कारोबारी अपनी गतिविधियां इस दिशा में बढ़ा रहे हैं। इसका समाज, विशेषकर युवाओं और बच्चों पर बहुत प्रतिकूल असर पड़ा है।

'द लांसेट' पत्रिका में प्रकाशित रिचर्ड आरमिटेंड के अध्ययन के अनुसार, आनलाईन जुए का बच्चों के मानसिक, भावनात्मक तथा सामाजिक स्वास्थ्य और स्कूली उपलब्धि पर बहुत प्रतिकूल असर पड़ता है। नतीजे में उनकी अनेक लतों में फंसने की संभावना बढ़ती है। नई तकनीक के आगमन से अनेक लाभ मिल सकते हैं, यदि समुचित सावधानियां न बरती जाएं तो कई तरह की गंभीर क्षति भी हो सकती है। मोबाइल फोन से बहुत सी सुविधाएं प्राप्त होती हैं, अनेक लाभ हैं, पर इसे कई तरह के जुए के खेल का माध्यम भी बनाया जा रहा है। ताश ही नहीं, लूडो और क्रिकेट जैसे लोकप्रिय खेलों को भी ऐसा रूप दिया जा रहा है जो जुए के विभिन्न रूप ही हैं।



भारत डोंगरा

**नई तकनीक के आगमन से अनेक लाभ मिल सकते हैं, यदि समुचित सावधानियां न बरती जाएं तो कई तरह की गंभीर क्षति भी हो सकती है। मोबाइल फोन से बहुत सी सुविधाएं प्राप्त होती हैं, अनेक लाभ हैं, पर इसे कई तरह के जुए के खेल का माध्यम भी बनाया जा रहा है। ताश ही नहीं, लूडो और क्रिकेट जैसे लोकप्रिय खेलों को भी ऐसा रूप दिया जा रहा है जो जुए के विभिन्न रूप ही हैं।**

इस नए तरह के जुए के जाल में अनेक किशोर व युवा फंसते चले जा रहे हैं। यहां तक कि दूर-दूर के गांवों में भी ऐसा हो रहा है। इस तरह के जुए में एक बार पैसे हारने के बाद इन किशोरों या युवकों में यह गहरी इच्छा रहती है कि कम-से-कम जो गंवाया है उतना तो वापस कर लिया जाए। इस उम्मीद में वे और पैसे लगाते हैं, पर प्राय: उनका घाटा बढ़ता ही जाता है। इस कारण वे बहुत तनावग्रस्त हो जाते हैं और कभी-कभी तो अपने घर-परिवार से ही कुछ पैसा इधर-उधर कर जुए में डुबोते हैं। कई बार तो बच्चे भी इस जाल में फंस जाते हैं। हालांकि इसके लिए एक खास आयु वर्ग को ही अनुमति दी जाती है, पर कई बार इसका उल्लंघन किसी-न-किसी तिकड़म से किया जाता है।

इस कारण अनेक बच्चों का ध्यान न केवल अपनी पढ़ाई-लिखाई से हट जाता है, अपितु वे अनेक तरह के तनावों का शिकार भी हो जाते हैं और जो उम्र अच्छे जीवन के लिए तैयारी की होती है, उसी में वे बर्बादी की ओर बढ़ने लगते हैं। यदि उन पर शक कर घर-परिवार के बड़े लोग उन्हें रोकते हैं या कुछ कहते हैं तो किशोर बहुत जल्दी तनावग्रस्त हो जाते हैं व उल्टी-सीधी कहने लगते हैं। इस कारण अनेक माता-पिता बहुत परेशान रहते हैं। एक महिला ने तो यहां तक कहा कि अपने बड़े हो रहे बच्चे की इस लत से वह इतनी परेशान हो गई हैं कि उसने दस हजार रुपए का मोबाइल ही गुस्से में तोड़ दिया, पर बच्चे ने फिर भी पूरी तरह इस आदत को छोड़ा नहीं।

हाल ही में जब यह लेखक बुंदेलखंड क्षेत्र की अनेक महिलाओं से नशे को कम करने के उपायों पर बातचीत कर रहा था, तो उन्होंने कहा कि नशा करने का अभियान आप अवश्य चलाएं, पर उसके साथ जुए को कम करने के प्रयासों को भी जोड़ लीजिए। इस बारे में कुछ और पूछताछ करने पर पता चला कि कई बार जुए के खेल में झगड़े, गाली-गलौच, धमकियों की स्थिति भी आ जाती है। किसी गांव में बैठा अबोध किशोर इसके बारे में किसी को चाहे न बताए, पर अंदर-ही-अंदर उसके तनाव बढ़ते जाते हैं और उसे अन्य भीषण स्थिति की ओर भी ले जाते हैं। इस तरह के अनुभवों से गुजर चुके कुछ लोगों ने बताया कि शायद कुछ वयस्क लोग इस तरह की लत में अपना संतुलन बनाए रखते हों, पर जो किशोर व कच्ची उम्र के युवा हैं, उनका संतुलन प्राय: बिगड़ जाता है।

इसके अतिरिक्त ऐसे अनुभवों से गुजर चुके कुछ व्यक्तियों का कहना है कि केवल जुए वाले 'ऑन लाइन' खेलों के कारण ही तनाव की समस्या नहीं है। कुछ ऐसे खेल भी हैं जो जुए से न जुड़े होने के बावजूद तनाव व हिंसा का कारण बनते हैं। इन खेलों में बुरी तरह लीन होने या लत पड़ने के कारण अनेक बच्चों व किशोरों के मस्तिष्क का संतुलन बिगड़ जाता है। इस बारे में कुछ महिलाओं ने बताया कि उन्होंने अपने आसपास ही यह होते हुए देखा है।

इसके अतिरिक्त कुछ लोगों ने यह शिकायत भी की है कि मोबाइल पर अश्लील चित्र या वीडियो बहुत अधिक देखने के कारण भी अनेक समस्याएं बढ़ रही हैं। बच्चे व किशोर अनेक तनावों व ऐसी सोच से त्रस्त हो रहे हैं, जिसे ठीक से समझने के लिए वे कच्ची उम्र में मानसिक व शारीरिक तौर पर तैयार ही नहीं हैं। इस कारण महिला-विरोधी यौन हिंसा दूर-दराज के गांवों में भी बढ़ सकती है। इस तरह की विभिन्न समस्याएं हाथ से बाहर निकल जाएं, इससे पहले इन्हें न्यूनतम करने की सभी संभावनाओं पर भली-भांति विचार करते हुए उचित उपाय निकालने चाहिए व इसके आधार पर एक अभियान द्वारा इन सभी खतरनाक संभावनाओं व क्षतियों को न्यूनतम करना चाहिए।

**( लेखक स्वतंत्र पत्रकार हैं। उनकी अनेक पुस्तकें प्रकाशित हो चुकी हैं।)**



## ललित सुरजन की कलम से

### बौने टिड्डी बनकर छा गए

*'बड़ी संख्या में ऐसे लोग जो बुध्दि विवेक में बौने हैं, आए दिन किसी न किसी रूप में सम्मानित, पुरस्कृत और अलंकृत होते रहते हैं। उन्हें सर-आंखों पर बैठाते समय कोई भी यह सवाल नहीं पूछता कि उनका बौध्दिक स्तर क्या है। बौध्दिक स्तर से आशय यहां सिर्फ कॉलेज या विश्वविद्यालय की डिग्री से नहीं है। ऐसा व्यक्ति विवेक सम्पन्न है या नहीं, उसमें सिध्दांतों पर टिके रहने की जिद है या नहीं, वह बौध्दिक रूप से कितना ईमानदार है- इन बातों की तरफ शायद ही किसी की तवज्जो जाती हो। इस अनदेखी का ही परिणाम है कि देश की जनतांत्रिक व्यवस्था में महत्वपूर्ण और निर्णयकारी स्थानों पर ऐसे-ऐसे लोग काबिज हो चुके हैं जो कि उसके सर्वथा अयोग्य थे और इस गफलत की भारी कीमत हमें सामूहिक रूप से चुकाना पड़ रही है।'*

**( देशबन्धु में 11 अप्रैल 2013 को प्रकाशित )**

https://lalitsurjan.blogspot.com/2013/04/blog-post_11.html

## पावन प्रसंग

### चरित्र और आदर्श की कीमत पर विकास निरर्थक

मूल्य, सिद्धांत और नैतिकता जीवन के लक्ष्य और उसके क्रियान्वयन में सर्वाधिक संवेदनशील एवं महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। सफलता की धारणा केवल स्थापित मापदंड न होकर मानवीय मूल्यों से जुड़ा होकर मानव कल्याण के लिए भी होना चाहिए। इसमें कोई संदेह नहीं कि विश्व भर की सभी सभ्यताओं, संस्कृतियों और धर्मों में अहिंसा, सत्य ,करुणा, सेवा, दया और विश्व बंधुत्व की भावना की निर्विवाद उपस्थिति दिखाई देती है और वैश्विक विकास की अवधारणाो भी इन्हीं बिंदुओं पर रखकर तय की जाती है। प्राचीन काल से ही मूल्यों की प्रतिबद्धता की परंपरा चली आ रही है। ऋषि-मुनियों ने तो यहां तक कहा है कि जिसका चरित्र तथा माननीय आदर्श चला गया वह व्यक्तिं आदर्शों तथा मूल्य के पोषक उदाहरणों की अंतहीन सूची है जिनमें कबीर, रैदास, संत, ज्ञानेश्वर तुकाराम,मोइनुद्दीन चिश्ती, निजामुद्दीन औलिया, रहीम, खुसरो, गांधी,नेहरू, टैगोर, सुभाष, विवेकानंद जैसे महान लोग सिद्धांतों की प्रतिबद्धता को अपने जीवन की सफलता मानकर अपने जीवन को समाज को सौंप दिया था। परिणाम स्वरूप व्यक्ति को महज सफलता का पुजारी न बन कर मूल्यों के प्रति प्रतिबंध होने का प्रयास करना चाहिए ताकि तनिक सफलता के स्थान पर चिरस्थाई एवं समाज उपयोगी सफलता प्राप्त हो सके। वर्तमान में यह स्पष्ट रूप से दिखाई दे रहा है कि व्यक्ति स्वाद तथा सफलता के लिए अक्सर अपने मूल्यों को तिलांजलि दे देता है। वर्तमान सुख एवं लालच चिरस्थाई सफलता के सामने महत्वपूर्ण एवं प्राथमिक हो जाता है। आज मनुष्य तत्काल एवं अस्थायी सफलता के पीछे माननीय मूल्यों प्रतिबद्धताओं को किनारे कर उस मरीचिका की तरफ दौड़ रहा है जो अत्यंत अस्थायी एवं पानी के बुलबुले की तरह है और इससे न तो कोई इतिहास बनता है और न ही कोई प्रतिमान ही स्थापित होता है। पानी का पतला रेला नदी का रूप नहीं ले सकता। उसी तरह बिना मूल्यों की सफलता स्थाई नहीं होती है। राजनीति तथा प्रशासन में मूल्यों सिद्धांतों की तो ज्यादा आवश्यकता महसूस की जाती है। क्योंकि राष्ट्र तथा नीति निर्देशक तत्वों को संचालन की दिशा देने के लिए मानवीय संवेदना, मूल्य और सिद्धांतों की अत्यंत आवश्यकता होती है। अन्यथा समाज दिग्भ्रमित होकर बिखरने के कगार पर पहुंच जाता है। राष्ट्र विखंडित होने की स्थिति में आ जाता है। मूल्यविहीन समाज अपने अधिकारों के दुरुपयोग तथा कर्तव्य के प्रति लापरवाही तथा उदासीनता के चलते समाज को सोचनीय स्तर पर लाकर खड़ा कर देता है। सफलता तब ही शाश्वत तथा स्थायी हो सकती है जब इसमें जीवन के मूल्यों और सिद्धांतों का समावेश होता है। वही देश और राष्ट्र चिरस्थायी तथा लंबे समय तक स्वतंत्र रह सकता है, जिसके शासक एवं प्रजा अपने संपूर्ण कार्य मूल्यों, उसूलों और नैतिक प्रतिबद्धता के मार्ग पर चलकर वैश्विक देशों से अपने संबंध निर्मल तथा सैद्धांतिक बनाकर रखता है अन्यथा उस राष्ट्र को विखंडित और पराधीन होने से कोई नहीं बचा सकता।

**संजीव ठाकुर**

## आपके पत्र

### सरकार के कठोर निर्णय ने नक्सलियों को हथियार छोड़ने के लिए किया मजबूर

हर कोई जीना चाहता है मरना कोई नही चाहता। गृहमंत्री ने ऐलान किया था कि 2026 तक नक्सलियों का नामोनिशान मिटाने के लिए सरकार का निर्णय नक्सलियों को आत्मसमर्पण के लिए मजबूर किया है। नक्सलवाद देश और राज्य के लिए नासूर बन गया है। 1968 से नक्सलियों के हौसले बुलंद है। सरकार के विकासलक्षी आयोजन पर नक्सलियों को मुख्यधारा में जुड़ने का मन बनाया है। पुलिस के समक्ष आत्मसमर्पण करने वाले 13 नक्सली 68 लाख के इनामी थे। भूख,भय और परिवार के साथ अन्याय से हताश होकर आत्मसमर्पण के लिए आगे आए है। इतने नक्सलियों का आत्मसमर्पण करना सरकार की कुशल नीति रही है। अब यह धारणा प्रबल बन गई है कि सरकार की नीति विकासवाद की है। सरकार ने हरेक को 25 25 हजार की राशि और पुनर्वास उपलब्ध कराने का बीड़ा उठाया है। केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह की डेडलाइन से नक्सलियों के समूल सफाये का अभियान तेज हुआ है। इसको ध्यान में रखकर नक्सलियों ने निर्दोष पर गोली नही चलाने का प्रण किया है। खूंखार नक्सली झीरम घाटी कांड में 18 लोगों को मार गिराया था। बस्तर में पिछले 16 महीनों में 1116 नक्सलियों ने आत्मसमर्पण किया है। यह केंद्र सरकार की उपलब्धि है। जिनकी पुनर्वास सम्बंधित सभी लोगों को अपने परिवार के साथ रहने की पूरी छूट दी है। उस दौरान 809 नक्सली पकड़े गए थे। इस मुठभेड़ में निर्दोष भेंट चढ़ते है। उल्लेखनीय है कि 2024 में इनामी नक्सलियों ने आत्मसमर्पण किया था। सरकार अपने हर स्तर पर विकासमूलक कार्यो को अंजाम दे रही है। लगातार मुठभेड़ों में नक्सली मारे जा रहे है इस वजह से मुख्यधारा में जुड़ने और परिवार के साथ सुकून का जीवन जीने के लिए मन बनाया है। बीजापुर में 50 नक्सलियों ने हिंसा छोड़ मुख्यधारा में जुड़ने के लिए विकास का मार्ग अपनाया है। नकारात्मक को छोड़कर नक्सली हथियारों को हमेशा के लिए छोड़ने का संकल्प लिया है। यह बदलते समय और सरकार का सकारात्मक रवैया का असर है। इसमें कांग्रेस की अहम भूमिका और कांग्रेस की नीतियों के कारण नक्सलियों के हौसले बुलंद होते गए। ग्रामीण सड़को का निर्माण, करोड़ों के विकास कार्य और चौकियों का बनना नक्सलियों के लिए आफत साबित हो रहा था। इन विकास कार्यो को देखते हुए और हमलों में मारे जाने की वजह से नक्सलियों ने आत्मसमर्पण का रास्ता अपनाने के लिए मजबूर हुए हैं। मुख्यधारा से जुड़कर हमेशा के लिए नई जिंदगी की शुरुआत वर्तमान सरकार की बड़ी देन है।

**कांतिलाल मांडोत, सूरत**

## सार-समाचार

### जलगंगा संवर्धन अभियान में की तालाब की सफाई



**सांची, देशबन्धु।** प्रदेश सरकार द्वारा संचालित जलगंगा संवर्धन अभियान अंतर्गत आज नगर के मदागन तालाब एवं कनक सागर पुरनिया तालाब पर नगर परिषद अध्यक्ष पप्पू रेवाराम के नेतृत्व में नगर परिषद अधिकारी, कर्मचारियों, जनप्रतिनिधियों ने सफाई अभियान चला कर सफाई की। इस अवसर पर नगर परिषद उपाध्यक्ष सहित अन्य उपस्थित रहे।

### मंत्र ने 5वीं में प्रथम स्थान प्राप्त किया



**सीहोर, देशबन्धु।** शासकीय सीएम राइज मनुबेन उमावि मंडी सीहोर में कक्षा 5वीं एवं कक्षा 8वीं के परीक्षा परिणाम घोषित किए गए। विद्यालय का दोनों कक्षाओं का परीक्षा परिणाम 100 प्रतिशत रहा। कक्षा आठ में प्रथम स्थान हिमांशु मालवीय, द्वितीय स्थान आदित्य राज शर्मा तथा तृतीय स्थान रवि ने प्राप्त किया वहीं कक्षा 5 में प्रथम स्थान मंत्र जोहरी, द्वितीय स्थान कुछ तमन्ना पुत्री नंद किशोर तथा तृतीय स्थान परी राय पुत्री अनिल राय द्वारा प्राप्त किया गया। संस्था प्राचार्य दीप सिंह राठौर एवं प्रधान अध्यापक रेखा हनी सिंह एवं रेखा चौहान द्वारा सफल छात्र-छात्राओं को शुभकामनाएं प्रेषित की तथा पुष्प हार पहना कर छात्र छात्राओं तथा पालकों का स्वागत किया।

### सहायक शिक्षक वर्मा सेवानिवृत




**आष्टा, देशबन्धु।** बाबूलाल वर्मा सहायक शिक्षक के पद पर 1982 से शासकीय माध्यमिक शाला मुबारिकपुर में निरंतर अपनी सेवा देते आ रहे हैं जिनका शासकीय माध्यमिक शाला मुबारिकपुर एवं गौशाला में विदाई समारोह कायक्रम आयोजित किया गया है। सर्वप्रथम मां सरस्वती के चित्र प्रदीप प्रजनन माल्यार्पण कर कार्यक्रम को प्रारंभ किया गया। उक्त अवसर पर कार्यक्रम में बीआरसी अजब सिंह राजपूत, संकुल प्राचार्य दौलत सिंह ठाकुर, सीताराम वर्मा, जनशिक्षक एलम सिंह परमार, सरपंच संतोष कुमार वर्मा एवं संस्था के प्रभारी कमल बैरागी ,आर. बी. प्रजापति, शिक्षक घनश्याम जोशी शिक्षक लीलाधर परमार शिक्षक, हरेंद्र सिंह ठाकुर,जीतेंद्र सिंह ठाकुर मुबारिकपुर, बलराम सिंह परमार एवं विद्यालय के छात्र-छात्राओं एवं ग्रामवासी की उपस्थिति में विदाई समारोह कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का संचालन कमल बैरागी द्वारा किया गया।

### विधायक ने मानस भवन प्रसाधन केन्द्र का किया लोकार्पण

**आष्टा, देशबन्धु।** श्रीराम मानस संस्कृति एवं समाज कल्याण समीति मानस भवन द्वारा नवीन एवं सुसज्जीत प्रसाधन केन्द्र का लोकार्पण हिन्दू नववर्ष के प्रारंभ दिवस पर विधायक गोपालसिंह इंजिनियर के मुख्य आतिथ्य में एव हेमकुंवर रायसिंह मेवाड़ा अध्यक्ष नगरपालिका परिषद के विशिष्ठ आतिथ्य में तथा सत्यनारायण कांवरिया मानस भवन समिति की अध्यक्षता में संपन्न हुआ। इस अवसर पर विधायक गोपालसिंह इंजिनियर द्वारा मानस भवन के विकास के लिए 25 लाख रूपयें विधायक निधि से देने की घोषणा की एवं नगरपालिका अध्यक्ष हेमकुंवर रायसिंह मेवाडा द्वारा पेवर्स की घोषणा की। इस अवसर पर नगर के गणमान्य नागरिक सुरेश सुराणा, सुशील रांका, बी.एस.वर्मा, मनोहर साहु, किशन सोनी, रवि सोनी, देवकरण पहलवान, राजु चौरसिया, भुरू मुकाती, अनिल धनगर, जगदीश चौहान, अंजली विशाल चौरसिया आदि मौजूद रहे।

आयोजन को लेकर रघुवंशी समाज घर-घर जाकर दे रहा आमंत्रण

# उदयपुरा के रघुवंशी भवन में अक्षय तृतीया पर होगा विवाह सम्मेलन

**सिलवानी, देशबन्धु।** रघुवंशी समाज के द्वारा आदर्श विवाह सम्मेलन को लेकर तैयारियां बड़ी जोरों से चल रही है। रायसेन जिले वा अनेकों तहसीलों में निवास करने वाले रघुवंशी समाज के परिवारों को घर घर जाकर रघुवंशी समाज आमंत्रण दे रहा है। अक्षय तृतीया पर रघुवंशी समाज के द्वारा तहसील उदयपुरा मे निर्मित रघुवंशी समाज की धर्मशाला में 30 अप्रैल को विशाल आदर्श विवाह सम्मेलन का आयोजन किया जा रहा है। आदर्श विवाह सम्मेलन हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी रघुवंशी समाज सिलवानी की ओर से होना है। जिसमे प्रदेश के समस्त रघुवंशी समाज तहसील उदयपुरा नगर के रघुवंशी भवन में एकत्रित होकर सम्मेलन आयोजन को सफल बनायेंगे। विवाह सम्मेलन समिति के जिला अध्यक्ष पटेल रघुवर सिंह रघुवंशी ग्राम पठा, पूर्व कृषि मंडी उपाध्यक्ष मोहन मुरारी रघुवंशी ग्राम ,गोरखा पटेल सीएम,चूड़ामणि रघुवंशी,युवा जिला रघुवंशी समाज अध्यक्ष अजय पटेल पूर्व जिला जनपद सदस्य महेंद्र पटेल ग्राम वीकलपुर रिटायर्ड शिक्षक पटेल रामकृष्ण रघुवंशी ग्राम गगनबाड़ा आदि समाज के वरिष्ठ जनों द्वारा अलग-अलग टीमें बनाकर नगर तथा ग्रामीण क्षेत्रों में 30 अप्रैल को अक्षय तृतीया पर होने वाली सम्मेलन को लेकर ग्राम तथा नगर में समाज के लोगों को आमंत्रण दे रहे हैं। वहीं विवाह सम्मेलन समिति के वरिष्ठ तथा पूर्व जनपद उपाध्यक्ष वीरेंद्र रघुवंशी ने गांव मदनपुर में बैठक में कहा कि रघुवंशी समाज तब मजबूत होगी जब समाज का हर व्यक्ति एक दूसरे के साथ कंधे से कंधा मिलकर साथ चले। बिना एकता के कोई भी समाज सफलता के आयाम तक नहीं पहुंच सकती इसलिए हमें चाहिए कि हम एक जुट होकर सामाजिक धार्मिक सांस्कृतिक कार्यक्रमों में अपनी सहभागिता सुनिश्चित करें । सम्मलेन के ब्लॉक अध्यक्ष संतोष पटेल जेतपुर ने कहा कि रघुवंशी समाज के 9 जोड़े हो गए है। आगे और रजिस्ट्रेशन होना है अधिक से अधिक और रघुवंशी समाज के जोड़ों हो सके जिसको लेकर समाज द्वारा तैयारी की जा रही है। सिलवानी रघुवंशी समाज ब्लॉक अध्यक्ष पटेल महेश सिंह रघुवंशी,पटेल विश्वनाथ सिंह रघुवंशी बीकलपुर,कांग्रेस के वरिष्ठ नेता गजेंद्र पटेल छींद जनपद सदस्य राजीव रघुवंशी छींद राजकुमार रघुवंशी हीरापुर, रघुवंशी पटेल राजीव रघुवंशी मुआर, महेश पटेल पठा युवा संगठन के कार्यकारी अध्यक्ष सुनील रघुवंशी सभी समाजजन घर घर जाकर आमंत्रण पत्र देकर विवाह सम्मेलन का आग्रह कर रहे है।

### भाजपा मंडल की कार्यकरिणी घोषित

**सिलवानी, देशबन्धु।** भारतीय जनता पार्टी जिलाध्यक्ष राकेश शर्मा पूर्व पूर्व मंत्री ठाकुर रामपाल राजपूत एवं भाजपा मंडल अध्यक्ष श्याम साहू की सहमति से भाजपा मंडल सिलवानी की कार्यसमिति की घोषणा की गई है। नई कार्यसमिति में विभिन्न पदों पर नियुक्तियां की गई हैं, जो पार्टी के विभिन्न कार्यों और कार्यक्रमों को सुचारू रूप से चलाने में मदद करेंगी। कार्यसमिति में भाजपा मंडल उपाध्यक्ष अजमेर यादव सिलवानी, ब्रजेश शर्मा सलैया, राजकुमारी जयप्रकाश लोधी कीरतपुर, संजीव जैन जेके, पुनीत समैया सिलवानी, सुषमा नंदकिशोर साहू सांईखेड़ा को उपाध्यक्ष बनाया गया है। भाजपा मंडल महामंत्री लखन चंदेल सांई खेड़ा, मंत्री लक्ष्मी कुशवाहा सिलवानी, सरपंच सत्यपाल धाकड़ कीरतपुर मुकेश रघुवंशी कीरतपुर, सीमा चरण राठौर खमरिया मानपुर, संजय तिवारी पुर्व पाषर्द सिलवानी भूरीबाई जगदीश अहिरवार सिमरिया मंत्री बनाया गया है। भाजपा मंडल कोषाध्यक्ष ईश्वर राय सांईखेड़ा कार्यालय मंत्री के लिए ओम पाल सिलवानी, भाजपा मंडल मीडिया प्रभारी राधेश्याम साहू, सह मीडिया प्रभारी मनीष नामदेव सिलवानी को बनाया गया है। भाजपा आईटी सेल प्रभारी, कोषाध्यक्ष ईश्वर बाय साइन खेड़ा, कार्यालय मंत्री ओमपाल सिलवानी अजीम शाह, प्रवक्ता देवेन्द्र रघुवंशी डुंगरिया सहित अन्य सदस्यों की घोषणा की गई है। मंडल अध्यक्ष श्याम साहू ने कार्यसमिति के सभी पदाधिकारियों से एकजुट होकर पार्टी के विकास में योगदान देने की अपील करते हुए सभी को शुभकामनाएं दी।

# ईद: एक-दूसरे को गले मिलकर दी मुबारकबाद




**सांची, देशबन्धु।** नगर में ईदुलफितर का त्यौहार पूरे उल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर मौलाना मकसूद साहब ने ईद की विशेष नमाज अदा कराई। नमाज के बाद उन्होंने अपनी दुआ में देश में अमन-चैन, खुशहाली और तरक्की की दुआ मांगी एवं एक दूसरे को गले मिलकर मुबारकबाद दी। इसके साथ ही नगर के सभी लोगों ने एक दूसरे को इस पर्व की मुबारकबाद दी। इसके पहले मौलाना मकसूद ने अपनी तकरीर मे त्यौहार मनाने पर विस्तार से उल्लेख किया एवं फितरा जकात सदके का महत्व समझाते हुए गरीबों की मदद करने आगे बढ़ने की हिदायत दी। उन्होंने कहा यह पर्व खुशी मोहब्बत एकता भाईचारे की मिसाल पेश करता है। इस अवसर पर हाफिज अफसर ने लोगों को कुदरत द्वारा उपलब्ध कराई सुविधाएं पानी की बचत करने एवं आवश्यकता अनुसार पानी उपयोग करने की अपील करते हुए कहा कि हमें जगह जगह पेड़ पौधे भी लगाना चाहिए इससे लोगों को छांव के साथ फल भी मिलेंगे एवं आक्सीजन की मात्रा भी बढ़ेगी। विगत दिनों कुरान मुक्म्मल होने पर हाफिज अफसर सा का स्तगबाल भी किया गया। बांसखेडा सिलवाहा में भी ईदुलफितर की नमाज अदा की गई। मुस्लिम समुदाय के लोगों ने वक्फ बिल के विरोध में हाथों पर काली पट्टी बांधकर नमाज अदा की। यह एक प्रतीकात्मक विरोध था, जिसमें उन्होंने अपनी भावनाओं को शांतिपूर्ण तरीके से प्रकट किया।

### ईदगाह पर अदा की ईद की नमाज, कड़ी रही सुरक्षा व्यवस्था



**बुधनी, देशबन्धु।** नगर में ईद अमन चैन की दुआ के साथ मनाई गई। ईदगाह में मुस्लिम समुदाय के लोगों ने ईद की नमाज अदा की। कल शाम को चांद नजर आने के साथ ही घरों में ईद की तैयारियां जोरों पर थीं और यह उत्साह बड़ों से लेकर बच्चों तक में नजर आ रहा था। सोमवार की सुबह नगर में स्थित ईदगाह पर मुस्लिम समुदाय के लोग एकत्र हुए, जहां ईद की नमाज अदा की गई। नमाज के बाद लोगों ने एक-दूसरे को गले लगाकर ईद की मुबारकबाद दी और खुशियों का आदान-प्रदान किया। ईद के मौके पर नगर और आसपास के इलाकों में शांति और कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस की कड़ी सुरक्षा व्यवस्था की गई थी। इस दौरान नगर में एसडीएम दिनेश सिंह तोमर,तहसीलदार सौरभ वर्मा, थाना प्रभारी चेन सिंह रघुवंशी सहित विभागीय अधिकारी और कर्मचारी मोजूद रहे।

# सलकनपुर मंदिर का वीडियो सामने आने पर पुलिस ने दी चेतावनी



**बुधनी, देशबन्धु।** नवरात्रि के दौरान मां विजयासन देवी मंदिर सलकनपुर में सुरक्षा नियमों की अनदेखी का मामला सामने आया है। रविवार को सामने आए वीडियो में कुछ लोग रोपवे के ऊपर बैठे नजर आ रहे हैं। विडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हुआ जिसको लेक लापरवाही सामने आई है। इस मामले को लेकर एसडीओपी रवि शर्मा ने पुष्टि की है। रोपवे संचालक ने पुलिस को बताया कि ये उनके कर्मचारी थे, जो रोपवे की रूटीन चेकिंग कर रहे थे। हालांकि, पुलिस ने इस पर आपत्ति जताई क्योंकि कर्मचारी बिना सुरक्षा उपकरण और हेलमेट के रोपवे पर बैठे थे। नवरात्रि के इस पावन अवसर पर हजारों श्रद्धालु मंदिर पहुंच रहे हैं। मंदिर तक पहुंचने के लिए तीन मार्ग हैं सड़क मार्ग, सीढ़ी मार्ग और रोपवे। पुलिस ने रोपवे संचालक को कड़ी चेतावनी दी है। उन्हें स्पष्ट निर्देश दिए गए हैं कि भविष्य में कोई भी कर्मचारी बिना सुरक्षा उपकरणों के रोपवे पर न बैठे।

# नमाज अदा कर मांगी अमन-चैन की दुआ



**आष्टा, देशबन्धु।** रमजान माह के पूरे रोजे रखने के बाद मुस्लिम समुदाय के लिए खुशियों का बड़ा पर्व ईद मनाई गई । जैसे ही रविवार की शाम चांद दिखने की खबर मिली। हर कोई सुबह ईद मनाने को लेकर तैयारी कर रहा था। नगर का प्रमुख बाजार रातभर खुला रहा। जमकर ईद की तैयारी को लेकर मुस्लिम समाज ने खरीदारी की। ईदगाह पर शहर काजी आरिफ फजले बारी की उपस्थिति मे मुफ्ती लईक ने समय की पाबंदी के साथ ईद की नमाज अदा करवाई तथा देश और प्रदेश के लिए के लिए अमन चैन की दुआएं मांगीं। सभी मुस्लिम भाइयों ने एक दूसरे को ईद की मुबारकबाद दी और इस अवसर पर मिठाइयां बांटीं।

शहर काजी फजले बारी ने बताया कि मीटिंग में ईदगाह और अन्य प्रमुख मस्जिदो में ईद की नमाज का समय तय किया गया था। उसी के पाबंदी के साथ ईद उल फितर पर ईदगाह पर सुबह 7:30 बजे ईद की नमाज अदा कराई साथ ही सभी मस्जिदों में जिसमें प्रमुख रूप से पुराना बस स्टैंड मस्जिद, काजीपुरा, किला,मस्जिद शाहजहांनी,नूरानी मोती मस्जिद पीली खदान के साथ अन्य मस्जिदों में भी समय की पाबंदी के साथ ईद की नमाज अदा की गई। नगर में एक दूसरे धर्म के अनुयाई त्योहारों में सम्मिलित होते हैं, यही हमारे नगर की पहचान है। पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष कैलाश परमार ने शहर काजी फ़जले बारी आरिफ, मुफ्ती लईक कासमी, ईदगाह कमेटी सदर मोहम्मद बब्बन हाफिज का शाल एवं साफा बांधकर सम्मान किया। इस अवसर पर नईम उद्दीन,बंशीलाल बांबे,सुरेद्र परमार,इदरीस मंसूरी, रशीद नेता,जाहिद गुड्डू,ब्लॉक अध्यक्ष जितेंद्र शोभाखेड़ी,घनश्याम जांगड़ा, कमलसिंह चौहान,धर्मेद्रसिंह सहित बड़ी संख्या मे हिंदु मुस्लिम भाईचारा का संदेश देते हुए ईद की बधाई दी। ईदगाह पर जैसे ही नमाज अदा की गई उसके बाद सभी ने एक दूसरे को गले मिलकर ईद की बधाई दी ईदगाह पर मुस्लिमों से ईद की बधाई देने बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि पहुंचे। ईदगाह पर पूर्व नपा अध्यक्ष कैलाश परमार, कांग्रेस के नेता हरपाल सिंह ठाकुर, विनीत सिंगी ,कृपाल सिंह आदि पहुंचे इस दौरान एसडीओपी आकाश अमलकर ,थाना प्रभारी गिरीश दुबे सहित पुलिस बल प्रशासनिक अधिकारी उपस्थित रहे।

# त्यौहारों को लेकर नगर परिषद का आदेश, बंद रहेगी मांसाहार दुकानें



**बुधनी, देशबन्धु।** नगरीय प्रशासन ने सोमवार को नगर में संचालित मांसाहार दुकानें को तत्काल प्रभाव से बंद रखने के आदेश जारी कर दिए। इसको लेकर नगरीय प्रशासन की टीम ने सभी मांस विक्रेताओं को पत्र देकर सूचना दी गई। तो वहीं एक पत्र थाना प्रभारी को लिखकर मांसाहार दुकानें बंद करवाने में सहयोग की देने की बात कही। नवरात्र पर्व के दौरान रविवार को नगर में संचालित मांसाहार दुकानें खुली होने की सूचना पर नगर परिषद सीएमओ सन्तोष रघुवंशी स्टॉफ के साथ स्वयं जाकर दुकानें बंद रखने की अपील की थी तो वहीं देर शाम कुछ मांसाहार दुकानें खुली हुई थी। बता दें हाल ही में धार्मिक त्यौहारों को लेकर नगर में सकल हिन्दू समाज बैठक बुलाई थी जिसमें धार्मिक त्यौहारों को श्रद्धा और आस्था के साथ मनाए जाने को लेकर कार्यक्रमों पर चर्चा की गई थी। जिसमें नवरात्र, गुड़ी पड़वा, हनुमान जन्मोत्सव, रामनवमी, महावीर जयंती के पर्वों के दौरान नगर में स्थित मांसाहार दुकानें बंद रखने की मांग को लेकर सकल हिन्दू समाज के पदाधिकारियों ने तहसील कार्यालय में जाकर एसडीएम दिनेश सिंह तोमर को ज्ञापन के माध्यम से अवगत करवाया था। जिसमें बुधनी एसडीएम ने नगरीय प्रशासन को पत्र लिखकर नगर में संचालित दुकानें बंद करवाने की बात कही थी। चैत्र नवरात्र से नववर्ष, गुड़ी पड़वा की शुरुआत होती है इस दौरान सलकनपुर स्थित प्राचीन देवी धाम मन्दिर में दूर दूर से श्रद्धालु माता के दर्शनों के लिए जाते हैं। इस दौरान नगर के मुख्य मार्ग पर स्थित मांसाहार दुकानों से श्रद्धालुओं की भावनाएं आहत न हो इसको लेकर नगर के हिंदू संगठनों ने मांसाहार दुकानें पूर्णत: बंद रखने के लिए स्थानीय प्रशासन को अवगत कराया था।

# खड़ी गांव से जल गंगा संवर्धन अभियान का विधायक ने किया शुभारंभ



**आष्टा, देशबन्धु ।** राज्य शासन के निर्देशानुसार 30 मार्च से 30 जून तक चलने वाले जल गंगा संवर्धन अभियान का विधायक गोपालसिंह इंजीनियर ने ग्राम पंचायत खड़ी हाट से शुभारम्भ किया गया । प्रत्येक ग्राम पंचायत में उक्त अभियान चलेगा । आज उक्त अभियान का ग्राम पंचायत गोपालपुर, चिंनोठा, चामसी, टीटोरिया, बैजनाथ, खामखेड़ा, सेवदा,शम्भूखेड़ी,बगड़ावदा में शुभारम्भ हुआ। जिसमें विधायक गोपालसिंह इंजीनियर,मनोहर पटेल,मंडल अध्यक्ष सुनील आर्य,पूर्व अध्यक्ष भगवानसिंह आदि उपस्तिथ रहे । सभी ग्राम पंचायतों में पीएम आवास योजना ग्रामीण के हितग्राहियों को प्रमाण पत्र भी वितरित किये गये इस अवसर पर बैजनाथ में लगभग 13 लाख के विकास कार्यो की भी सौगात लोकार्पण एवं भूमिपूजन कर विधायक श्री गोपालसिंह इंजीनियर ने दी। इस अवसर पर जल संरक्षण की सभी को शपथ दिलाई गई। इस अवसर पर विधायक श्री इंजीनियर ने अपने संबोधन में कहा की जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत जल संरक्षण एवं संवर्धन से संबंधित खेत, तालाब, अमृत सरोवर, परकोलेशन टैंक, डगवेल, तालाब जीर्णोद्धार, जनभागीदारी के कार्य, कूप एवं बाउंड्री मरम्मत के कार्य किए जाएंगे। जल गंगा संवर्धन अभियान का प्रमुख उद्देश्य जनभागीदारी से जल संरक्षण तथा संवर्धन सुनिश्चित करना है। इस अभियान के अन्तर्गत समाज की भागीदारी तथा और विभिन्न सहयोगी विभागो की समेकित पहल से मुख्यत जल संरक्षण संरचनाओं के निर्माण, भूजल संवर्धन, पूर्व से मौजूद जल संग्रहण संरचनाओं की साफ सफाई एवं जीर्णोद्धार करना है। इसके साथ ही जल स्त्रोत में प्रदूषण कम करना, साफ सफाई करना, पौधरोपण के कार्य किए जाएंगे। जल संरक्षण जागरूकता के लिए विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जायेगा। इस अभियान का क्रियान्वयन अनेक विभाग मिलकर करेंगे।

# पात्र हितग्राही को आवास योजना से वचिंत नहीं रखा जाएगा: गोपाल सिंह

- विधायक ने नए स्वीकृत आवासों के हितग्राहियों को घर-घर जाकर वितरित किए स्वीकृति पत्र



**आष्टा, देशबन्धु ।** जनपद पंचायत के ग्राम मुंदीखेडी,काजीखेडी,धनाना, हकीमाबाद, हीरापुर, पटारिया, लोरासखुर्द, हूसैनपुरखेडी,कमालपुर खेडी गोदी आदि ग्रामों में विधायक गोपालसिंह इंजीनियर ने प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत नव स्वीकृत आवासों के हितग्राहियों के घर घर जाकर बधाई दी एवं उन्हें स्वीकृति पत्र वितरित किये। इस अवसर पर उन्होने ग्रामीणों को संबोधित करते हुए कहा की प्रधानमंत्री आवास योजना के सभी हितग्राही मेरा अपना परिवार है । अभियान के तहत प्रत्येक हितग्राही के घर जाकर उन्हे बधाई संदेश देकर एंव इन सभी हितग्राहियों और इनके परिवार के सभी सदस्यों को आवास के साथ साथ पेशंन,खादान्न पर्ची,किसान सम्मान निधि, आयूष्मान कार्ड,संबल कार्ड, लाडली लक्ष्मी ,लाडली बहना, स्वामित्व का पट्टा आदि योजनाओं से पात्रता परीक्षण कर शत प्रतिशत जोड़ने की कार्यवाही हेतु अभियान चला रहे है। इस वित्तीय वर्ष मे ग्रामीण क्षेत्र मे 144 ग्राम पंचायतों मे विधायक इंजीनियर के प्रयासों लगभग 10 हजार नवीन आवास स्वीकृत हुये है,जो कि पूरे प्रदेश मे सर्वाधिक लक्ष्य मे से एक है। इसके लिए विधायक ने देश के प्रधानमंत्री और म.प्र. के मुख्यमंत्री का आभार व्यक्त किया । आज तक पूर्व के वर्षों को मिलाकर प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण अंतर्गत विधान सभा मे 28330 का लक्ष्य प्राप्त हो चूका है। ग्रामीण क्षेत्र मे आवास निर्माण हेतु चार किश्तों मे एक लाख बीस हजार रूपये की राशि एंव मनरेगा योजना से 90 दिन की मजदूरी सीधे हितग्राही के खातों मे प्रदान की जाती है । इसी क्रम मे विधानसभा अंतर्गत तीनो नगरीय निकायों को मिलाकर जिसमे आष्टा,जावर,कोठरी शामिल मे है,को कुल लगभग 4700 हितग्राहियों को शहरी आवास योजना का लाभ प्राप्त हो चूका है । विधायक द्वारा बताया गया कि ,किसी भी पात्र हितग्राही को इस योजना से वचिंत नही रखा जायेगा, नये आवास सर्वे मे छूटे हुये शत प्रतिशत पात्र लोगों के नाम जोड़े जायेंगे । कोई भी पात्र हितग्राही न छूटे इस हेतु जनपद के मुख्य कार्यपालन अधिकारी को निर्देशित कर कडी समीक्षा करने और शिकायत आने पर कठोर कार्यवाही करने हेतु निर्देशित किया ।विधायक श्री इंजीनियर ने इस अवसर पर कहा कि आपसे आवास योजना के नाम पर कोई भी कर्मचारी अधिकारी पैसे मांगे तो किसी को एक रुपया देने की जरूरत नही है,जो पैसे मांगे उसकी सप्रमाण मुझे बताये उसका इलाज में करूंगा। दौरे मे विधायक के साथ मैना मंडल अध्यक्ष सुनील आर्य सहित भाजपा के सभी पदाधिकारी,सरपंच सहित सभी संबधित ग्राम पंचायतों के सचिव,रोजगार सहायक अन्य सभी जनप्रतिनिधि एंव विभागीय अधिकारी भी उपस्थित रहे।

## सार समाचार

### स्कूलों में दाखिले के लिए पहला क़दम अभियान और प्रवेशोत्सव

**सिरोंज, देशबन्धु।** आज से नवीन शैक्षणिक सत्र प्रारंभ हो रहा है जिसे शाला में पहला क़दम अभियान एवं प्रवेशोत्सव के रूप में मनाया जा रहा है। समस्त छात्र छात्राएं जिनकी आयु छह वर्ष है वे कक्षा प्रथम में प्रवेश ले रहे हैं एवं अधिक से अधिक छात्र छात्राओं को प्रोत्साहित करने हेतु जिला प्रशासन द्वारा एक पहल चलायी जा रही है जिसके अनुसार प्राथमिक शालाओं में नव प्रवेशित बच्चों का कल ढोल नगाड़े , रंगोली, सजावट, तोरणद्वार, दीवार लेखन आदि से स्वागत होगा एवं सभी छात्र छात्राओं को नि:शुल्क एक-एक किट वितरित की जाएगी। इस किट को स्थानीय स्तर पर पूर्णत: जनसहयोग से एकत्रित राशि के माध्यम से ख़रीदा गया है।बच्चों को दी जाने वाली किट हेतु विशेष रूप से अभिभाषक संघ, पटवारी संघ, थोक अनाज तिलहन व्यापार संघ एवं समस्त शासकीय विभाग प्रमुखों ने विशेष रूप से योगदान दिया है। साथ ही सरपंचों,जनप्रतिनिधियों एवं समाजसेवियों का सहयोग भी प्राप्त हुआ है। समस्त प्राथमिक शालाओं में मनाए जा रहे प्रवेश उत्सव कार्यक्रम में नागरिकों के सहभागिता की अपील एसडीएम हर्षल चौधरी ने की है।

### भाजपा नगर मंडल कार्यकारिणी की हुई घोषणा

**सिरोंज, देशबन्धु।** भारतीय जनता पार्टी नगर मंडल के पदाधिकारियों एवं मंडल कार्यकारिणी की घोषणा सोमवार को की गई। मंडल अध्यक्ष सीताराम कुशवाह ने संगठन के शीर्ष नेतृत्व,वरिष्ठ नेताओं पदाधिकारियों, जनप्रतिनिधियों से चर्चा एवं सहमति उपरांत अनुमोदित कराकर नगर मंडल की अपनी नवीन टीम की घोषणा करते हुए बताया कि उनकी मंडल पदाधिकारियों में छह उपाध्यक्ष छह मंत्री एवं दो महामंत्रियों सहित छब्बीस सदस्यीय पदाधिकारी एवं पैंतीस सदस्यीय कार्यसमिति का मनोनयन किया गया है। जिसमें मंडल पदाधिकारी में सात एवं कार्यसमिति में सत्रह सहित कुल चौबीस महिला कार्यकर्ताओं को स्थान प्रदान किया गया है। महामंत्री पद पर पूर्व से कार्य कर रहे सुमंत मित्तल तथा हरिचरण अहिरवार को पुन: जिम्मेदारी सौंपी गई है। कार्यकारिणी में मीडिया,आई टी ,सोशल मीडिया एवं प्रचार को भी स्थान दिया गया। कोषाध्यक्ष की जिम्मेदारी श्रीमती क्रांति संतोष रघुवंशी को सौंपी गई है। कार्यकारिणी की घोषणा होने पर घोषित कार्यकारिणी के पदाधिकारियों एवं कार्यसमिति सदस्यों ने प्रदेश के वरिष्ठ नेतृत्व का आभार जताते हुए मुख्यमंत्री मोहन यादव,प्रदेश अध्यक्ष विष्णुदत्त शर्मा, जिलाध्यक्ष महाराज सिंह दांगी,प्रभारी मंत्री लखन पटेल,विधायक उमाकांत शर्मा,मंडल अध्यक्ष सीताराम कुशवाह का आभार व्यक्त किया है आभार व्यक्त करने वालों में सुमंत मित्तल,हरिचरण अहिरवार,संजय सोनी,रीना सचिन शर्मा,विष्णु गर्ग,आकाश जैन,राम दांगी सहित ज्योति मनीष चौरसिया,आरती राजेंद्र कुशवाह सहित कार्यकर्तागण शामिल हैं।

# मानव श्रृंखला बनाकर दिया जल संरक्षण का संदेश

**जल गंगा संवर्धन अभियान में ग्रामीणों ने की जल स्रोतों की सफाई**



**सिरोंज, देशबन्धु।** जल गंगा संवर्धन अभियान के शुभारंभ पर क्षेत्र के ग्राम इमलानी में मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद की चयनित नवांकुर संस्थाएं सर्वधर्म जन कल्याण सेवा समिति एवं जन जागरण ग्राम विकास समिति धारपुर द्वारा सामुहिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें ग्रामीणों को जल संरक्षण के संबंध में जागरूक किया गया। जिसके तहत सर्व प्रथम गांव के प्रमुख मंदिर परिसर एवं जलस्त्रोतों के आसपास सामुहिक रूप से साफ सफाई की गई। मानव श्रृंखला बनाकर जल संरक्षण का संदेश दिया गया साथ ही गांव के प्रमुख कुए के पास पहुंचकर उसकी पूजन ग्रामीणों के साथ की गई।

इस अवसर पर ग्राम चौपाल के दौरान संस्था प्रमुख अंकित पाठक ने ग्रामीणों को संबोधित करते हुए कहा कि क्षेत्र में भूमिगत जलस्तर बढ़ाने हेतु तालाब निर्माण के साथ ही तालाबों और कुओं के गहरीकरण के कार्य किए जाना चाहिए। जिससे वर्षा के दौरान जल संग्रहण हो सकेगा एवं भूमिगत जल स्तर में भी वृद्धि होगी। उन्होंने कहा कि एक समय था जब थोड़ी सी खुदाई पर जमीन से पानी निकल आता था आज सैकड़ों फीट नीचे तक खुदाई के बाद भी पर्याप्त पानी नहीं मिल पा रहा है। क्योंकि हम बारिश का जल संरक्षित नहीं कर रहे हैं। मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद के ब्लॉक समन्वयक चरण सिंह दांगी ने कहा कि बरसात के पानी का संरक्षण वर्तमान समय की आवश्यकता है यह भू-जल स्तर वृद्धि में सहायक सिद्ध होगा। शासन के निर्देशानुसार जल स्त्रोतों के संरक्षण एवं पुनर्जीवन हेतु जल गंगा संवर्धन अभियान आज से प्रारंभ किया गया है जो 30 जून तक चलाया जाएगा। इस अवसर पर संस्था प्रमुख प्रमोद रघुवंशी, राजपूत और समिति अध्यक्ष बाबू सिंह, नवल सिंह राजपूत, केसी पटेल सहित बड़ी संख्या ग्रामीण मौजूद रहे।

### विद्यार्थियों ने की चेतन बावड़ी की सफाई



**सिरोंज, देशबन्धु।** मुख्यमंत्री पाठ्यक्रम के विद्यार्थियों के साथ परामर्शदाताओं द्वारा चेतन बावड़ी की सफाई कर जल गंगा संवर्धन अभियान की शुरुआत की गई। एलबीएस कॉलेज में सम्पर्क कक्षा आयोजन के उपरांत विकास खण्ड समन्वयक चरण सिंह दागी परामर्शदाता दिनेश शाक्य, नरेंद्र दांगी, इंदर रघुवंशी, कृष्ण चंद्र पटेल एवं माधुरी देवलिया आदि छात्र-छात्राओं को लेकर नगर के वार्ड 16 स्थित चेतन बावड़ी पहुंचे। जहां उन्होंने बावड़ी के ऊपरी सतह से लेकर उसकी सीढ़ियों से नीचे पहुंच कर संचित पानी तक झाड़ू से कचरा एकत्रित कर सफाई की। वहीं विद्यार्थियों के साथ मानव श्रृंखला बनाकर जल संवर्धन का संदेश दिया गया। विकास खण्ड समन्वयक दांगी ने बताया आज से जल गंगा संवर्धन अभियान की शुरुआत की गई है शासन का यह 90 दिवसीय अभियान 30 जून तक चलेगा। इस बीच नवांकुर संस्थाएं परामर्शदाता एवं मुख्यमंत्री पाठ्यक्रम के छात्र छात्राएं पूरे विकास खण्ड में अभियान को लेकर गांव गांव में कलश यात्रा, नुक्कड़ नाटक, दीवार लेखन आदि कायक्रम आयोजित करेंगे।

**इमलानी हनुमान मंदिर में किया कुएं का पूजन:** जल गंग संवर्धन अभियान के तहत जन अभियान परिषद के इमलनी सेक्टर में नवांकुर संस्था जन जागरण ग्राम विकास समिति द्वारा कुआं पूजन कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में जल संवर्धन विषय को लेकर संस्था ने ग्रामीणों की एक जागरूकता बैठक आयोजित की गई। इसके उपरांत नवांकुर संस्था प्रमुख अंकित पाठक, विकास खण्ड समन्वयक, प्रमोद रघुवंशी, प्रस्फुटन समिति अध्यक्ष बाबू सिंह राजपूत, परामर्शदाता कृष्ण चंद्र पटेल, नवल सिंह राजपूत एवं गणमान्य द्वारा हनुमान मंदिर परिसर में कुआं का पूजन किया गया।

# पक्षियों के लिए जलपात्र वितरित कर किया नवसंवत्सर का स्वागत



**गंज बासौदा, देशबन्धु।** पंचतत्व संरक्षण समिति हर वर्ष नवसंवत्सर गुड़ी पड़वा के दिन से पक्षी चेतना अभियान के अंतर्गत प्यासे पक्षियों के लिए पानी, मुट्ठी भर दाने तथा विचरते पशुओं के लिए जलपात्र वितरण और पानी की टंकी रखकर नव वर्ष का स्वागत करती है। इस वर्ष भी समिति ने यह कार्यक्रम सदस्यों के साथ नगर के पत्रकारों को अतिथि बनाकर स्थानीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में किया। जिसमें अतिथियों द्वारा पर्यावरण की परम्परा अनुसार पृथ्वी पूजन कर सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलित करके कार्यक्रम का शुभारंभ किया। तत्पश्चात समिति की महिला सदस्य रीता भावसार, रानू सिंह, नीलू चौबे और दिव्या बैसाखिया द्वारा अतिथियों का तिलक लगाकर मिट्टी से बने सकोरे भेंट कर स्वागत और सम्मान किया। समिति के अध्यक्ष सुरेंद्र सिंह दांगी ने बताया कि पंचतत्व वर्षभर में तीन मुख्य कार्यक्रम करती है जिसमें यह नवसंवत्सर गुड़ी पड़वा पर पक्षी चेतना अभियान एक महत्वपूर्ण कार्यक्रम है। इस दिन से समिति प्यासे पक्षियों के दाना पानी पर प्यासे पशुओं को पानी की व्यवस्था करना शुरू कर पूरी गर्मी यह पुण्य कार्य करती रहती है। इसमें नागरिकों का और समिति के सदस्यों का भी सहयोग हमेशा बना रहता है। वरिष्ठ पत्रकार गोविंद नायक ने पंचतत्व के कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि हमारे शहर में उपलब्ध बेतवा नदी का पानी भी कम होने लगा है, आज नहीं तो कल हम सब भी जल न होने से परेशान होंगे इसलिए है सभी इसकी चिंता करना चाहिए। वरिष्ठ पत्रकार डॉ. डी पी शर्मा ने पंचतत्व के पर्यावरण हित के कार्यों में सहयोग देने को जोर दिया। नगरपालिका सांसद प्रतिनिधि देवेंद्र यादव ने पंचतत्व समिति के पाराशरी नदी के कायाकल्प अभियान की महत्वपूर्ण भूमिका को सराहा और कहा आज पंचतत्व समिति ने पक्षियों के लिए नया प्रस्ताव बर्ड हाउस बनाने का रखा वह भी सराहनीय है जिसे नगरपालिका द्वारा शीघ्र दोनों स्थानीय पार्क लक्ष्मी बाई उद्यान और मदनलाल जी मिश्र उद्यान में बनाए जाएंगे , पंचतत्व समिति के प्रमोद सिंह राजपूत ने कहा कि पंचतत्व अकेले पर्यावरण नहीं बचा सकती पर हम सब लोग पंचतत्व का सहयोग कर पर्यावरण बचा सकते हैं, समिति पूरी गर्मी सकोरे ओर होदी रखती है। समिति द्वारा पिछले लगाए पौधों में नंदीपुरा योगेंद्र कटियार फार्म हाउस में 10 हजार पेड़ों का जंगल, शासकीय अस्पताल के पीछे 43 विशालकाय पेड़, एस जी कॉलेज में लगातार चार वर्षों में 50 बड़े पौधे अपना आकार लेते हुए दिखाई देते हैं, जिसमें जन सहयोग भी रहता और जिस किसी को यह जल पात्र चाहिए हो वह पंचतत्व संरक्षण समिति से प्राप्त कर सकते हैं। समिति का 2000 सकोरे बांटने का लक्ष्य है। समिति के सदस्यों ने सभी को सकोरे भेंट किए और राहुल शर्मा लमन्या ने समिति से प्यासे पशुओं की टंकी प्राप्त कर सहयोग किया संचालन प्रमोद सिंह राजपूत ने किया। कन्या विद्यालय के प्राचार्य प्रभात श्रीवास्तव ने कार्यक्रम का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर ज्ञान प्रकाश भार्गव,राकेश खंडेलवाल, विमल जैन, विजय अग्रवाल, महेंद्र ठाकुर, राजेंद्र ठाकुर, शैलेन्द्र दीक्षित,निर्मल जैन, संदेश जैन,मनोज राठौर, संजय भंडारी, राकेश पुरोहित, संदीप जेथली,संदीप रावत, अशोक भावसार,विजय ठाकुर, मनीष श्रीवास्तव, रवि गुप्ता,अरविंद गुप्ता, बृजेंद्र दांगी, वीरेंद्र दांगी, अरुण शर्मा, रणधीर दांगी,हर्षल,अमित चौकसे, भगवान सिंह, शिवनारायण सक्सेना, कैलाश चौरसिया, महेश तिवारी, निर्मल सेन, आदि उपस्थित थे।

### ईदगाह पर पढ़ी ईद की नमाज



**सिरोंज, देशबन्धु।** नगर में ईद का त्यौहार उल्लास पूर्वक मनाया गया। प्रात: मुख्य नमाज ईदगाह पर पढ़ी गई। जहां पर करीब दस हज़ार लोगों ने नमाज अदा की। अब्दुल हाफिज ने नमाज अदा करवा कर खुतबा बयान किया व ईद का त्यौहार पारस्परिक सौहार्द और भाईचारे के साथ मनाने की अपील की। ईदगाह पर सुबह से ही सभी समाज के लोग एकत्र हो गए थे और नमाज के बाद एक दूसरे से गले मिलकर ईद की बधाइयां दी। नगर में दिनभर लोगों ने सेवाइयों का लुत्फ़ जमकर उठाया। पुलिस प्रशासन और नगर पालिका की सारी व्यवस्थाएं चाक चौबंद रही।

### महामाई के मेले में कल से 3 दिवसीय नि:शुल्क स्वास्थ्य परीक्षण शिविर

**सिरोंज, देशबन्धु।** चैत्र नवरात्रि के पवन पर्व पर मां महामाई के दरबार में आयोजित हो रहे मेले में सेवा भारती के तत्वाधान में तीन दिवसीय नि:शुल्क स्वास्थ्य परीक्षण एवं दवा वितरण शिविर का आयोजन किया जा रहा है। संजीवनी अस्पताल के सहयोग से दो अप्रैल से मंदिर प्रांगण में प्रारंभ होने वाले इस शिविर में दो अप्रैल को बुधवार को शुगर,बीपी, थायराइड के विशेषज्ञ भोपाल के डॉ संजीव गुलाटी,तीन अप्रैल को दिन गुरुवार को सेवा भारती मध्यभारत प्रांत उपाध्यक्ष एवं पूर्व स्वास्थ्य संचालक तथा महिला एवं स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ किरण शेजवार तथा 4 अप्रैल शुक्रवार को कैंसर सर्जन एवं हड्डी रोग विशेषज्ञ डॉ अमर जैन एवं ऋषभ जैन मरीजों का परीक्षण करेंगे। शिविर में प्रतिदिन मरीजों का उपचार एवं जांच करने वाले डॉ प्रतिदिन सुबह 11 बजे से शाम चार बजे तक शिविर स्थल पर उपलब्ध रहेंगे।

**महामाई मेले में पूजन के साथ किया रामलीला का शुभारंभ**

# कलाकारों ने नारद मोह और रावण जन्म प्रसंग की दी मनमोहक प्रस्तुति



**सिरोंज, देशबन्धु।** चैत्र नवरात्रि के अवसर पर श्री महामाई माता (डांगवाली) के दरबार में प्रारंभ हुए 15 दिवसीय विशाल मेले में रविवार को रात्रि में रामलीला का शुभारंभ हुआ। लीला के प्रथम दिवस भगवान की आरती उपरांत देर रात्रि तक नारद-मोह प्रसंग एवं रावण जन्म की मनमोहक प्रस्तुति दी गई। श्री महामाई सेवा समिति द्वारा प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी महामाई मेल में श्री रामलीला एवं रासलीला का आयोजन किया जा रहा है। इस हेतु प्रांगण में बने विशाल पांडाल में मां महामाई की प्रतिदिन रात्रि साढ़े आठ बजे होने वाली आरती उपरांत रात्रि नौ बजे से वृंदावन के कलाकारों द्वारा लीला का प्रारंभ की जाएगी। कथा वाचक पं. कृष्णमुरारी व्यास ने बताया कि रामलीला में वृंदावन से आए दो दर्जन से भी अधिक कलाकार प्रतिदिन दोपहर तीन बजे रासलीला एवं रात्रि नौ बजे रामलीला में अपनी प्रस्तुति देंगे। रविवार को प्रारंभ हुई श्री रामलीला के शुभारंभ में नारद-मोह प्रसंग की प्रस्तुति हुई। इससे पूर्व श्री रामलीला का शुभारंभ समिति सदस्यों द्वारा लक्ष्मीनारायण भगवान का पूजन-अर्चन किया गया। इस अवसर पर वरिष्ठ समिति सदस्य रामप्रकाश गर्ग, राकेश गोयल, विजय भार्गव, राजेंद्र गर्ग,शिवकुमार भार्गव सचिन शर्मा, सर्वेश शर्मा, सीरज मैना सतीश श्रीवास्तव के साथ ही बड़ी संख्या में समिति सदस्य उपस्थित रहे।

### रासलीला में हुआ श्रीकृष्ण जन्म

महामाई के प्रांगण में सोमवार को वृंदावन से पधारी श्री गौरांग प्रेमरस रासलीला माधुरी संस्थान के कलाकारों द्वारा रासलीला मंचन का शुभारंभ किया गया गया। प्रथम दिवस की लीला में श्री कृष्ण जन्म के पूर्व मथुरा के राजा कंस का पापाचार तथा देववाणी से अपने भांजे के हाथों अपनी मृत्यु की घोषणा से भयभीत होकर बहन देवकी, वसुदेव तथा उग्रसेन को कारागार में बंद करने ओर भगवान की लीला अनुसार भगवान श्री कृष्ण जन्म की लीला का मंचन किया गया। रासलीला का मंचन प्रतिदिन दोपहर में तीन बजे रामलीला प्रांगण में किया जाएगा।

**देवी जागरण में मुंबई के भजन गायक चरणजीत सिंह सौंधी की आज प्रस्तुति:** महामाई के दरबार में प्रतिवर्ष परंपरागत रूप से आयोजित होने वाले देवी जगराता भजन संध्या का आयोजन आज मंगलवार की रात्रि में किया जाएगा। रात्रि दस बजे से प्रारंभ होने वाली इस भजन संध्या में मुंबई के प्रसिद्ध भजन गायक चरणजीत सिंह सौंधी अपनी टीम के साथ धार्मिक भजनों के माध्यम से देवी मां महामाई की आराधना करेंगे। विशाल देवी जागरण में महिला एवं पुरुष श्रद्धालुओं के पृथक पृथक बैठने के साथ महामाई सेवा समिति द्वारा व्यापक प्रबंध किए जा रहे हैं। समिति द्वारा नागरिकों से अधिक से अधिक संख्या में मां महामाई की भजन संध्या देवी जागरण में अधिक से अधिक संख्या में पधारने का आव्हान किया है।

# मुस्लिम त्योहार कमेटी ने आयोजित किया ईद मिलन समारोह



सिरोंज, देशबन्धु ऑल इंडिया मुस्लिम त्योहार कमेटी ने ईद मिलन समारोह का आयोजन किया गया। इसमेंवरिष्ठ नागरिक पत्रकार गण एवं जन प्रतिनिधिउपस्थित रहे। सोमवार को बड़े ही हर्ष उल्लास के साथ ईद उल फितर का त्यौहार मनाया गया वहीं दोपहर 2 बजे से नगर पालिका शादी हाल में ईद मिलन समारोह कार्यक्रम किया गया। ईद मिलन समारोह का आयोजन करने का उद्देश्य आपसी भाईचारा और सद्भाव को बढ़ावा देना था। विभिन्न समुदायों के लोगों ने कार्यक्रम के दौरान अपनी-अपनी बात रखी एवं त्योहार को एक दूसरे के साथ मिलकर मनाने को कहा। वही पत्रकार महासंघ के अध्यक्ष रोहिताश्व शर्मा ने कहा कि सिरोंज में आज तक ऐसा नहीं लगा कि अलग-अलग तरीके से त्योहार को मनाया जाता हो और ना ही कोई कभी सिरोंज में हिंदू मुस्लिम करता वहीं समाज सेवी अशोक जैन खर्चा द्वारा कहा गया कि ऑल इंडिया मुस्लिम त्योहार कमेटी का उद्देश्य यही होना चाहिए कि सभी को एक साथ लाया जाए और उन्हें एक-दूसरे को समझने और जानने का अवसर प्रदान कराया जाए वही वही ऑल इंडिया मुस्लिम त्योहार कमेटी के जिला अध्यक्ष अलताफ खान द्वारा कहा गया कि हमारा उद्देश्य यही है कि हम सभी धर्म के त्योहारों को बड़े हर्ष उल्लास के साथ मनाएं और इस तरह के कार्यक्रम बार-बार करते रहे जिसमें आप सभी वरिष्ठ जनों का सहयोग प्रदान होना आवश्यक है। कार्यक्रम का संचालन इरफान मंसूरी द्वारा किया गया आभार हाफिज शम्स कमर द्वारा किया गया कार्यक्रम में ऑल इंडिया मुस्लिम त्योहार कमेटी के सदस्य अब्दुल अलीम सलमान अमीन शकील मंसूरी महफूज खान अरबाज खान अमिर माविया अरबाज गोरी तबरेज आलम जुनैद खान वसीम खान अमीन शाह आदि लोग उपस्थित रहे।

# 21 गायक कलाकारों ने मंच से एक साथ दी भजनों की प्रस्तुति

### गुड़ी पड़वा पर हिउस ने किया भजन संध्या का आयोजन



**गंजबासौदा, देशबन्धु।** नव वर्ष, गुड़ी पड़वा पर, 21 श्रेष्ठ गायक कलाकारों द्वारा श्री हिंदू उत्सव समिति के तत्वाधान में भव्य भजन संध्या का आयोजन शहनाई गार्डन में हुआ। भजन संध्या का शुभारंभ दीप प्रज्वलन से हुआ। श्रीराम दरबार, मां शीतला की पूजन-अर्चना कर, गणेश वंदना और देवी की आरती की गई। नव वर्ष का आतिशबाजी से स्वागत किया गया। इस दौरान के अतिथि क्षेत्रीय विधायक हरिसिंह रघुवंशी, नपाध्यक्ष शशि अनिल यादव, जनपद अध्यक्ष नीतू रघुवंशी, जिपं सदस्य गायत्री रघुवंशी मौजूद थे। कार्यक्रम में श्री हिंदू उत्सव समिति के सभी संरक्षक पं. केशव शास्त्री, धर्मपाल शर्मा, बालकृष्ण अरोड़ा, वीके शर्मा, जयेश शाह, अध्यक्ष राजेश तिवारी, सुमित मिश्रा संयोजक, आकाश महेश्वरी सचिव एवं समिति के सभी पदाधिकारी गण द्वारा पूजा अर्चना की गई। इस दौरान गणेश वंदना लीलाधर ने एवं देवी की आरती लखन शर्मा एवं उनके कलाकारों ने प्रस्तुत की। तत्पश्चात प्रसिद्ध कलाकार शरद शर्मा, राजेश नायक, संदीप तिवारी, लखन महाराज, डॉ अमृता करुणेश्वरी, ब्रजराज अग्रवाल, मयंक भार्गव, शुभांशु झा, महेन्द्र राजपूत, महेन्द्र भार्गव, लीलाधर शर्मा, राहुल शुक्ला, चंद्रकांता, सूर्यप्रकाश श्रीवास्तव, नरेश राज वैरागी, संजय शर्मा, नवीन व्यास, सीताराम विश्वकर्मा, प्राशी विश्वकर्मा, संजय मिश्रा द्वारा भजन गायन किया। दौरान विधायक हरि सिंह रघुवंशी ने कहा कि मैं इसके संस्थापक सदस्यों में से हूं और तभी से गुड़ी पड़वा आयोजन के बारे में चर्चा चल रही थी, इस वर्ष यह कार्यक्रम देखकर में अभिभूत हो गया और यह समिति को और अध्यक्ष राजेश तिवारी को मैं बहुत बधाई देता हूं। पं. केशव शास्त्री ने नववर्ष और गुड़ी पड़वा का महत्व बताते हुए इस भजन संध्या के सफलता की लिए सभी समिति के कार्यकर्ताओं को बधाई दी और कहा कि ऐसा भव्य भजन गायक कलाकारों को एक साथ मंच पर पहली बार देख रहा हूं मेरी बहुत शुभकामनाएं। जनपद अध्यक्ष नीतू रघुवंशी ने कहा कि हम दो चार कलाकारों को जानते थे, इतने सारे कलाकारों को एक साथ मंच पर देखकर के आनंद हुआ। विशाल आयोजन गंजबासौदा में पहली बार हुआ और हम सबसे परिचित हुए। नपाध्यक्ष शशि यादव ने कहा नववर्ष हमारे हिंदू संस्कृति परंपरा और आने वाली पीढ़ियों के लिए संस्कार देने वाली है। हम वर्ष प्रतिपदा को नए उत्साह से उमंग से बच्चों को संस्कार मिलते हैं। गायत्री रघुवंशी ने कहा इतनी सारी प्रतिभाएं हमारे शहर में है यह हमें पहली बार मालूम पड़ा। भजन गायन के पश्चात सभी गायक कलाकारों को प्रशस्ति पत्र और मां शीतला माता का चित्र देकर सम्मानित किया गया। इस दौरान समिति ने सभी गायक कलाकार, संगीतकार, अतिथि, पत्रकार, श्रोताओं, कार्यकर्ताओं और पदाधिकारी का आभार माना। कार्यक्रम का संचालन अभय शर्मा सांस्कृतिक सचिव ने किया। सभी अतिथियों का स्वागत आकाश माहेश्वरी सचिव एवं सभी कार्यकर्ताओं ने किया। गायक कलाकारों ने कार्यक्रम के सफल और सार्थक होने की अनुभूति के बाद समिति के अध्यक्ष राजेश तिवारी का सम्मान किया और यह आश्वासन दिया कि इस तरह के आयोजन के लिए हम सब लोग हमेशा तैयार हैं।

# खेल जगत

## शम्मी सिल्वा लगातार चौथी बार श्रीलंका क्रिकेट के अध्यक्ष चुने गए

**कोलंबो।** शम्मी सिल्वा लगातार चौथी बार श्रीलंका क्रिकेट के अध्यक्ष चुने गए हैं। एसएलसी ने कहा कि कोलंबो में चल रही 64वीं वार्षिक आम बैठक के दौरान सिल्वा को तीसरी बार निर्विरोध चुना गया और सेवानिवृत्त न्यायमूर्ति मलानी गुणरत्ने की अध्यक्षता वाली चुनाव समिति ने इसकी पुष्टि की। वह आईसीसी बोर्ड में श्रीलंका के प्रतिनिधि के रूप में भी काम करते हैं, साथ ही आईसीसी के वित्त और वाणिज्यिक मामलों, नामांकन और मानव संसाधन और पारिश्रमिक समितियों के सदस्य के रूप में भी काम करते हैं। सिल्वा ने 1983/84 में कोलंबो क्रिकेट क्लब के लिए क्रिकेट खेला और क्रिकेट प्रशासन में आने से पहले श्रीलंका स्क्वैश राष्ट्रीय टीम के सदस्य, प्रबंधक और कोच थे। एसएलसी अध्यक्ष के रूप में सिल्वा का पिछला कार्यकाल 2023 में पिछले खेल मंत्री रोशन रणसिंघे के साथ उनके टकराव के कारण खराब हो गया था।



# लखनऊ सुपर जायंटस की कोशिश पंजाब किंग्स पर अपना दबदबा जारी रखने की

## लखनऊ के शार्दुल व पंजाब के श्रेयस में रोचक संघर्ष की आस

■ मार्श व पूरन से लखनऊ को पंजाब किंग्स के खिलाफ बड़ी पारी की आस

■ सत्येन्द्र पाल सिंह

**नई दिल्ली,** 31 मार्च (देशबन्धु)। अपने नए कप्तान ऋषभ पंत की अगुआई में अंतिम ओवर में दिल्ली कैपिटल्स से विशाखापट्टनम में अपना पहला मैच एक विकेट से हारने के बाद तेज गेंदबाज शार्दूल ठाकुर के गेंद से 'चौके' की बदौलत मजबूत सनराइजर्स हैदराबाद (एसआरएच) को उसके घर हैदराबाद में पांच विकेट से हरा जीत की राह पर लौटी लखनऊ सुपर जायंटस (एलएसजी) आईपीएल 2025 में मंगलवार को नए कप्तान श्रेयस अय्यर की 97 रन की बेहतरीन पारी से एकदम नए तेवर और कलेवर जीत से आगाज करने वाली पंजाब किंग्स के खिलाफ अपने घर लखनऊ में भारत रत्न अटल बिहारी इकाना स्टेडियम में अपना दबदबा जारी रख पिछले पांच मैचों में चौथी जीत के इरादे से उतरेगी। लखनऊ सुपर जायंटस ने पंजाब किंग्स से अपने पिछले चार में तीन मैच जीते और मात्र एक हारा है और इसका वह मनोवैज्ञानिक लाभ उठाने की पूरी



कोशिश करेगी। लखनऊ सुपर जायंटस के लिए पिछले मैच में शुरु से दे दनादन करने में यकीन करने वाली एसआरएच के खिलाफ तेज गेंदबाज शार्दूल ठाकुर के चटकाए चार विकेट और उनके साथ आवेश खान फिट होकर खेले और मयंक यादव जैसे तेज गेंदबाज के चोट के चलते बाहर होने से गड़बड़ाया संतुलन ठीक हो गया।

### 'जो हमारे बस में है, उसी की चिंता करते हैं'

'सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ जीत वाकई बड़ी राहत दिलाने वाली है लेकिन बतौर टीम हमारी लखनऊ सुपरजायंटस में आपस में चर्चा बराबर प्रोसेस की होती है। हम जीत के बाद फूल कर कुप्पा नहीं होते न ही हारने पर एकदम हिम्मत हार जाते हैं। हम एक समय केवल एक मैच की बाबत सोचते हैं। हम जो हमारे बस में है उसी की बाबत सोचते हैं। हमारे लिए पिछले मैच में तेज गेंदबाज आवेश खान का फिट होकर लौटना हमारे लिए अच्छा रहा। शार्दूल ठाकुर बढ़िया बल्लेबाजी कर रहे हैं। हमने निकोलस पूरन को पूरी तरह खुल कर बल्लेबाजी करने की छूट दी है। मैं इस तरह खुल कर खेलना पसंद करता हूं। हमने पूरन को खुल कर बल्लेबाजी करने को कहा है और वह हमारे लिए वाकई शानदार प्रदर्शन कर रह है। हर कोई वाकई बढ़िया तैयारी और जम कर ट्रेनिंग कर रहा है। – **ऋषभ पंत, लखनऊ सुपर जायंटस, कप्तान**

### 'पिच ऐसी होनी चाहिए बल्लेबाजों और गेंदबाजों दोनों के लिए मदद हो'

'मैंने अपनी योजना बनाई थी। मुझे यदि आईपीएल में नहीं चुना जाता तो मैं काउंटी क्रिकेट में खेलने के लिए करार किया। जब मैं रणजी ट्रॉफी खेल रहा तो मुझे जहीर खान का फोन आया कि हम तुम्हे संभावित विकल्प के रूप में देख रहे और खुद को तैयार रखो। जहीर ने मुझसे कहा कि यदि हम तुम्हें लेते हैं तुम्हे गेंदबाजी का आगाज करना पड़ेगा। उस दिन से मैंने खुद को आईपीएल में खेलने के लिए तैयार कर लिया। उतार चढाव आते हैं। वह वाकई बुरा दिन जब आईपीएल की नीलामी में किसी भी टीम ने मुझे नहीं चुना। हैदराबाद में एसआरएच के ट्रेविज हेड व अभिषेक बहुत जोखिम उठा कर अपने स्ट्रोक खेलना पसंद करते है तो मैंने भी जोखिम लिया। इस तरह की पिचों पर गेंदबाजों के बहुत कम मदद होती है। मैंने पिछले मैच से भी पहले कहा था कि पिच ऐसी होनी चाहिए बल्लेबाजों और गेंदबाजों दोनों के लिए कुछ मदद हो और संतुलन बना रहे इम्पैक्ट खिलाड़ी के नियम के बाद यह गेंदबाजों के लिए ठीक नहीं है । – **शार्दूल ठाकुर, लखनऊ सुपर जायंटस**

# शार्दुल ने आईपीएल 2025 में संतुलित पिचों की मांग उठाई

**लखनऊ,** 31 मार्च (एजेंसियां)। लखनऊ सुपर जायंट्स के तेज गेंदबाज शार्दुल ठाकुर ने गेंदबाजों को 'एक समान और निष्पक्ष मौका' देने वाली पिचों की वकालत की है। वह चाहते हैं कि पिच ऐसी हो, जो बल्लेबाजों के लिए ज्यादा मददगार न हों, जैसा कि आईपीएल में अक्सर देखा गया है।

ठाकुर ने सभी गेंदबाजों की ओर से बोलते हुए कहा कि वे सिर्फ ऐसी पिचें चाहते हैं जो एकतरफा न हों, जहां कि बल्लेबाज आएं और लगातार बड़े शॉट्स लगाते रहें। ठाकुर ने लखनऊ सुपर जायंट्स (एलएसजी) के इस सीजन में पंजाब किंग्स (पीबीकेएस) के खिलाफ पहले घरेलू मैच से पहले कहा कि यह सिर्फ मेरी मांग नहीं है, बल्कि सभी गेंदबाजों की मांग है। बहुत से गेंदबाज अपनी बात खुलकर नहीं रख सकते हैं या उन्हें मीडिया के सामने पिच की स्थिति पर बोलने का मौका नहीं मिलता। उन्होंने कहा कि गेंदबाज सिर्फ यही मांग कर रहे हैं कि पिच को इस तरह तैयार किया जाए कि खेल संतुलित रहे और यह एकतरफा न हो, जहां बल्लेबाज आएं और लगातार बड़े शॉट्स खेलते रहें। हम सिर्फ निष्पक्ष मौका और खेल में समान अवसर चाहते हैं। आईपीएल 2025 के 10 मैचों में अब तक छह बार 200 से अधिक का स्कोर बना है, जिसमें सनराइजर्स हैदराबाद ने अपने पहले ही मैच में 286/6 का स्कोर खड़ा किया था। ठाकुर ने इम्पैक्ट प्लेयर नियम की थोड़ी आलोचना की, लेकिन उनका मानना है कि इस नए नियम से ज्यादा, पिचों में संतुलन बनाए रखने की जरूरत है।

# अगर मैं रोहित और कोहली के विकेट ले पाऊं तो मुझे खुशी होगी: चक्रवर्ती

**नई दिल्ली,** 31 मार्च (एजेंसियां)। कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) के स्पिनर वरुण चक्रवर्ती मौजूदा आईपीएल 2025 सीजन में भारतीय कप्तान रोहित शर्मा और स्टार बल्लेबाज विराट कोहली के विकेट लेने के लिए उत्सुक हैं। आईपीएल 2025 में वह किन बल्लेबाजों को आउट करना चाहेंगे, इस बारे में पूछे जाने पर चक्रवर्ती ने अपने साथियों के नाम बताए, जिनमें रोहित और कोहली की दिग्गज बल्लेबाजी जोड़ी भी शामिल है। जियो हॉटस्टार के विशेष शो 'जेन बोल्ड' में उन्होंने कहा कि निश्चित रूप से कोई भी बल्लेबाज जो शानदार फॉर्म में हो। हेनरिक क्लासेन, निकोलस पूरन, विराट कोहली, रोहित शर्मा और सूर्यकुमार यादव जैसे खिलाड़ी – ये सभी स्टार खिलाड़ी हैं। अगर मैं उनके विकेट ले पाऊं तो मुझे बहुत खुशी होगी। अब तक दो मैचों में तीन विकेट लेने वाले इस स्पिनर के पास सोमवार को वानखेड़े स्टेडियम में मुंबई इंडियंस के खिलाफ होने वाले मैच में रोहित और सूर्यकुमार यादव के विकेट लेने का मौका होगा। इस महीने की शुरुआत में दुबई में भारत के खिताब जीतने वाले



मैंने अब तक जो सीखा है, वह यह है कि चीजों को बहुत सरल रखना है - कुछ बहुत अलग करने की कोशिश मत करो, कोई जादुई गेंद फेंकने या कोई जादुई पल बनाने की कोशिश मत करो : वरुण चक्रवर्ती

■ चक्रवर्ती आईपीएल के पिछले संस्करण में केकेआर की जीत का भी हिस्सा थे

चैंपियंस ट्रॉफी अभियान में दूसरे सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले गेंदबाज के रूप में समाप्त होने के बाद 33 वर्षीय यह खिलाड़ी असाधारण फॉर्म में है। वह आईपीएल के पिछले संस्करण में केकेआर की जीत का भी हिस्सा थे। इस सीजन से मिली सीख पर विचार करते हुए चक्रवर्ती ने कहा कि सबक यह है कि आपका पिछला टूर्नामेंट शानदार हो सकता है, लेकिन फिर भी आपको शुरुआत से शुरुआत करनी होगी। क्रिकेट आपको यही सिखाता है। आप दो या तीन टूर्नामेंट शानदार खेल सकते हैं, लेकिन अगले में आपको शून्य से शुरुआत करनी होगी। इसलिए, मैं इसी के लिए तैयारी कर रहा हूं – शुरुआत से शुरुआत करना। खेल में महत्वपूर्ण परिस्थितियों के प्रति अपने दृष्टिकोण पर चर्चा करते हुए चक्रवर्ती ने उच्च दबाव वाले मैच खेलने से प्राप्त ज्ञान को साझा किया। उन्होंने कहा कि मैंने अब तक जो सीखा है, वह यह है कि चीजों को बहुत सरल रखना है – कुछ बहुत अलग करने की कोशिश मत करो, कोई जादुई गेंद फेंकने या कोई जादुई पल बनाने की कोशिश मत करो। सबसे प्रभावशाली चीज जो आप कर सकते हैं, वह है अपने बेसिक्स पर टिके रहना, उन्हें अच्छे से करना और उन्हें सही तरीके से लागू करना। केकेआर के प्रमुख गेंदबाजों में से एक के रूप में, स्पिनर ने आईपीएल के साथ आने वाली अपेक्षाओं को प्रबंधित करने के बारे में बात की।

# पराग पर धीमी ओवर गति के लिए जुर्माना लगाया गया

**गुवाहाटी,** 31 मार्च (एजेंसियां)। राजस्थान रॉयल्स के कप्तान रियान पराग पर रविवार को चेन्नई सुपर किंग्स के खिलाफ धीमी ओवर गति

■ राजस्थान ने पांच बार की चैम्पियन चेन्नई सुपर किंग्स पर छह रन से जीत दर्ज की

बनाए रखने के लिए 12 लाख रुपए का जुर्माना लगाया गया है। राजस्थान ने बारसापारा क्रिकेट स्टेडियम में 182 रन के लक्ष्य का सफलतापूर्वक बचाव किया और पांच बार की चैम्पियन चेन्नई सुपर किंग्स पर छह रन से जीत दर्ज की, लेकिन टीम निर्धारित समय में 20 ओवर पूरे नहीं कर सकी, जिसके कारण कप्तान पराग पर 12 लाख रुपये का जुर्माना लगाया गया। आधिकारिक बयान में कहा गया है,



राजस्थान रॉयल्स के कप्तान रियान पराग पर 30 मार्च, 2025 को एसीए स्टेडियम, गुवाहाटी में चेन्नई सुपर किंग्स के खिलाफ टाटा इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2025 के 11वें मैच के दौरान धीमी ओवर गति बनाए रखने के लिए जुर्माना लगाया गया है। इसमें कहा गया है, चूंकि यह आईपीएल की आचार संहिता के अनुच्छेद 2.22 के तहत उनकी टीम का सीजन का पहला अपराध था, जो न्यूनतम ओवर-रेट अपराधों से संबंधित है, इसलिए पराग पर 12 लाख रुपये का जुर्माना लगाया गया।

# चेन्नई सुपर किंग्स की फील्डिंग में कुछ गलतियां देखना काफी दर्दनाक था : अंबाती रायडू

**नई दिल्ली,** 31 मार्च (एजेंसियां)। आईपीएल 2025 में चेन्नई सुपर किंग्स के राजस्थान रॉयल्स से छह रन से हारने के बाद भारत के पूर्व क्रिकेटर अंबाती रायडू ने कहा कि पांच बार की चैंपियन टीम द्वारा ग्राउंड फील्डिंग में की गई कुछ गलतियों का खामियाजा हार के तौर पर भुगतना पड़ा और वह इस बात से बहुत निराश हैं। बारसापारा क्रिकेट स्टेडियम में, सीएसके को लगातार दूसरी हार का सामना करना पड़ा, क्योंकि नितीश राणा की 36 गेंदों में 81 रन की पारी और वानिंदु हसरंगा के 4 विकेट ने आरआर को मौजूदा प्रतियोगिता में अपनी पहली जीत दिलाई। सीएसके ने कुछ शानदार कैच पकड़े, उन्होंने कुछ आसान कैच भी छोड़े, जबकि आरआर ने अपने मौके का





■ बारसापारा क्रिकेट स्टेडियम में सीएसके को लगातार दूसरी हार का सामना करना पड़ा

पूरा फायदा उठाया।

रायडू ने जियो हॉटस्टार पर कहा कि जब आप कोई करीबी खेल खेल रहे होते हैं, तो ये एक-प्रतिशत वाले चांस वास्तव में मायने रखते हैं। हमने इस मैच में कई अविश्वसनीय कैच देखे- ऐसा देखना दुर्लभ है। दूसरी ओर, चेन्नई सुपर किंग्स ने एक-दो मौके को छोड़कर, बिल्कुल भी अच्छा क्षेत्ररक्षण नहीं किया। राजस्थान रॉयल्स वास्तव में इसके लिए तैयार थे और यह दर्शाता है कि फील्डिंग केवल युवा टीम होने के बारे में नहीं है। यह जागरूकता के बारे में भी है। उन्होंने आगे कहा कि चेन्नई सुपर किंग्स को कभी भी उनके फील्डिंग के लिए नहीं जाना जाता है, लेकिन इस सीजन में उनके पहले दो मैचों में जो कुछ भी हुआ है, वह काफी खराब रहा है। आसान मौके गंवाना और आउटफील्ड में संघर्ष करना- ये ऐसे क्षेत्र हैं, जिन्हें उन्हें जल्दी से ठीक करने की जरूरत है। उनकी कुछ गलतियां देखने में काफी दर्दनाक थीं। रायडू ने पांच बार की विजेता मुंबई इंडियंस के बारे में अपने विचार शेयर किए जो प्रतियोगिता में अभी भी जीत हासिल नहीं कर पाई है।

# भारत ने एशियाई कुश्ती चैम्पियनशिप में जीते 10 पदक

**अम्मान,** 31 मार्च (एजेंसियां)। एशियाई कुश्ती चैंपियनशिप 2025 में भारतीय पहलवानों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए एक स्वर्ण, तीन रजत और छह कांस्य पदक सहित कुल 10 पदक जीते। जॉर्डन के अम्मान में चैंपियनशिप के अंतिम दिन रविवार को फ्री स्टाइल कुश्ती के पांच भार वर्गों में मुकाबलों में दो भारतीय पहलवान उदित (61 किग्रा) और दीपक पुनिया (92 किग्रा) फाइनल में पहुंचे। दो अन्य मुकुल दहिया (86 किग्रा) और दिनेश (125 किग्रा) ने कांस्य पदक के लिए प्रतिस्पर्धा की। 92 किग्रा के फाइनल मुकाबले में दो बार के एशियन चैंपियन ईरान के अमीर हुसैन फिरोजपुर के खिलाफ तकनीकी श्रेष्ठता के आधार पर दीपक पूनिया 10-0 से हार गए। चैंपियनशिप में दीपक पूनिया का पांचवां पदक था। उन्होंने तीन रजत, दो कांस्य सहित कुल पदक जीते हैं। पूनिया के पिछले सभी पदक 86 किग्रा वर्ग में आए थे। फाइनल में पहुंचने से पहले दीपक पूनिया ने मुश्किल क्वार्टरफाइनल मुकाबले में किर्गिस्तान के बेकजात राखिमोव को 12-7 से हराया था।

## सार संक्षेप

### धोनी के घुटने अब पहले जैसे नहीं रहे : फ्लेमिंग

**गुवाहाटी।** चेन्नई सुपर किंग्स के कोच स्टीफन फ्लेमिंग ने एमएस धोनी के बल्लेबाजी क्रम में आने के बारे में बताते हुए कहा कि उन्हें उम्मीद नहीं करनी चाहिए कि पूर्व कप्तान आईपीएल 2025 सीजन में 9वें या 10वें ओवर के आसपास बल्लेबाजी करने आएंगे। रविवार को राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ छह रन से हार का सामना करने के बाद यह फैसला लिया गया। गुवाहाटी के बारसापारा क्रिकेट स्टेडियम में 183 रनों के लक्ष्य का पीछा करते हुए नंबर 7 पर बल्लेबाजी करने आए धोनी ने 11 गेंदों पर सिर्फ 16 रन बनाए, जिससे सीएसके को सीजन की दूसरी लगातार हार का सामना करना पड़ा। रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के खिलाफ मैच में, धोनी रविचंद्रन अश्विन के बाद नंबर 9 पर बल्लेबाजी करने आए, जबकि सीएसके 13 ओवर के बाद 80/6 पर लड़खड़ा रही थी। धोनी के लिए यह स्थिति बदलाव लाने के लिए आदर्श नहीं थी, लेकिन उन्होंने 16 गेंदों में तीन चौकों और दो छक्कों की मदद से नाबाद 30 रन की पारी खेली।

### जोकोविच 100वें एटीपी खिताब से चूके

**मैड्रिड।** चेक गणराज्य के 19 वर्षीय टेनिस खिलाड़ी जैकब मेनसिक ने सोमवार को शानदार खेल का प्रदर्शन करते हुए सर्बिया दिग्गज नोवाक जोकोविच को हराकर मियामी ओपन का खिताब अपने नाम कर लिया हैं। मेनसिक इस जीत के साथ ही एटीपी खिताब जीतने वाले नौवें सबसे युवा खिलाड़ी बन गए हैं। आज यहां खेले गये वर्षा बाधित मुकाबले में चेक गणराज्य के मेनसिक ने जोकोविच को अपने करियर का 100वां एटीपी खिताब जीतने से रोक दिया। चेक खिलाड़ी ने छह बार के चैंपियन जोकोविच को 7-6(4), 7-6(4) से हराकर मियामी ओपन का खिताब जीता। ट्राफी जीतने के बाद मेनसिक ने कहा कि उनके मन में अपने आदर्श जोकोविच के लिए सम्मान के अलावा कुछ नहीं है। टेनिस खेलने के लिए उन्हें प्रेरित करने के लिए मैं उनका धन्यवाद करता हूं।

### उस्मान खान न्यूजीलैंड के खिलाफ दूसरे मैच से बाहर

**हेमिल्टन।** पाकिस्तान के बल्लेबाज उस्मान खान चोट के कारण न्यूजीलैंड के खिलाफ होने वाले दूसरे एकदिवसीय मैच से बाहर हो गये है। पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) की ओर से जारी बयान के अनुसार सलामी बल्लेबाज उस्मान खान नेपियर के मैक्लीन पार्क में न्यूजीलैंड के खिलाफ पहले एकदिवसीय मैच के दौरान क्षेत्ररक्षण करते हुए चोटिल हो गये थे एमआरआई स्कैन में हल्की चोट की पुष्टि हुई है। जिसके कारण वह दो अप्रैल को हैमिल्टन के सेडन पार्क में होने वाले दूसरे एकदिवसीय मैच के लिए उपलब्ध नहीं हो पाएंगे। उस्मान पहले एकदिवसीय टीम का हिस्सा नहीं थे। उन्हें टी-20 सीरीज के बाद पाकिस्तान की एकदिवसीय टीम में शामिल किया गया था।

# विकेटकीपिंग के लिए सीओई की मंजूरी लेने बेंगलुरु पहुंचे सैमसन

**नई दिल्ली,** 31 मार्च (एजेंसियां)। संजू सैमसन आईपीएल 2025 सीजन में विकेटकीपिंग के लिए भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) सेंटर ऑफ एक्सीलेंस (सीओई) से मंजूरी लेने के लिए सोमवार को गुवाहाटी से बेंगलुरु पहुंचे। सैमसन ने अब तक टूर्नामेंट में बल्लेबाज के रूप में खेला है, जिसमें रियान पराग फ्रेंचाइजी की अगुआई कर रहे हैं। विकेटकीपर-बल्लेबाज को अपने दाहिने तर्जनी की सर्जरी के बाद मौजूदा आईपीएल में खेलने के लिए केवल अस्थायी मंजूरी दी गई थी। क्रिकबज की रिपोर्ट के अनुसार, अब, वह सीओई में खेल विज्ञान विंग द्वारा परीक्षण से गुजरेंगे और अपने पूर्ण कर्तव्यों को फिर से शुरू करने के लिए मंजूरी मांगेंगे। अगर विकेटकीपिंग की अनुमति मिलती है, तो संजू कप्तान के रूप में भी वापसी करेंगे। सैमसन ने उक्त अवधि के लिए शुद्ध बल्लेबाज के रूप में अपनी भागीदारी की पुष्टि करने के बाद सीजन के पहले तीन मैचों के लिए कप्तानी पराग को सौंप दी।

# एसआरएच अपनी बल्लेबाजी में काफी 'स्मार्ट' नहीं थी : पुजारा

**नई दिल्ली,** 31 मार्च (एजेंसियां)। भारत के अनुभवी बल्लेबाज चेतेश्वर पुजारा का मानना है कि सनराइजर्स हैदराबाद ने दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ सात विकेट से मिली हार में बहुत अधिक मेहनत की लेकिन अपनी बल्लेबाजी में पर्याप्त स्मार्ट नहीं थे। डॉ. वाई.एस. राजशेखर रेड्डी एसीए-वीडीसीए क्रिकेट स्टेडियम में, एसआरएच 37/4 पर सिमट गई और अनिकेत वर्मा की शानदार 41 गेंदों में 74 रनों की पारी के बावजूद, एसआरएच अपने 18.4 ओवरों में केवल 163 रन ही बना सकी, क्योंकि डीसी ने चार ओवर शेष रहते लक्ष्य हासिल किया। पुजारा ने ईएसपीएनक्रिकइंफो से कहा कि सबसे पहले मैं वास्तव में हैरान था कि



उन्होंने पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया। जब आप दोपहर का मैच खेल रहे होते हैं, तो आप जानते हैं कि पिच थोड़ी धीमी होगी, उस समय आप आमतौर पर गेंदबाजी करना पसंद करते हैं और यह गेंदबाजी करने का आदर्श समय होता है, बल्लेबाजी करने का आदर्श समय नहीं। मुझे लगा कि उन्हें पहले गेंदबाजी करनी चाहिए थी। लेकिन उनकी बल्लेबाजी के बारे में बात करते हुए, मुझे लगता है कि वे बहुत ज्यादा आक्रामक थे और वे काफी समझदार नहीं थे। उन्होंने यह भी महसूस किया कि अगर एसआरएच का अल्ट्रा-अटैकिंग दृष्टिकोण कुछ मैच के दिनों में काम नहीं करता है, तो उन्हें प्लान बी का सहारा लेना चाहिए। तो आपकी सफलता क्या है। अगर आप 10 में से सिर्फ दो जीत रहे हैं, तो इसका कोई मतलब नहीं है। आपको और अधिक मैच जीतने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि आपको बार-बार उस निरंतरता को दिखाने की जरूरत है। पिछले सीजन में हमने देखा कि उन्होंने पूरे लीग चरण में शानदार प्रदर्शन किया, लेकिन अगर नॉकआउट में आपके लिए एक मैच गलत हो जाता है, तो आप कोई योजना नहीं बना पाएंगे।

# बिहार के राजगीर में होगा पुरुष हॉकी एशिया कप

**नई दिल्ली,** 31 मार्च (एजेंसियां)। बिहार के ऐतिहासिक शहर राजगीर में होने वाले पुरुष एशिया कप 2025 के लिए हॉकी इंडिया और बिहार राज्य खेल प्राधिकरण ने सोमवार को एक समझौता पत्र पर हस्ताक्षर किए। राजगीर के हॉकी स्टेडियम में 29 अगस्त से सात सितंबर तक होने वाला यह टूर्नामेंट बेल्जियम और नीदरलैंड में 2026 में आयोजित होने वाले एफआईएच पुरुष हॉकी विश्व कप के लिए क्वालीफाइंग प्रतियोगिता है। इस महाद्वीपीय टूर्नामेंट के 12वें संस्करण में भारत, पाकिस्तान, जापान, कोरिया, चीन और मलेशिया सहित आठ टीमें हिस्सा लेंगी और शेष दो टीमें क्वालीफाइंग टूर्नामेंट एएचएफ कप के जरिए अपना स्थान सुरक्षित करने का प्रयास करेंगी। इस टूर्नामेंट को लेकर हॉकी इंडिया ने आज बिहार राज्य खेल प्राधिकरण के साथ एक समझौता पत्र पर हस्ताक्षर किए। इस अवसर पर बिहार के खेल विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव डॉ. बी राजेंद्र ने राजगीर की मेजबानी को लेकर कहा कि हॉकी इंडिया और बिहार राज्य खेल प्राधिकरण के बीच समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर बिहार के प्रमुख खेल स्थल बनने की यात्रा में एक महत्वपूर्ण कदम है।



■ इस महाद्वीपीय टूर्नामेंट के 12वें संस्करण में भारत, पाकिस्तान, जापान, कोरिया, चीन और मलेशिया सहित आठ टीमें हिस्सा लेंगी

# मिशेल स्टार्क ने बनाया शानदार रिकॉर्ड



**नई दिल्ली,** 31 मार्च (एजेंसियां)। इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2025 के 10वें मैच में दिल्ली कैपिटल्स और सनराइजर्स हैदराबाद के बीच मैच डीसी की 7 विकेट से जीत के साथ समाप्त हुआ। दिल्ली कैपिटल्स की ओर से मिशेल स्टार्क ने पांच विकेट लेकर कमाल किया और वह प्लेयर ऑफ द मैच रहे। स्टार्क ने 3.4 ओवर में 35 रन देकर 5 विकेट हासिल किए। यह रिकॉर्ड बॉलिंग परफॉरमेंस थी क्योंकि लंबे समय बाद इस फ्रेंचाइजी की ओर से किसी गेंदबाज ने पांच विकेट हासिल किए हैं। इससे पहले दिल्ली फ्रेंचाइजी की ओर से पांच विकेट लेने वाले

■ दिल्ली कैपिटल्स की ओर से मिशेल स्टार्क ने पांच विकेट लेकर कमाल किया

**आईपीएल 2025**

गेंदबाज 2008 के सीजन में अमित मिश्रा थे। लेग स्पिनर अमित मिश्रा ने 2008 में डेक्कन चार्जर्स के खिलाफ यह उपलब्धि हासिल की थी और 17 रन देकर 5 विकेट लिए थे। अनुभवी स्टार्क उम्र के 36वें साल में चल रहे हैं। आईपीएल के इतिहास में 35 साल से अधिक उम्र में 5 विकेट लेने वाले वह सिर्फ दूसरे गेंदबाज हैं। इससे पहले अनिल कुंबले ने रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के लिए 2009 सीजन में पांच विकेट लिए थे। यह मुकाबला राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ हुआ था। अपने प्रदर्शन पर बात करते हुए स्टार्क ने कहा कि मैं 35 साल का हूं, जवान नहीं हूं, लेकिन उम्मीद है कि अभी भी थोड़ा दम बाकी है। मैंने पिछले 15 सालों में ज़्यादा टी20 क्रिकेट नहीं खेला है। मैं थोड़ा अनुभवी हूं, इसलिए युवाओं से बात करने और जहां हो सके मदद करने का मौका मिलता है। मुझे अभी भी क्रिकेट खेलने में मजा आता है, प्रतिस्पर्धा का जोश मुझे भाता है, और यही वजह है कि मैं अभी भी खेल रहा हूं। स्टार्क के प्रदर्शन ने दिल्ली कैपिटल्स को एक अच्छी जीत दिलाई। उनकी टीम के साथी कुलदीप यादव ने इस बार भी 4 ओवर में 22 रन देकर 3 विकेट लिए और अहम योगदान दिया।

# खो-खो सीनियर नेशनल्स की अब तक की सबसे अधिक भागीदारी के साथ शुरुआत

**पुरी,** 31 मार्च (एजेंसियां)। 57वीं सीनियर नेशनल खो-खो चैंपियनशिप ने अब तक की सबसे अधिक भागीदारी और प्रौद्योगिकी-संचालित नवाचारों पर जोर देने के साथ नए मानक स्थापित किए हैं, जिससे यह राष्ट्रीय टूर्नामेंटों में एक बेहतरीन संस्करण बन गया है। सोमवार को शुरू हुई पांच दिवसीय चैंपियनशिप पुरी के जिला खेल परिसर में 4 अप्रैल तक चलेगी, जिसमें 30 राज्यों की टीमों के साथ-साथ भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण (एएआई), महाराष्ट्र पुलिस, सशस्त्र सीमा बल (एसएसबी), कर्नाटक पुलिस, अखिल भारतीय पुलिस खेल नियंत्रण बोर्ड (एआईपीएससीबी), भारत-तिब्बत सीमा पुलिस (आईटीबीपी) और रेलवे जैसी प्रमुख संस्थागत टीमें भी भाग ले रही हैं। इस कार्यक्रम का सीधा प्रसारण डीडी स्पोर्ट्स पर किया जा रहा है। खो खो फेडरेशन ऑफ इंडिया (केकेएफआई) के अध्यक्ष सुधांशु मित्तल



■ सोमवार को शुरू हुई पांच दिवसीय चैंपियनशिप पुरी के जिला खेल परिसर में 4 अप्रैल तक चलेगी

ने कहा कि इसमें 40 पुरुष और 40 महिला टीमें हिस्सा लेंगी, जिससे यह खो खो नेशनल्स के इतिहास में टीमों की सबसे अधिक भागीदारी वाला आयोजन बन जाएगा। इसके अलावा, ओडिशा को पहला राज्य होने का श्रेय जाता है, जहां नेशनल्स के सभी निर्धारित मैच केवल मैट पर खेले जाएंगे।

# पूर्व केंद्रीय मंत्री गिरिजा व्यास आग लगने से झुलसीं, घर में आरती करते समय हुआ हादसा



**उदयपुर, एजेंसी।** कांग्रेस की वरिष्ठ नेता और पूर्व केंद्रीय मंत्री गिरिजा व्यास सोमवार को राजस्थान के उदयपुर शहर में अपने घर में आरती के दौरान हादसे का शिकार हो गईं. 79 वर्षीय गिरिजा व्यास को एक निजी अस्पताल में इलाज के लिए ले जाया गया. यहां पर प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें अहमदाबाद रेफर किया गया।

बताया जाता है कि गिरिजा आरती कर रही थी. तभी जलते दीपक से उनके दुपट्टे में आग लग गई. परिवार के सदस्य उन्हें अस्पताल ले गए. घर में ही काम कर रहे लोगों ने उन्हें संभाला. गिरिजा व्यास की बहू हितांशी शर्मा ने बताया कि उनकी सास गणगौर पूजा कर रही थीं. इसी दौरान नीचे जल रहे दीपक से चुन्नी ने आग पकड़ ली. इससे वह झुलस गईं। वे राज्य और केंद्र सरकार में मंत्री के अलावा राजस्थान कांग्रेस अध्यक्ष और राष्ट्रीय महिला आयोग की अध्यख भी रह चुकी हैं। पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने गिरिजा व्यास के झुलसने पर चिंता जताई है. इस दौरान उन्होंने एक्स पर पोस्ट किया, पूर्व केन्द्रीय मंत्री डॉ.गिरिजा व्यास के आग से झुलसकर घायल होने का समाचार काफी चिंताजनक है. वे ईश्वर से उनके जल्द स्वास्थ्य लाभ की प्राथना करता हूं।

## प्रदेश में शुरू होगी मुख्यमंत्री परिवहन सेवा, मंत्रिपरिषद के अनुमोदन के बाद होगा योजना का क्रियान्वयन

# सुदूर क्षेत्रों में आसान होगा आवागमन

- भोपाल, इंदौर, जबलपुर, ग्वालियर, उज्जैन, सागर और रीवा में क्षेत्रीय कंपनियां गठित होंगी
- जिला स्तर पर गठित की जाएंगी यात्री परिवहन समितियां



**भोपाल, देशबन्धु।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि प्रदेश के ग्रामीण, शहरी और इंटरसिटी परिवहन व्यवस्था को सुदृढ़ बनाया जाएगा। इसके लिए मुख्यमंत्री सुगम परिवहन सेवा प्रारंभ की जाएगी। योजना का प्रस्ताव तैयार कर लिया गया है। सबके साथ विस्तृत विचार-विमर्श, सुझाव एवं सहमति के बाद शीघ्र ही इस योजना प्रस्ताव को अनुमोदन के लिये मंत्रि-परिषद की बैठक में लाया जायेगा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव सोमवार को मुख्यमंत्री निवास स्थित समत्व भवन में नवीन परिवहन सेवा (मुख्यमंत्री सुगम परिवहन सेवा) के संबंध में प्रारंभिक चर्चा के लिए आयोजित एक उच्च स्तरीय बैठक को संबोधित कर रहे थे।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रदेश में परिवहन सेवाओं को और बेहतर बनाया जाएगा। ग्रामीण क्षेत्रों में विशेषकर प्रदेश के सभी जनजातीय क्षेत्रों में सुगम यात्री परिवहन के लिए सरकार हर जरूरी प्रयास करेगी। पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री प्रहलाद पटेल, नगरीय विकास एवं प्रशासन मंत्री कैलाश विजयवर्गीय, मुख्य सचिव अनुराग जैन ने बैठक में वर्चुअली सहभागिता की। समत्व में हुई बैठक में स्कूल शिक्षा एवं परिवहन मंत्री उदय प्रताप सिंह, अपर मुख्य सचिव मुख्यमंत्री कार्यालय डॉ. राजेश राजौरा, अपर मुख्य सचिव नगरीय विकास एवं प्रशासन संजय कुमार शुक्ल, सचिव परिवहन मनीष सिंह, सचिव मुख्यमंत्री सिबी चक्रवर्ती एवं संचालक जनसम्पर्क अंशुल गुप्ता सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रदेश की यात्री परिवहन संबंधी भावी आवश्यकताओं को ध्यान में रखकर इस नवीन योजना के सभी पक्षों पर गहनता से अध्ययन करें, जिससे यात्रियों को इसका अधिकतम लाभ मिल सके।

सचिव परिवहन मनीष सिंह ने नवीन परिवहन सेवा योजना की विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बताया कि नई परिवहन योजना में प्रदेश में यात्री बसों के संचालन की त्रि-स्तरीय मॉनिटरिंग की जाएगी। इसके लिए प्रदेश मुख्यालय स्तर पर एक राज्यस्तरीय होल्डिंग कंपनी गठित की जाएगी। प्रदेश के सात बड़े संभागों (भोपाल, इंदौर, जबलपुर, ग्वालियर, उज्जैन, सागर एवं रीवा) में 7 क्षेत्रीय सहायक कंपनियां भी गठित की जाएगी। इसी उद्देश्य से प्रदेश के सभी जिलों में जिला स्तरीय यात्री परिवहन समिति गठित भी की जायेंगी। यह सभी बॉडीज यात्री परिवहन को बेहतर बनाने, यात्री किराया तय करने, रूट चार्ट तैयार करने में समन्वय और यात्रियों को योजना का अधिकतम लाभ दिलाने के लिए अनुश्रवण एवं मार्गदर्शन करेगी।

बताया गया कि सात क्षेत्रीय सहायक कंपनियों की आय अर्जन के स्रोत निर्माण के लिए भी इस योजना में विशेष इंतजाम किए जाएंगे। नवीन योजना में सरकार अनुबंधित बसों को प्राथमिकता से परमिट देगी। इन बसों पर प्रभावी नियंत्रण सरकार का ही होगा। नवीन योजना में यात्रियों एवं बस ऑपरेटर्स के लिए ऐप और कंपनी की मॉनिटरिंग के लिए एक डैशबोर्ड भी होगा नवीन परिवहन सेवा के संचालन के लिए प्रदेश के सात बड़े संभागों में यात्री बसों की आवश्यकता और जरूरी संख्या के लिए सर्वे कराये जा रहे हैं। सर्वे के परिणाम जल्द ही प्राप्त हो जायेंगे। सर्वे के फीडबैक के आधार पर सरकार इस योजना के क्रियान्वयन की दिशा में आगे बढ़ेगी।

## मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने गुजरात के मुख्यमत्री का किया स्वागत

# गुजरात और मध्यप्रदेश के बीच परस्पर सहयोग की सुदृढ़ परम्परा : पटेल



**भोपाल, देशबन्धु।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने सोमवार की शाम स्टेट हैंगर भोपाल पर गुजरात के मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल और गुजरात के गृहमंत्री हर्ष संघवी के आगमन पर उनका पुष्प-गुच्छ और अंगवस्त्र से स्वागत किया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने गुजरात के मुख्यमंत्री श्री पटेल और गृह मंत्री श्री संघवी को राजा भोज की प्रतिमा भेंट की।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि नर्मदा मैया ने मध्यप्रदेश और गुजरात को समद्ध बनाने का कार्य किया है। मध्यप्रदेश में अनेक नगरों में बड़ी संख्या में गुजराती बंधु निवास करते हैं। गुजरात के साथ ही मध्यप्रदेश से भी अन्य देशों तक जाकर गुजराती समाज के उद्यमियों और प्रोफेशनल्स ने परिश्रम से स्थान बनाया है। गुजरात के मुख्यमंत्री श्री पटेल ने मुख्यमंत्री डॉ. यादव के स्वागत से भाव-विभोर होकर कहा कि उन्हें यहां आकर आत्मीयता का अहसास हुआ है। गुजरात और मध्यप्रदेश के बीच परस्पर सहयोग की सुदृढ़ परम्परा है। सदाकाल गुजरात-भोपाल के माध्यम से इन संबंधों में नया आयाम जुड़ रहा है। गुजरात के मुख्यमंत्री श्री पटेल सदाकाल गुजरात-भोपाल कार्यक्रम में हिस्सा लेने के लिए भोपाल पधारे हैं। गुजरात और मध्यप्रदेश के संबंधों में एक नया आयाम सदाकाल गुजरात कार्यक्रम के माध्यम से जुड़ रहा है। गुजरात से बाहर बसने वाले गुजरातियों के योगदान को सम्मानित करने के लिए सदाकाल गुजरात-भोपाल का कार्यक्रम किया गया। इसमें सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के साथ ही गुजराती व्यंजनों का उत्सव भी आयोजित किया गया है।

# राज्यपाल ने आचार्य बालकृष्णन से सिकल सेल के संबंध में की चर्चा



**भोपाल, देशबन्धु।** राज्यपाल मंगुभाई पटेल ने आयुर्वेद में सिकल सेल उपचार अनुसंधान प्रयासों में पतंजलि योगपीठ ट्रस्ट से सहयोग की अपेक्षा की है।

राज्यपाल श्री पटेल द्वारा पतंजलि योगपीठ ट्रस्ट के संस्थापक सचिव आचार्य बालकृष्ण से महर्षि पाणिनि संस्कृत एवं वैदिक विश्वविद्यालय, उज्जैन के दीक्षांत समारोह में चर्चा के दौरान इस विषय पर विचार विमर्श किया गया। राज्यपाल श्री पटेल ने आचार्य बालकृष्ण को राष्ट्रीय सिकल सेल मिशन के तहत किए जा रहे उपचार और पुनर्वास प्रयासों के बारे में भी बताया। उल्लेखनीय है कि पतंजलि योगपीठ ट्रस्ट के संस्थापक सचिव बालकृष्ण को महर्षि पाणिनि संस्कृत एवं वैदिक विश्वविद्यालय उज्जैन द्वारा मानद उपाधि से सम्मानित किया गया है।

# स्कूल चलें हम अभियान आज से, मुख्यमंत्री करेंगे शुभारंभ

**भोपाल, देशबन्धु।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव एक अप्रैल मंगलवार को शासकीय नवीन उच्चत्तर माध्यमिक विद्यालय अरेरा कॉलोनी (ओल्ड कैंपियन) में प्रात: 9 बजे स्कूल चलें हम अभियान - 2025 का शुभारंभ करेंगे। इस अवसर पर राज्य स्तरीय प्रवेशोत्सव कार्यक्रम भी होगा। कार्यक्रम में जनजातीय कार्य, लोक परिसम्पत्ति प्रबंधन, भोपाल गैस त्रासदी राहत एवं पुनर्वास मंत्री डॉ. कुंवर विजय शाह, स्कूल शिक्षा एवं परिवहन मंत्री उदय प्रताप सिंह और सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम मंत्री चैतन्य कुमार काश्यप भी मौजूद रहेंगे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव के स्कूल चलें हम अभियान कार्यक्रम के डिजिटल प्लेटफार्म पर लाइव प्रसारण की व्यवस्था भी की गई है।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव कार्यक्रम में नव प्रवेशी विद्यार्थियों का स्वागत करेंगे। इसके साथ ही राष्ट्रीय स्तर के विभिन्न खेलों के प्रतिभावान विद्यार्थियों का सम्मान होगा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव स्कूल शिक्षा विभाग के शिक्षा पोर्टल 3.0 का शुभारंभ करेंगे। प्रदेश में करीब 92 हजार सरकारी स्कूल हैं। इनमें प्रायमरी, मीडिल, हाई और हायर सेकण्डरी स्कूल हैं। इन स्कूलों में लगभग 85 लाख बच्चे अध्ययनरत हैं।

## भाजपा पदाधिकारियों और जिला अध्यक्षों की बैठक में बोले शिवप्रकाश

# एक देश, एक चुनाव और वक्फ विधेयक को लेकर जनता के बीच जाएं



**भोपाल, देशबन्धु।** भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय सह संगठन महामंत्री शिवप्रकाश ने कहा है कि भाजपा कार्यकर्ता अच्छे कामों के लिए समाज में जागरुकता लाने का कार्य करें। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी भारत को विकसित राष्ट्र बनाने के साथ समाज को सशक्त बनाकर उसे आगे ले जाने का कार्य कर रहे हैं।

उन्होंने कहा कि समाज के सामने कभी-कभी ऐसे विषय आ जाते हैं, जिसको लेकर समाज में कुछ लोग भ्रम उत्पन्न करने का प्रयास करते हैं। इसलिए आप सभी की यह जिम्मेदारी बनती है कि समाज को सही दिशा दें। इसके लिए आप सभी को समय-समय पर अलग-अलग विषयों को लेकर जागरूकता लाने का कार्य करना होगा। उन्होंने आज यहां पार्टी के प्रदेश पदाधिकारियों, जिला अध्यक्षों और पूर्व जिला अध्यक्षों की बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री श्री मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार द्वारा वन नेशन वन इलेक्शन का बिल हो या वक्फ का विधेयक, यह सभी जनता के और समाज के हितों को देखते हुए ही लाए जा रहे हैं। वरिष्ठ भाजपा नेता ने कहा कि कार्यकर्ता बैठकों में अपने आसपास, मोहल्ले, समाज और देश के मुद्दों पर चर्चा करें और जनता को भी वास्तविकता से अवगत कराएं, ताकि देश और समाज को तोड़ने वाले अपने मंसूबों में सफल न होने पाएं। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव, प्रदेश अध्यक्ष विष्णुदत्त शर्मा, प्रदेश प्रभारी डॉ. महेन्द्र सिंह, प्रदेश संगठन महामंत्री हितानंद शर्मा ने भी बैठक को संबोधित किया। बैठक का संचालन प्रदेश महामंत्री व सांसद सुश्री कविता पाटीदार एवं आभार प्रदेश महामंत्री व विधायक हरिशंकर खटीक ने व्यक्त किया।

## अंबेडकर जयंती पर संविधान की प्रस्तावना का पाठ करेंगे कार्यकर्ता: शर्मा

प्रदेश भाजपा अध्यक्ष विष्णुदत्त शर्मा ने बैठक में बताया कि पार्टी 14 अप्रैल को भारत रत्न, संविधान निर्माता बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती के अवसर पर प्रदेश के सभी जिलों में बाबा साहब की मूर्तियों पर माल्यार्पण, मिष्ठान वितरण कर जयंती मनाई जाएगी। साथ ही पार्टी कार्यकर्ता प्रदेशभर में संविधान की प्रस्तावना का सामूहिक पाठ करेंगे। आंगनबाड़ी केंद्रों और अनुसूचित जाति बस्तियों के स्कूलों में पेयजल की सुविधा उपलब्ध कराने के साथ परिसर की सफाई, सामुदायिक सुविधाओं का रखरखाव का सेवा कार्य किया जाएगा। 15 अप्रैल से 25 अप्रैल के बीच समाज के विभिन्न वर्गों के नेताओं के साथ जिला स्तरीय संगोष्ठी आयोजित की जाएगी। संगोष्ठी में बाबा साहब के जीवन के विभिन्न पड़ावों पर चर्चा की जाएगी। प्रदेश अध्यक्ष ने बताया कि पार्टी के स्थापना दिवस पर 6 अप्रैल को प्रदेश के सभी 65 हजार 14 बूथों पर प्राथमिक सदस्यों का सम्मेलन आयोजित किया जायेगा। इसी दिन पार्टी के सभी कार्यकर्ता अपने-अपने घरों में झंडा लगाएंगे। कार्यक्रमों में मिष्ठान वितरण कर स्थापना दिवस का उत्सव बनाया जाएगा। 7 से 12 अप्रैल तक गांव चलो, बस्ती चलो अभियान चलाया जाएगा, जिसमें सभी कार्यकर्ता तीन दिन तक प्रतिदिन आठ घंटे गांव व बस्ती में सेवा कार्यों में सहभागिता करेंगे। 8 और 9 अप्रैल को सभी मंडल स्तर पर पार्टी के सक्रिय सदस्यों का सम्मेलन आयोजित किया जाएगा।

## जिला स्तर पर विकास समितियां बनेंगी, सुझावों पर अमल करेगी सरकार : डॉ. यादव

बैठक को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने पार्टी कार्यकर्ताओं से विकास योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाने का आव्हान किया। उन्होंने बताया कि प्रदेश के प्रत्येक जिले में विकास समितियों का गठन किया जाएगा। जो विकास को लेकर अपने सुझाव और अनुशंसा देंगी। प्रदेश सरकार ने 30 मार्च से अगले तीन महीनों के लिए जल गंगा संरक्षण अभियान शुरू किया है। इस अभियान के अंतर्गत जल स्त्रोतों की सफाई, उनका जीर्णोद्धार किया जाएगा। इसके अलावा वाटर रिचार्ज के काम भी किए जाएंगे। पार्टी कार्यकर्ता इन कार्यक्रमों में भाग लें। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार ने विकास की अनेक योजनाएं लागू की हैं, पार्टी कार्यकर्ता विकास के इस संदेश को जन-जन तक पहुंचाएं।

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि मध्यप्रदेश जब 1956 में बना था तब गेंहू की खरीदी 96 रुपये प्रति क्विंटल की दर से होती थी। उसके बाद 55 सालों तक प्रदेश में कांग्रेस की सरकारें रहीं, लेकिन गेहूं की कीमत में सिर्फ 500 रुपये की वृद्धि हुई। वर्ष 2003 के बाद के 20 सालों में भाजपा की सरकार ने गेहूं की कीमत में 2000 रुपये प्रति क्विंटल की वृद्धि की है। कांग्रेस के जमाने में प्रति व्यक्ति आय 11,000 रुपये हुआ करती थी, जिसे भाजपा की सरकार ने 1,52,000 रुपये तक पहुंचाया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विकसित भारत के संकल्प की पूर्ति में योगदान के लिए मध्यप्रदेश ने भी अपना लक्ष्य तय किया है और हम उस समय तक प्रदेश की प्रति व्यक्ति आय 22,50,000 रुपये तक पहुंचा देंगे। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार गेहूं की तरह दूध उत्पादन पर भी बोनस दे रही है। गौशालाओं में प्रति गौवंश सरकारी अनुदान 20 से बढ़ाकर 40 रुपये कर दिया गया है तथा जो व्यक्ति 10 से अधिक गाय पालेगा, उसे सरकारी अनुदान एवं अन्य सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएंगी।

## 90 दिन चलेगा जल गंगा संवर्धन अभियान, प्रतिदिन लोकार्पित की जाएंगी जल संरचनाएं

# जल संरक्षण आज की महती आवश्यकता



**भोपाल, देशबन्धु।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि लोकतंत्र में जनता ही सरकार की सबसे बड़ी ताकत है। जनता को साथ लेकर प्रदेश के चहुँमुखी विकास की ओर हम आगे बढ़ रहे हैं। वित्तीय वर्ष 2025-26 के बजट निर्माण में भी प्रदेश की जनता को जोड़ते हुए उनसे सुझाव आमंत्रित किये गये। प्रदेश में सभी प्रमुख त्यौहार भी प्रदेशवासियों को साथ लेकर मनाने की शुरूआत की गई है। अब 30 मार्च से प्रारंभ हुए राज्य स्तरीय जल गंगा संवर्धन अभियान में भी जन-भागीदारी को प्राथमिकता के साथ जोड़ा गया है। जल संकट को दूर करने बारिश के जल को अधिक से अधिक संग्रहण करने 30 मार्च से प्रांत व्यापी जल गंगा संवर्धन अभियान की शुरूआत की गई है। यह अभियान 30 जून तक निरंतर जारी रहेगा।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि जल गंगा संवर्धन अभियान का राज्य स्तरीय शुभारंभ महाकाल की नगरी उज्जैन में क्षिप्रा नदी के तट से किया गया। इसमें राज्यपाल श्री मंगुभाई पटेल और केन्द्रीय विधि एवं न्याय राज्य मंत्री डॉ. अर्जुनराम मेघवाल भी शामिल हुए। मुख्यमंत्री यादव ने कहा कि प्रदेश में वर्षा जल की बूंद-बूंद बचाने का जल गंगा संवर्धन महा अभियान ग्रीष्म ऋतु में 30 जून तक 90 दिन से अधिक समय तक लगातार चलेगा। इस दौरान प्रति दिन छोटी-बड़ी जल संरचनाएं निर्मित कर लोकार्पित की जाएंगी। जल संरक्षण के इस अभियान से प्रदेश के भू-जल स्तर में सुधार आएगा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने नागरिकों से मानवता ही नहीं समूची प्रकृति का जीवन अस्तित्व बचाए रखने के लिए पानी की बूंद-बूंद बचाने का आह्वान किया है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार जन, जल, जंगल, जमीन और वन्य प्राणियों के संरक्षण के लिए संकल्पित है।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा है कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी का जल संरक्षण अभियान देशभर में एक व्यापक जन-आंदोलन बन चुका है। राज्य सरकार भी खेत का पानी खेत में-गांव का पानी गांव में के सिद्धांत पर जल संरक्षण की दिशा में अभियान चला रही है। उन्होंने कहा कि जल गंगा संवर्धन अभियान में जल संरक्षण को प्रोत्साहित करने के लिए वर्षा जल संचयन, जल स्रोतों का पुनर्जीवन और जल संरक्षण तकनीकों को अपनाने पर विशेष जोर दिया जा रहा है। प्रदेश सरकार का यह अभियान जल संरक्षण के प्रति जागरूकता बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। उन्होंने सभी संबंधित विभागों को निर्देश दिए हैं कि वे जल संरक्षण से जुड़ी योजनाओं को प्राथमिकता देकर अधिक से अधिक लोगों को अभियान से जोड़ें।

## अधिकारियों की कमी से कार्य हो रहा है प्रभावित

# प्रशासनिक पदों के लिए 1366 आईएएस अधिकारियों की कमी

- संसदीय समिति ने पदों को जल्द भरने की बताई जरूरत
- चन्द्रमौली समिति की रिपोर्ट को लागू करने की सिफारिश

**नई दिल्ली, एजेंसी।** संसद की एक समिति ने कहा है कि देश में इस समय भारतीय प्रशासनिक सेवा (आईएएस) के पदों की जरूरत के हिसाब से 1316 आईएएस अधिकारियों की कमी है जिससे विभिन्न स्तरों पर प्रशासनिक कार्य और शासन प्रभावित हो रहा है। राज्य सभा सदस्य बृज लाल की अध्यक्षता वाली लोक शिकायत , विधि और न्याय विभाग से संबंधी संसदीय समिति ने मंत्रालय की 2025-26 की अनुदान मांगों पर राज्य सभा में पिछले दिनों प्रस्तुत अपने प्रतिवेदन में कहा है, 'इन रिक्त पदों को भरने की तत्काल आवश्यकता को देखते हुए भर्ती प्रक्रिया में तेजी लाने और लोक प्रशासन की बढ़ती मांगों को पूरा करने के लिए त्वरित कार्रवाई की आवश्यकता है। समित ने इस संदर्भ में सरकार से आईएएस अधिकारियों की भर्ती के विषय में चन्द्रमौली समिति की रिपोर्ट का अध्ययन कराने तथा उसे जल्द से जल्द लागू कराने की सिफारिश की है।

समिति ने आईएएस कोटे में रिक्तियों का समय से निर्धरण सुनिश्चित करने के लिए कार्मिक एवं प्रशिक्षण विभाग को राज्यो के लिए एक आनलाइन ट्रैकिंग और प्रस्तुतीकरण पोर्टल शुरू करने का सुझाव दिया है। इससे राज्य सरकारे अपने प्रस्तावों को आन लाइन प्रस्तुत करने के साथ-साथ उस पर प्रगति की मॉनिटरिंग कर सकेंगी और अनुस्मारक प्रस्तुत कर सकेंगी। समिति का यह भी कहना है कि विभाग को विलंबित प्रस्तुतियों के लिए दंड प्रणाली भी रखनी चाहिए। उदाहरण के लिए समिति का कहना है कि जो राज्य लगातार समय सीमा को पूरा न करें उन राज्यों से प्रोन्नति कोटा के लिए विचार न किया जाए। समिति ने यह भी कहा है कि आरक्षित श्रेणी की रिक्तियों के लिए आंकड़ों का संग्रह और भर्ती प्रक्रियाओ के समय पर और प्रभावी कार्यान्वयन की निगरानी करने के लिए विभाग को एक केंद्रीय निगरानी एवं समन्वय समिति स्थापित करनी चाहिए। समिति ने यह भी कहा है कि सभी आईएसएस अधिकारियों की ओर से उनकी अचल संपत्तियों के विवरण (आईपीआर) का दखिला समय पर सुनिश्चित कराने के लिए एक केन्द्रीय निगरानी एवं अनुपालन तंत्र स्थापित किया जाए।

### अनुकूल स्थानों पर वर्षों से जमे पड़े अधिकारी

समिति ने पाया है कि इन सेवाओं के कई अधिकारी ऐसे हैं जो आर्थिक और संवेदनशील सूची में वर्गीकृत विभागों और मंत्रालयों में अनुकूल स्थानों पर आठ-आठ, नौ-नौ वर्ष से अधिक समय से जमे पड़े हैं जबकि इसी अवधि में इस दौरान उनके चार-चार, पांच-पांच संगठन प्रमुखों के तबादले हो चुके हैं। समिति ने कहा है,''इस प्रवृत्ति का आकलन किया जाना चाहिए। किसी विशेष सीट/स्थान पर लंबे समय तक रहने से भ्रष्टाचार बढ़ता है।

# नीतीश सिर्फ मुखौटा, सरकार कुछ अधिकारी चला रहे : प्रशांत

**किशनगंज, एजेंसी।** बिहार में सोमवार को ईद धूमधाम से मनाई जा रही है। विभिन्न स्थानों पर बड़ी संख्या में लोग ईद की नमाज अदा करने पहुंचे। इधर, जनसुराज के सूत्रधार प्रशांत किशोर सोमवार को बिहार के किशनगंज में अंजुमन इस्लामिया ईद मिलन कार्यक्रम में शामिल हुए। उन्होंने कदम रसूल स्थित मदरसा अमजदिया ईदगाह में चादरपोशी की और ईद पर समाज में शांति, सद्भाव और एकता तथा लोगों के जीवन में खुशहाली की दुआ मांगी। ईद मिलन कार्यक्रम के बाद प्रशांत किशोर ने मीडिया से बात करते हुए कहा कि पिछले कुछ सालों में नीतीश सरकार का इकबाल खत्म हो गया है। नीतीश कुमार शारीरिक रूप से थके हुए और मानसिक रूप से अस्वस्थ हैं। नीतीश कुमार खुद सरकार चलाने की स्थिति में नहीं हैं, बल्कि भाजपा ने उन्हें 13 करोड़ लोगों के ऊपर बैठा रखा है। प्रशांत किशोर ने कहा कि नीतीश कुमार सिर्फ मुखौटा हैं, जबकि दिल्ली में बैठी सरकार और उनके अधीन कुछ अधिकारी सरकार चला रहे हैं। उन्होंने कहा कि सरकार अमित शाह और उनके अधिकारियों द्वारा चला रही है।




पत्रकार प्रकाशन प्रा.लि. के लिए गिरिराज चाचा द्वारा श्री सिद्धि विनायक प्रिंटर्स, प्लाट नं. 26 बी देशबन्धु परिसर, प्रेस कॉम्पलेक्स, जोन-1, एम.पी. नगर, भोपाल म.प्र. 462011 से मुद्रित एवं प्रकाशित, संपादक: **पलाश सुरजन,** कार्यकारी संपादक: **ज़ाकिर अली*** फोन 0755-4222971, ई-मेल deshbandhubpl1@yahoo.co.in प्रेस पंजीयन-प.स. 45096/85 * समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के तहत जिम्मेदार।